www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:10 सूर्यास्त 5:29

आज का तापमान

| शहर | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| शिमला | 11.00 | 18.00 |
| धर्मशाला | 8.02 | 20.00 |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 71106.00 |
| निफ्टी | 21349.00 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



धर्मशाला | शनिवार, 23 दिसंबर, 2023 | 8 पौष, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 5 | कुल पृष्ठ 16 | मूल्य : 5 रुपए

बिग बॉस : ईशा मालविया बनीं नई हाउस कैप्टन...पेज 16

## न्यूज शॉर्ट्स

### डीएलएड, टेट परीक्षाओं का शेड्यूल हुआ जारी

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला ने वर्ष 2024 में आयोजित की जाने वाली डीएलएड, टेट परीक्षाओं के लिए तिथियां निर्धारित कर दी हैं। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने दी। परीक्षाएं आठ जून, 2024 से शुरू होकर 26 नवंबर, 2024 तक चलेंगी। परीक्षाओं का शेड्यूल बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.hpbose.org पर देख सकते हैं।

### इमरान और कुरैशी को सिफर मामले में मिली जमानत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान एवं पार्टी उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी को सिफर मामले में जमानत दे दी। दोनों को 10-10 लाख रुपए के मुचलके पर जमानत को मंजूरी दी गई है।

### नए साल से पहले कॉमर्शियल सिलेंडर 39 रुपए हुए सस्ते

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 19 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर के दाम में कटौती कर दी है। इस कटौती के बाद 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में 39 रुपए की कमी आ गई है। हालांकि, सरकार के इस कदम से गृहणियों को कोई राहत नहीं मिली है, क्योंकि घर में इस्तेमाल होने वाले 14 किलोग्राम वजन वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## टॉप स्टोरीज

प्रदेश में भौगोलिक स्थिति के अनुरूप बनेंगी ई-बसें ...पेज 2

पूर्व भाजपा सरकार ने बेचे हिमाचल के हित : सीएम सुक्खू ...पेज 3

सांसदों के निलंबन के विरोध में जंतर-मंतर पर विपक्ष का प्रदर्शन ...पेज 16

एजेंसी लेने एवं अनंत ज्ञान की प्रति न मिलने पर

निम्न नंबरों पर संपर्क करें :

मंडी-कुल्लू : 88949-01670

कांगड़ा-चंबा : 98166-45634, 98052-49634



ऊना-हमीरपुर-बिलासपुर : 82192-07770

मुख्य कार्यालय

98162-32526, 98160-10065

# अयोध्या में श्रीराम मंदिर तैयार, रामलला के दर्शन को एक माह का इंतजार

अनंत ज्ञान विशेष

**अयोध्या** में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर तैयार है। मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के लिए तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। सात हजार विशेष मेहमान और चार हजार संतों की मौजूदगी में पौष शुक्ल पक्ष द्वादशी यानी 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा होगी। विश्व के 50 देशों और सभी राज्यों से 20 हजार अतिथि बुलाए हैं।




समारोह के लिए 20 दिसंबर से अक्षत वितरण अभियान शुरू हो गया है। न्योते के लिए विश्व हिंदू परिषद ने आमंत्रण गीत भी तैयार किया है :-

'रघुवरजी के अवधपुरी में प्राण प्रतिष्ठा होनी है, निमंत्रण को स्वीकार करो अब सबको अयोध्या चलना है। जय बजरंगी, जय हनुमान। वंदे मातरम:, जय श्रीराम। श्रीराम जय राम जय जय राम। वंदे मातरम :, जय श्री राम।'

इस गीत में राम मंदिर के लिए दिए गए बलिदान और संघर्ष की बातें भी कही गईं हैं।


**7000** विशेष मेहमान पहुंचेंगे

**4000** संत बनेंगे साक्षी

▶ 22 जनवरी को होगी रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा

**50** देशों और सभी राज्यों से करीब 20 हजार अतिथि पहुंचेंगे

**20** दिसंबर से प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए अक्षत वितरण अभियान शुरू



### 25 जनवरी के बाद लोगों को अयोध्या आने की सलाह

विहिप कार्यकर्ता अक्षत वितरण के साथ लोगों को रामलला के दर्शन का न्योता भी देंगे, मगर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 25 जनवरी के बाद लोगों को अयोध्या आने की सलाह दी है। इससे पहले सात किलो चांदी और एक किलो सोने से बनी प्रभु की चरण पादुकाएं 19 जनवरी को अयोध्या पहुंच जाएगी।

### संवर रही अयोध्या

आज से ठीक एक महीने बाद अयोध्या के राम मंदिर में रामलला विराजेंगे। अयोध्या को संवारने का काम तेजी से चल रहा है। सड़कें, चौराहे, राम की पैड़ी से लेकर सरयू के घाटों तक, हर कोना सजाया जा रहा है।

**95%** इंटरनेशनल एयरपोर्ट का काम मुकम्मल और रेलवे स्टेशन भी मंदिर के लुक में तैयार हो रहा।

**1000** ट्रेनें दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, पुणे, कोलकाता, नागपुर, लखनऊ, जम्मू समेत देश के कई इलाकों से अयोध्या के लिए चलेंगी।

**5** लाख के करीब लोग आएंगे अयोध्या। लोगों ने घरों में ही खोल लिए होटल। मंदिर के आसपास की दुकानों पर बिक्री 60 प्रतिशत बढ़ी।

### 22 जनवरी को पीएम 11 बजे पहुंचेंगे

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मुख्य यजमान होंगे। पीएम मोदी 22 जनवरी 2024 को 11 बजे राम मंदिर परिसर में एंट्री करेंगे और 12 बजे पूजा के लिए बैठेंगे। उससे पहले, 30 दिसंबर को भी पीएम नरेंद्र मोदी अयोध्या पहुंच रहे हैं। पीएम दो घंटे अयोध्या में रहेंगे। वह यहां तीन हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स के शिलान्यास और लोकार्पण के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम एयरपोर्ट और अयोध्या रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे।

### उतरा पहला एयरक्राफ्ट

अयोध्या में श्रीराम एयरपोर्ट पर एयरफोर्स के एयरक्राफ्ट की शुक्रवार को पहली बार लैंडिंग कराकर ट्रायल किया गया। यहां 2200 मीटर के रन-वे पर एयरफोर्स के एयरक्राफ्ट की लैंडिंग हुई। सिविल एविएशन के अधिकारी इस एयरक्राफ्ट से अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचे।

### प्रतिष्ठा के दिन के कार्यक्रम

**3** घंटे तक पूजा होगी। पूरे देश की पवित्र नदियों और कुंडों से लाए जल से रामलला का अभिषेक होगा। अभिजीत मुहूर्त में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पूरी हो जाएगी।

15 से 24 जनवरी के बीच कार्यक्रम के तहत पूजा-पाठ के विशेष अनुष्ठान होंगे।

20 जनवरी से 23 जनवरी तक भक्तों को रामलला के दर्शन नहीं हो पाएंगे।

इन तीन दिनों में सिर्फ आमंत्रण पास वाले लोगों को मंदिर में एंट्री मिलेगी।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने प्रोटोकॉल वाले भक्तों को अयोध्या नहीं आने की अपील की है।

# बेरोजगारी और फर्जी डिग्री पर हंगामा

## विधानसभा में सत्तापक्ष और विपक्ष में तीखी नोक-झोंक, मुख्यमंत्री की टिप्पणी पर बिफरा विपक्ष

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**हिमाचल** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन बेरोजगारी और फर्जी डिग्री के मुद्दे पर तपोवन खूब तपा। शुक्रवार को सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोक-झोंक हुई। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की फेक डिग्री को लेकर की गई एक टिप्पणी और भाजपा विधायकों पर कसे गए तंज से सदन का माहौल गरमा गया। विपक्ष ने बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार की घेराबंदी की कोशिश की। सदन के नेता व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बेरोजगारी के लिए पिछली भाजपा सरकार की कारगुजारी को जिम्मेदार ठहराया।

मुख्यमंत्री जब अपनी सरकार के कार्यकाल में दिए जा रहे रोजगार के आंकड़ों को सदन में रख रहे थे, तब विपक्षी सदस्य अपनी सीटों पर खड़े होकर नारेबाजी करने लग गए और उन्होंने सदन से वॉकआउट कर दिया। इस हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने दोनों पक्षों को शांत करने की भरपूर कोशिश की। विधानसभा अध्यक्ष की कोशिशों के बाद विपक्ष शांत नहीं हुआ और नारेबाजी करता रहा।

### शीतकालीन सत्र
### नौकरियों पर तपा तपोवन

▶ सीएम सुक्खू ने बेरोजगारी के लिए पिछली भाजपा सरकार की कारगुजारी को ठहराया जिम्मेदार



आमने-सामने आई कांग्रेस-भाजपा

### एक साल से लटकी हैं भर्तियां



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले पांच लाख युवाओं को रोजगार देने का दावा किया था, लेकिन पिछले एक साल से भर्तियां लटकी हुई हैं। बेरोजगार दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं और उन्हें डिग्रियों को जलाने की नौबत आ गई है। सरकार से खाली पदों को भरने की लगातार मांग की जा रही है, लेकिन वो इस पर कतई भी गंभीर नहीं है। कांग्रेस ने चुनाव से पहले एक लाख युवाओं को एक साल में नौकरी देने की गारंटी दी थी। प्रदेश में 10 लाख से अधिक बेरोजगार है।

### नौटंकी कर रही भाजपा

कांग्रेस के विधायकों ने गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों और 15 लाख देने के वादों को लेकर भाजपा पर जवाबी हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायक नौटंकी कर रहे हैं। भाजपा केंद्र सरकार से हिमाचल को मदद दिलाने का कोई प्रयास नहीं कर रही। मोदी सरकार ने वर्ष 2014 में काले धन की वापसी पर 15-15 लाख देने का दावा किया था, जो अभी तक किसी को नहीं मिला है।

### तीखी नोक-झोंक और फिर वॉकआउट

**विपक्ष ने जलाईं डिग्रियां :** भाजपा विधायकों ने सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विधानसभा परिसर में प्रदर्शन किया। बेरोजगारों के मुद्दे पर किए प्रदर्शन के दौरान विपक्ष के सदस्यों ने सांकेतिक तौर पर डिग्रियां परिसर में जलाईं।

**सीएम बोले-जलाईं डिग्रियां फेक :** प्रश्नकाल समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री सुक्खू ने सदन में कहा कि जलाई डिग्री फेक हैं, क्योंकि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के छात्र नहीं रहे हैं। इस डिग्री में कुलपति के भी हस्ताक्षर नहीं है। यह विश्वविद्यालय की गरिमा गिराने का सवाल है।

**महिला वेष में प्रदर्शन का जताया अंदेशा:** मुख्यमंत्री ने अंदेशा जताया कि भाजपा विधायक शनिवार को महिला वेष में परिसर में पहुंचकर आंदोलन कर सकते हैं। सदन के नेता के इस तंज पर विपक्ष बिफर उठा और उसके तमाम सदस्यों ने सदन में नारेबाजी शुरू कर दी।

**गारंटियां याद दिलाना मकसद:** इस पर वरिष्ठ भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि आंदोलन सांकेतिक होते हैं। भाजपा ने कांग्रेस की गारंटियों को लेकर विधानसभा परिसर में सांकेतिक आंदोलन किए हैं। इसका मकसद सरकार को उसकी गारंटियां याद दिलाना है।

**विपिन रहे एचपीयू के स्टूडेंट:** सीएम ने कहा कि विपिन परमार हिमाचल विश्वविद्यालय के छात्र रहे हैं, लेकिन जयराम ठाकुर नहीं। यूं भी सरकार ने पूर्व भाजपा सरकार के मुकाबले अधिक पदों को भरना शुरू किया है। इस पर भाजपा विधायकों ने एक मर्तबा फिर सदन में नारेबाजी शुरू की। हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष ने दोपहर के भोजन के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी।

**महिलाओं का किया अपमान:** दोपहर के भोजन के बाद सदन में एक मात्र महिला सदस्य रीना कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री का साड़ियां और चूड़ियां पहन कर आने वाला वक्तव्य महिलाओं का अपमान है। इस बयान से महिलाओं को ठेस पहुंची है। मुख्यमंत्री को अपने इस वक्तव्य के लिए माफी मांगनी चाहिए। इस पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने व्यवस्था दी कि किसी भी अवांछनीय टिप्पणी को वह सदन की कार्यवाही से हटा देंगे।

## मानव भारती विवि के अकाउंट ऑफिसर पर 10 लाख रुपए की धोखाधड़ी का आरोप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

फर्जी डिग्री बेचने के मामलों में चर्चा में चल रहे सुल्तानपुर में स्थित मानव भारती यूनिवर्सिटी के अकाउंट ऑफिसर पर दस लाख के गबन का आरोप लगा है। धर्मपुर पुलिस थाने में इस मामले को लेकर मुकद्दमा दर्ज किया गया है। सोलन के एसपी गौरव सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस प्रकरण की जांच कर रही है। इस बीच खबर यह भी है कि आरोपी अकाउंट ऑफिसर ने अदालत से अग्रिम जमानत भी ले ली है।

▶ सोलन के धर्मपुर थाने में मुकद्दमा दर्ज, जांच शुरू

जानकारी के अनुसार, इस गबन के मामले का खुलासा सीए की ऑडिट के दौरान हुआ। दरअसल, फर्जी डिग्री देने के मामले में 2020 में मानव भारती यूनिवर्सिटी पर कानून का शिकंजा कसने के साथ ही यहां एडमिनिस्ट्रेटर की नियुक्ति की गई थी, जिसमें असिस्टेंट अकाउंट ऑफिसर को अकाउंट ऑफिसर का चार्ज दिया गया था। अब इसी अकाउंट ऑफिसर पर वर्ष 2020 से 2021 के दौरान दस लाख की धोखाधड़ी का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि सीए की ऑडिट रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ था। अब धर्मपुर पुलिस थाने में मामले की शिकायत की गई है। सोलन के एसपी गौरव सिंह ने बताया कि इस मामले में तहरीर के आधार पर मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। दूसरी ओर जानकारी मिली है कि मामले का खुलासा होने के बाद आरोपी अकाउंट ऑफिसर ने अदालत में आत्मसमर्पण करने के बाद अग्रिम जमानत भी ले ली है।

# सहकारी बैंक के 150 करोड़ घोटाले में कांग्रेस विधायक सुनील केदार दोषी

## चार और को ठहराया दोषी, साक्ष्य के अभाव में तीन किए बरी

एजेंसी, नागपुर

**नागपुर** जिला केंद्रीय सहकारी बैंक (एनडीसीसीबी) के 150 करोड़ रुपए के घोटाले में कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री सुनील केदार और चार अन्य को दोषी ठहराया है। कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में तीन लोगों को बरी कर दिया है।

पिछले 20 साल से अदालत में चल रहा यह पूरा घोटाला 152 करोड़ का था। साल 2002 में घोटाला सामने आया था। तब सुनील केदार बैंक के चेयरमैन थे।

### सजा पर फैसला आना बाकी



अदालत ने तत्कालीन बैंक अध्यक्ष सुनील केदार, मुख्य बांड दलाल केतन शेठ, तत्कालीन बैंक प्रबंधक अशोक चौधरी और तीन अन्य बांड एजेंट्स को दोषी ठहराया है। श्रीप्रकाश पोद्दार, सुरेश पेशकर और महेंद्र अग्रवाल को निर्दोष करार दिया है। सजा पर फैसला आना बाकी है। उस वक्त मुंबई, कोलकाता और अहमदाबाद की कुछ कंपनियों ने बैंक फंड से 125 करोड़ के सरकारी बॉन्ड खरीदे थे। सीआईडी के तत्कालीन उपाधीक्षक किशोर बेले जांच अधिकारी थे। 22 नवंबर, 2002 को अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था।

## फ्रांस के राष्ट्रपति होंगे गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन 26 जनवरी, 2024 को गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि होंगे। पहले अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के मुख्य अतिथि बनाए जाने की बात सामने आई थी। भारत सरकार ने बाइडेन को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने की कोशिश की थी, लेकिन उन्होंने कहा था कि वह जनवरी में नई दिल्ली की यात्रा नहीं कर पाएंगे।



## नहीं रहे 'अमृता के लिए नज्म जारी है' लिखने वाले इमरोज

एजेंसी, मुंबई



'अमृता के लिए नज्म जारी है' लिखने वाले प्रसिद्ध कवि और चित्रकार इमरोज का मुंबई में निधन हो गया। वह 97 साल के थे। 26 जनवरी, 1926 को अविभाजित भारत के लाहौर के एक गांव में जन्मे इमरोज पिछले कुछ समय से बीमार थे। शुक्रवार साढ़े पांच बजे मुंबई में अपने घर पर उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार दोपहर बाद परिजनों की मौजूदगी में किया गया।

### अमृता से करते थे मोहब्बत


इंद्रजीत सिंह इमरोज मशहूर लेखिका अमृता प्रीतम के साथ अपने संबंधों को लेकर चर्चा में आए थे। दोनों ने कभी अपने रिश्ते को दुनियावी नाम नहीं दिया, लेकिन चालीस साल साथ रहे। इमरोज, अमृता से इतनी मोहब्बत थी कि उनके लिए 2008 में 'अमृता के लिए नज्म जारी है' नाम की किताब लिखी थी।

## रेसलर बजरंग पूनिया ने लौटाया पद्मश्री पीएम के घर के बाहर फुटपाथ पर रखा

एजेंसी, नई दिल्ली

रेसलर बजरंग पूनिया ने पद्मश्री अवॉर्ड वापस लौटा दिया है। पूनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सोशल मीडिया के जरिए चिट्ठी पीएम को भेजी एक चिट्ठी में भारतीय कुश्ती संघ पर बृजभूषण के करीबी संजय सिंह की जीत का विरोध जताया है। वह बजरंग अवॉर्ड लौटाने प्रधानमंत्री आवास पर गए थे, लेकिन अंदर जाने की परमिशन नहीं मिली, तो उन्होंने अवॉर्ड वहीं फुटपाथ पर रख दिया। पूनिया को 12 मार्च, 2019 को तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया था।

▶ संघ पर बृजभूषण के करीबी संजय सिंह की जीत का जताया विरोध




**अब इस सम्मान के बोझ तले नहीं जी सकते :** बजरंग ने खुद को 'असम्मानित पहलवान' बताते हुए कहा कि महिला पहलवानों के अपमान के बाद वे ऐसी सम्मानित जिंदगी नहीं जी पाएंगे, इसलिए अपना सम्मान लौटा रहे हैं। अब वह इस सम्मान के बोझ तले नहीं जी सकते।

**वायरस** देश में 640 नए संक्रमित, अकेले केरल में 265, हिमाचल के बड़े अस्पताल आईजीएमसी में भी प्रशासन ने जारी किया अलर्ट

# आईजीएमसी में ऑपरेशन से पहले होगा कोरोना टेस्ट

रविंद्र जस्टा, शिमला

**कोरोना** फिर लोगों को डराने लगा है। कोरोना के नए सब वेरिएंट जेएन-1 ने डब्ल्यूएचओ के माथे पर भी चिंता की लकीरें खींच दी हैं, वहीं देश के केरल राज्य में 24 घंटे में 265 नए मामले पाए गए हैं और केरल के ही एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की जानकारी के मुताबिक, देशभर में कुल 640 मामले कोरोना के पाए गए हैं। देश में एक्टिव मामलों की संख्या 2997 हो गई है। वहीं, हिमाचल की राजधानी में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। नए वेरिएंट को लेकर आईजीएमसी प्रशासन अलर्ट हो गया है। आईजीएमसी प्रशासन ने कोरोना के टेस्ट लेने शुरू कर दिए हैं। ऑपरेशन से पहले मरीजों के लिए कोरोना टेस्ट जरूरी कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

▶ तीमारदारों व मरीजों को एहतियात बरतने के निर्देश

▶ लक्षण दिखाई देने पर लोगों को करवाने होंगे कोरोना के टेस्ट



आईजीएमसी में इलाज करवाने पहुंचे मरीज एवं तीमारदार।

### आईजीएमसी अस्पताल में कोरोना के टेस्ट हो रहे

**प्रशासन** कोरोना को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतना चाहता है। ऐसे में निर्णय यह लिया है कि ऑपरेशन से पहले मरीज का कोरोना टेस्ट होगा। उत्तर भारत के यूपी में कुछ मामले सामने आए हैं, लेकिन अब तक पंजाब, हरियाणा, हिमाचल में नए वेरिएंट का कोई नया मामला सामने नहीं आया है। हिमाचल प्रदेश में भी स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है और सूबे के सबसे बड़े अस्पताल और मेडिकल कॉलेज आईजीएमसी में तैयारियां हो गई हैं। अब शिमला के आईजीएमसी अस्पताल में कोरोना के टेस्ट हो रहे हैं।

### भीड़ न जुटाने के निर्देश जारी

**प्रशासन** ने अस्पताल आने वाले मरीजों व तीमारदारों को भी निर्देश दिए है कि ज्यादा भीड़ न जुटाए और सावधानी बरतें। अस्पताल में कोरोना से निपटने के लिए पूरे साधन है। किसी भी मरीज को लक्षण दिखाई दे, तो वह अपना कोरोना का टेस्ट जरूर करवाएं। इन दिनों अस्पताल में तीन से चार हजार मरीजों की ओपीडी रहती है। ऐसे में इतनी भीड़ के बीच कोरोना फैलने का भी डर लगा रहता है।

### वेरिएंट जेएन-1 के लक्षण

यह बीए.2.86 वर्जन का वंशज है। यह पूरी तरह से नया नहीं है, विश्व स्तर पर इसका पहला मामला इस साल जनवरी की शुरुआत में पाया गया था। तब से यह अमेरिका, कुछ यूरोपीय देशों, सिंगापुर, चीन और अब भारत में देखने को मिल रहा है। जेएन.वन के लक्षणों में बुखार, नाक बहना, गले में खराश, सिरदर्द कुछ मामलों में गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं शामिल हैं। कुछ रोगियों को सांस लेने में कठिनाई का भी अनुभव हो सकता है। लक्षण आमतौर पर 4-5 दिनों के भीतर सुधार हो जाते हैं।

केंद्र सरकार से पत्र मिलने के बाद तैयारियां पूरी कर ली हैं। आईजीएमसी में मेकशिफ्ट अस्पताल तैयार है और ऑक्सीजन सहित सारे बंदोबस्त किए हैं। अब तक कोरोना के नए वेरिएंट का मामला सामने नहीं आया है, लेकिन लोगों को कोरोना से बचने के लिए जो नियम कायदे हैं, उनका पालन करना चाहिए।

**- डॉक्टर राहुल राव, एमएस आईजीएमसी।**

बुजुर्गों के लिए कोरोना का नया वेरिएंट जेएन-1 ज्यादा घातक हो सकता है। पहले से बीमार लोगों को ज्यादा ध्यान रखना होगा। इम्यूनिटी स्ट्रांग न होने वाले लोगों को सतर्क रहना होगा। अस्पताल में दवाइयां उपलब्ध हैं। दूसरे वेरिएंट के मुकाबले नया वेरियंट कम खतरनाक है।

**-डॉ. बलबीर वर्मा, एचओडी मेडिसन आईजीएमसी।**

## पुंछ में हेलिकॉप्टर और ड्रोन से निगरानी 30 आतंकियों के छिपे होने की आशंका

एजेंसी, नई दिल्ली

जम्मू के पुंछ इलाके में वीरवार को हुए आतंकी हमले में चार जवान शहीद हो गए। उसके बाद इस इलाके की हेलिकॉप्टर और ड्रोन से निगरानी की जा रही है। इलाके के वन क्षेत्रों में करीब 25-30 पाकिस्तानी आतंकवादियों के छिपे होने की आशंका है।

खुफिया इनपुट में कहा गया है कि ये आतंकवादी जंगल युद्ध में उच्च प्रशिक्षित हैं और डिजिटल निशानों से बचने के लिए संचार के ऑफलाइन तरीकों का भी उपयोग करते हैं, इसलिए सुरक्षा बलों ने जमीनी स्तर पर सुरनकोट इलाके में व्यापक सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। राजौरी जिले के डेरा की गली वन क्षेत्र में वीरवार शाम हुए आतंकी हमले में सेना के चार जवान शहीद हो गए थे। इस हमले में सेना के तीन अन्य जवान घायल हो गए, जिनका इलाज आर्मी बेस हॉस्पिटल में चल रहा है।

▶ जंगल युद्ध में उच्च प्रशिक्षित आतंकियों ने किया था दो सैन्य वाहनों पर हमला

### संदिग्ध हिरासत में लिए

सेना के एक अधिकारी ने बताया कि भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ ने इलाके में आतंकियों की तलाशी के लिए एक संयुक्त अभियान चलाया है, जहां कल सेना के दो वाहनों पर भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने घात लगाकर हमला किया था। डेरा की गली के घने जंगलों में जमीनी सर्च ऑपरेशन के अलावा आसमान से हेलिकॉप्टर और ड्रोन के जरिए निगरानी हो रही है। जांच के दौरान सेना ने डेरा की गली से कुछ स्थानीय संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है।

# प्रदेश की भौगोलिक स्थिति के अनुरूप बनेंगी ई-बसें

## सीएम ने धर्मशाला में ओईएम कंपनियों के साथ की बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मूल उपकरण निर्माता (ओईएम) कंपनियों से हिमाचल प्रदेश के लिए विशेष रूप से उपयुक्त ई-बसें निर्मित करने को कहा है। उन्होंने कहा कि ई-बसों में प्रदेश की भौगोलिक स्थिति के अनुरूप लोडिंग क्षमता और सामान इत्यादि रखने की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। शुक्रवार को धर्मशाला में ओईएम कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के लोगों को बेहतर और आरामदायक परिवहन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विनिर्माण प्रक्रिया में आधुनिक प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने और उच्च गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि टाइप एक, दो और तीन ई-बसों को चरणबद्ध तरीके से अपनाया जा रहा है, ताकि 31 मार्च, 2026 तक स्वच्छ व हरित ऊर्जा राज्य बनने का लक्ष्य पूर्ण किया जा सके। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि ई-बस खरीद के लिए निविदाएं शीघ्र ही जारी की जाएंगी, जिसमें आपूर्ति के लिए समय सीमा सख्ती से लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि लागत अनुकूलित करने और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए, राज्य ने हिमाचल पथ परिवहन निगम की 1500 डीजल बसों को चरणबद्ध तरीके से बदलने की योजना बनाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत राज्य में ई-वाहनों के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परवाणू-नालागढ़-ऊना-हमीरपुर-संसारपुर, पांवटा- नाहन-सोलन-शिमला, परवाणू-सोलन-शिमला-रामपुर-लोसर, मंडी- जोगिंद्रनगर- पालमपुर-धर्मशाला-कांगड़ा-पठानकोट तथा किरतपुर-बिलासपुर-मंडी-मनाली-केलांग-जिंग-जिंगबार ग्रीन कॉरिडोर की स्थापना इस दिशा में सरकार के सकारात्मक प्रयासों को प्रदर्शित करता है।



अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री सुक्खू।

### बैठक में इन्होंने भरी हाजिरी

**बैठक** में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव भरत खेड़ा, प्रधान सचिव परिवहन आरडी नजीम, हिमाचल पथ परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक रोहन चंद ठाकुर, निदेशक परिवहन अनुपम कश्यप और ओईएम कंपनियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## राजस्थानी मिट्टी के जुगाड़ से चल रहा काम, विभाग ने भेजी है पांच करोड़ की डीपीआर

# रिसाव से सूख रही डल झील, अस्तित्व पर खतरा

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

मिनी मणिमहेश से प्रसिद्ध मैक्लोडगंज की नड्डी स्थित प्राचीन डल झील लगातार रिसाव से सूखती जा रही है। यह झील पिछले डेढ़ दशक से अपने आस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। भले ही जल शक्ति विभाग के प्रयासों से धर्मशाला के लोगों की आस्था की प्रतीक झील का स्वरूप बचा रखा है, लेकिन जब तक इसका स्थायी हल नहीं हो पाता, तब तक झील के अस्तित्व पर खतरा बना रहेगा।

आलम यह है कि पानी के सूख जाने के कारण अब यहां सैलानी भी कमतर ही रुक रहे हैं। उधर, विभाग की मानें तो इसको लेकर पांच करोड़ रुपए की डीपीआर तैयार भेजी है तथा फंड का प्रावधान होते ही इसका काम करवाया जाएगा। यहां बताते चलें कि रिसाव के कारण पिछले डेढ़ दशक से झील में रिसाव जारी है, तो वहीं इसके स्थायी हल के लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। मैक्लोडगंज टैक्सी यूनियन के प्रधान अशोक शर्मा ने बताया कि प्राचीन काल से हमारे बुर्जुगों के समय से यहां पवित्र मणिमहेश के जन्माष्टमी तथा राधाष्टमी के अवसर पर श्रद्धालू स्नान करते हैं।

उन्होंने बताया कि प्राचीन समय से यह परंपरा चलती आई है, लेकिन अब झील के रिसाव के कारण यह उत्सव ही खतरे में आ गया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने इसको लेकर कई बार आवाज भी उठाई, लेकिन किसी भी सरकार ने अब तक इस झील को बचाने तथा इसके रिसाव के स्थायी हल के लिए कोई योजना नहीं बनाई। जानकारी के अनुसार इस समस्या के हल के लिए पहले चरण में झील को खाली करके यहां से मछलियों को जीवित दूसरे जलाश्यों में बदला जाएगा। इसके बाद यहां कंक्रीट लीकेज को ठीक करने के बाद यहां ड्रेनेज का प्रबंध तथा लीकेज को लेकर अन्य कदम उठाए जाएंगे। वहीं, इसके बाद यहां जियो टेक्सटाइल फाइवर भी चारों ओर लगाई जाएगी, जिससे मिट्टी न बहे। इस काम में बजट के साथ समय भी लगेगा।

रिसाव के अलावा कुछ शरारती तत्वों के झील के वॉल्व खोल दिए जाने के कारण भी झील से काफी मात्रा में पानी बह गया। विभागिय अधिकारी ने बताया की निकासी के वॉल्व खोल दिए जाने के कारण पिछले दिनों स्थिति बिगड़ी थी। (अनंत ज्ञान)



### झील की हालत देख पर्यटक निराश

**दिल्ली** से आए वरुण ने कहा कि डल झील सूख चुकी है। इसलिए वह यहां से नड्डी जा रहे हैं। वहीं, पंजाब के पर्यटकों को भी यहां झील की हालत देख कर निराशा हुई। रास्ता पूछ रही वाहन में बैठी एक महिला को जब एक टैक्सी वाले ने बताया कि यह डल झील है तो वह कार चला रहे पति को बोली कि पंजाब में तो ऐसे छप्पड़ बोलते हैं।

### सीमा पर होने का दंश झेल रही झील

**बादल,** सुरेंद्र, पवन आदि ने कहा कि ने बताया कि इस झील के क्षेत्र को लेकर सीमा पर होने के कारण कभी इसे धर्मशाला तो कभी शाहपुर के तहत बताया जाता है। वहीं इसे कभी कंटोनमेंट तो कभी एमसी के तहत बताया जाता है। इस सारी पसोपेश में लोगों को समस्या का सामना करना पड़ता है।

रिसाव के कारण सूख रहा डल झील का पानी। इस कारण झील के अस्तित्व को ही खतरा बन गया है।

### कश्तियां चलाने के बाद बना खतरा

**मंदिर** कमेटी के सदस्य रह चुके अशोक कुमार के अनुसार, कांग्रेस के शासनकाल में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए यहां कश्तियां चलाई गई थीं लेकिन इसके बाद ही झील पर खतरा मंडराने लगा। उन्होंने दावा किया धार्मिक स्थल तथा पवित्र झील होने के कारण वो मानते हैं कि इसकी वजह से ही यहां डल लगातार रिसाव की चपेट में है।

### राजस्थानी मिट्टी भी है कारगर

**बेंटोनाइट** क्ले यानी राजस्थानी मिट्टी खेती के अलावा दूसरे कामों में भी बहुत कारगर है। यही कारण है कि इस मिट्टी को हैंडपंप से लेकर बांधों तक में पानी के रिसाव को रोकने के लिए प्रयोग किया जाता है। पिछले कई सालों से जलशक्ति विभाग इसी प्रयोग से यहां रिसाव को कुछ हद तक रोक रहा है। वहीं, जब तक स्थायी और कारगर योजना पर काम नहीं होता है, तब तक रिसाव को स्थायी रूप से रोकना मुश्किल लगता है।

### मछलियां भी मरने को मजबूर

**डल** झील में पिछले दिनों हुए भरी रिसाव के कारण यहां काफी मात्रा में मछलियों की मौत हो चुकी है। आनन फानन में रिसाव के बाद विभिन्न झीलों व जलाश्यों में इन दम तोड़ती मछलियों को बचाने की जद्दोजहद में कई मछलियां मौत का ग्रास बन चुकी हैं। खास बात यह कि धर्मिक महत्व होने के कारण इन मछलियों का लोग न तो शिकार करते हैं और न ही इन्हें खाते हैं।

### बजट का है इंतजार

**इस** बारे में जब जलशक्ति विभाग के एक्सईएन संदीप चौधरी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पिछले कई सालों से जारी रिसाव को वैक्ल्पिक तरीके से राजस्थानी मिट्टी यानी वेंटोनाइट क्ले से रोका जा रहा है। वहीं इसके स्थायी हल के लिए पांच करोड़ रुपए के प्लान की डीपीआर भी भेजी गई है तथा फंड का प्रावधान होने के बाद इसका काम किया जाएगा।

## देश में बागवानी का सिरमौर बना हिमाचल

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश को देशभर में सर्वश्रेष्ठ बागवानी राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने प्रदेश को यह पुरस्कार एग्रीकल्चर टुडे ग्रुप द्वारा नई दिल्ली में आयोजित 14वें एग्रीकल्चर लीडरशिप कॉनक्लेव-2023 के अवसर पर प्रदान किया। प्रदेश की ओर से यह पुरस्कार बागवानी सचिव सी. पॉलरासु ने प्राप्त किया। बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने सर्वश्रेष्ठ बागवानी राज्य का पुरस्कार प्राप्त होने पर राज्य के किसानों और बागवानों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार बागवानी क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के सशक्त नेतृत्व में राज्य में उच्च घनत्व बागवानी पर विशेष बल दिया जा रहा है। प्रदेश में कम बागवानी वाले क्षेत्रों में बागवानी के विकास पर विशेष बल दिया जा रहा है। इससे युवाओं को स्वरोजगार के अवसर सृजित करने के साथ-साथ क्षेत्र की बागवानी भी सुदृढ़ हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बागवानी विकास रणनीति तथा नियोजन कार्य योजना 2023-2032 तैयार की गई है, ताकि आवश्यकता के अनुसार अवसंरचनाओं और ढांचागत सुविधाओं का सृजन किया जा सके।

# डमटाल के गेस्ट हाउस में देह व्यापार पुलिस ने कब्जे से छुड़ाई महिला

**इंदौरा।** पंजाब-हिमाचल सीमा पर डमटाल पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एके ढाबा एंड गेस्ट हाउस पर छापेमारी की गई। इस दौरान वेश्यावृत्ति के धंधे में शामिल उपरोक्त होटल के संचालकों अश्विनी कुमार और पिंटू के कब्जे से एक महिला को छुड़ाया गया। पुलिस ने होटल संचालक दोनों लोगों के खिलाफ 3,4,5,7 इमोरल ट्रैफिक प्रीवेंशन एक्ट 1956 के तहत मामला दर्ज किया है। बता दें कि जिला पुलिस नूरपुर ने देह व्यापार में शामिल लोगों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए वर्ष 2023 में अब तक इमोरल ट्रैफिक प्रीवेंशन एक्ट के अधीन कुल पांच मामले दर्ज किए हैं तथा इस अवैध कार्य में शामिल आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से सात महिलाओं को छुड़ाया गया है। इसके अलावा इस अवैध व्यापार में शामिल संबंधित होटलों के लाइसेंस रद्द करने हेतु संबंधित विभाग से कहा जा चुका है तथा दो होटलो के लाइसेंस भी रद्द करवाए जा चुके हैं। पुलिस का कहना है कि भविष्य में भी देह व्यापार माफिया के विरुद्ध जिला पुलिस नूरपुर का अभियान जारी रहेगा। पुलिस जिला नूरपुर के एसपी अशोक रतन के नेतृत्व में गैर कानूनी तौर पर गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। चाहे वह नशा कारोबारी पर हो या होटल में वेश्यावृत्ति करने का हो, लगातार यह सर्जिकल स्ट्राइक की जा रही है। उसी कड़ी के तहत देर शाम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक गेस्ट हाउस तथा ढाबा में गैर कानूनी तौर पर वेश्यावृत्ति का धंधा चल रहा है, जिसके चलते थाना प्रभारी इंस्पेक्टर कल्याण सिंह ने अपने पुलिस कर्मियों के साथ वहां दबिश दी। मामले में आगामी कार्रवाई जारी है।

## नूरपुर में प्रतिबंधित दवाइयां बरामद

**इंदौरा।** गुप्त सूचना के आधार पर नूरपुर के अश्वनी मेडिकल स्टोर कोर्ट रोड में एएसआई करतार सिंह तथा हेड कांस्टेबल रॉकी कुमार ने जब छापेमारी की तो वहां से 1383 प्रतिबंध टैबलेट पाई गईं। इस मौके पर ड्रग इंस्पेक्टर प्यार चंद ने 1383 प्रतिबंध टैबलेट्स को कब्जे में लेकर आरोपी अश्वनी कुमार निवासी वार्ड नंबर चार नूरपुर के तहत ड्रग तथा कॉस्मेटिक 13 अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### तीन मामलों में 1.684 किलो चरस के साथ तीन गिरफ्तार

**कुल्लू।** कुल्लू जिला की पुलिस ने चरस तस्करी के आरोप में अलग-अलग तीन मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार पहले मामले में मणिकर्ण बस स्टैंड से आगे बरशैणी की तरफ नाकाबंदी के दौरान एक महिला से 430 ग्राम चरस बरामद की, जबकि दूसरे मामले में क्षेत्र के तेगड़ी नाला में नाकाबंदी के दौरान दोत राम (68) पुत्र स्व. हंसु राम निवासी गांव शिल्हा डाकघर बरशैणी तहसील भुंतर से 703 ग्राम चरस बरामद की है। इसके अलावा तीसरे मामले में पुलिस थाना भुंतर की टीम ने राज फास्ट फूड कैफे के समीप जिया में लाल चंद (49 ) पुत्र गुलाब चंद निवासी गांव रुजग डाकघर भुट्टी तहसील कुल्लू के कब्जे से 551 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध थाना कुल्लू व भुंतर में मादक पदार्थ अधीनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

### पांवटा साहिब में आधा किलो भुक्की के साथ एक गिरफ्तार

**पांवटा साहिब।** पुलिस ने पुरुवाला के अमरगढ़ गांव में छापेमार कर एक घर से 682 ग्राम चूरा पोस्त के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार धौला कुआं, सैनवाला-मुबारिकपूर, माजरा, मिश्रवाला के गश्त पर निकली पुलिस की टीम को जानकारी मिली थी कि अमरगढ़ निवासी राज कुमार अपने घर से चूरा पोस्त यानी भुक्की बेचने का अवैध धंधा करता है। पुलिस की टीम ने राजकुमार के घर पहुंच कर अंदर तलाशी ली तो वहां से 682 ग्राम चुरा पोस्त यानी भुक्की बरामद की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ जारी है। डीएसपी पांवटा मानवेंद्र ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है।

### बुजुर्ग के घर से मिली 5.35 ग्राम स्मैक, गिरफ्तार

**पांवटा साहिब।** पुलिस ने पांवटा के वार्ड नंबर दस देवीनगर में एक घर में छापेमार कर 5.35 ग्राम स्मैक एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी मानवेंद्र ठाकुर ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि देवी नगर में रहने वाला 62 वर्षीय कर्ण सिंह अपने घर से नशा बेचने का अवैध धंधा करता है।



पुलिस ने गुप्त सूत्रों के आधार पर जांच शुरू कर दी और आरोपी के घर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस ने 5.35 ग्राम स्मैक बरामद की। आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना पांवटा साहिब मे एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है व आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# मनाली विंटर कार्निवाल के ऑडिशन

## शिमला के आरकेएमवी कॉलेज के रैंप पर जलवे, प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश, जिला प्रशासन शिमला, नगर निगम शिमला तथा पर्यटन व नागरिक उड्डुयन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 25 से 31 दिसंबर तक आयोजित किए जा रहे शिमला विंटर कार्निवल के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित करवाई जाएंगी। विंटर कार्निवाल को लेकर ऑडिशन शुरू हो गए हैं। आरकेएमवी कॉलेज में विंटर कार्निवाल मनाली के लिए ऑडिशन लिए गए। इस दौरान प्रतिभागियों ने अपने ऑडिशन दिए। शुक्रवार को भाषा एवं संस्कृति विभाग के निदेशक डॉ. पंकज ललित ने बताया कि 25 दिसंबर को शिमला विंटर कार्निवल का आगाज क्लचरल परेड से होगा, जिसमें एनजेडसीसी पटियाला तथा प्रदेश के सांस्कृतिक रूप से समृद्ध जिलों के लोक नृत्य, पारंपरिक लोक वाद्य यंत्रों तथा पारंपरिक ठोडा लोक नृत्य के कलाकार पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि 25 से 31 दिसंबर तक हिमाचल संस्कृति दर्शन के अंतर्गत प्रतिदिन दोपहर दो बजे से मुख्य मंच द रिज तथा अन्य आयोजन स्थलों पर प्रदेश भर के सांस्कृतिक दलों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके अंतर्गत, 26 व 27 दिसंबर को सायं पांच बजे से गौथिक हॉल व एमपी हॉल गेयटी परिसर में झनकार ग्रुप कश्मीर द्वारा सूफियाना महफिल, 28 दिसंबर को दोपहर दा बजे से गौथिक हॉल गेयटी परिसर में थियेटर फेस्टिवल के अंतर्गत हिमाचल युवा रंग महोत्सव में नाटकों की प्रस्तुतियां, 29 दिसंबर को सायं पांच बजे गौथिक हॉल व एमपी हॉल ऐयटी परिसर में शाम-ए-कव्वाली के तहत रूहदारी कव्वाल द्वारा कव्वाली की प्रस्तुति तथा 30 व 31 दिसंबर को दोपहर दो बजे से गौथिक हॉल गेयटी परिसर में थियेटर फेस्टिवल के अंतर्गत हिमाचल युवा रंग महोत्सव में विभिन्न नाटकों का मंचन किया जाएगा। कार्निवल को लेकर ऑडिशन पूरे हो गए है।

# छुट्टी पर घर आए सैनिक की सड़क हादसे में मौत

## सैन्य सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

**विक्रम ढटवालिया, कुठेड़ा (हमीरपुर)**

जिला मुख्यालय के साथ सटे पनियाला गांव में युवा सैनिक अखिल राणा (28) का अंतिम संस्कार सैन्य सम्मान के साथ कर दिया गया। देई दा नौंण पंचायत के इस शाहिद की पिछले रोज सड़क हादसे में मौत हो गई थी, उसका पार्थिव शरीर शुक्रवार दोपहर ही यहां लाया गया था। गांव के विनोद कुमार राणा के पुत्र अखिल राणा की मौत से इलाकावासी शोक में है। अखिल राणा यूनिट चार जेएंडके राइफल 28 आरआर श्रीनगर कुपवाड़ा सेक्टर में था। सेवा में भर्ती हुए उसे अभी आठ साल ही हुए थे। अंतिम विदाई के मौके पर सेवा की टुकड़ी ने सलामी देकर आसमान की ओर फायर किए उसे समय माहौल बेहद गमगीन था।

अखिल करीब दो सप्ताह पहले घर छुट्टी आया था बीती आठ दिसंबर को उसकी एक साल की बेटी का जन्मदिन था और घर पर जगराते का आयोजन भी किया गया था। अभी कुछ और दिनों के लिए छुट्टी एक्सटेंड करवाई गई थी। उसकी मौत मोटरसाइकिल के स्किड होने की वजह से हुई बताई जा रही है। यह घटना बुधवार रात की है। निधन का समाचार सुनते ही भाजपा पूर्व मुख्यमंत्री प्रो प्रेम कुमार धूमल, स्थानीय विधायक राजेंद्र राणा, भाजपा नेता कैप्टन रंजीत सिंह तथा सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण इलाकों ने शोक व्यक्त किया। अखिलेश राणा अपने पीछे दादा दिले राम राणा, तीन चाचा-चाची, पत्नी मां-बाप, छोटा भाई और छोड़ गया। एक साल की नन्ही बच्ची भी उनके परिवार में है। (अनंत ज्ञान)



सेना की टुकड़ी अंतिम सलामी देते हुए।

# प्राइवेट सेंटरों के रेडियोलॉजिस्ट अवकाश पर जाएं तो सीएमओ को दें सूचना

- डीएसी और डीएए की बैठक में बोले सीएमओ एनके भारद्वाज
- कहा-प्रसव पूर्व लिंग जांच करवाना गैर कानूनी

**अनिल शर्मा, मंडी**

जिले के अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालकों को अब रेडियोलॉजिस्ट के अवकाश पर चले जाने से पहले इसकी सूचना सीएमओ मंडी को देनी होगी। साथ ही अल्ट्रासाउंड सेंटर के बाहर इसकी सूचना आम जनता के लिए चस्पां करनी होगी। ऐसा न करने की सूरत में डीएसी और डीएए मिलकर किसी भी वक्त निरीक्षण कर कारवाई करेगी।

शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंडी के कार्यालय में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत गठित डीएसी और डीएए की बैठक हुई, जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंडी एनके भारद्वाज ने कहा कि जिले में जहां भी लिंगानुपात में गिरावट आंकी जाएगी वहां आईईसी करवाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रसव पूर्व लिंग जांच करवाना गैर कानूनी है। ऐसा करता कोई पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कारवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला में कार्यशील अल्ट्रासाउंड केंद्रों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### वापस न छोड़ने पर होगी कार्रवाई

**निजी** केंद्रों में मरीजों को बैठने की उचित जगह, शौचालय सुविधा और साफ-सफाई सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में जिला एडवाइजरी कमेटी सदस्य पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालकों को डीएसी और डीएए के सभी सदस्यों के नाम और फोन नंबर सेंटर के बाहर डिस्प्ले करना अनिवार्य हैं। कमेटी को शिकायत मिली है कि कुछ सेंटर गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए एक जगह से दूसरी जगह ले जाने के लिए एंबुलेंस का प्रयोग करते हैं और वापस छोड़ने के लिए आनाकानी करते हैं। ऐसा करने वाले सेंटर संचालकों पर भी कमेटी सख्त एक्शन लेने वाली है।

### गर्भवती के अधिक अल्ट्रासाउंड करवाने पर होगी कार्रवाई

**अल्ट्रासाउंड** के ज्यादा रेट वसूलने की शिकायतों पर भी कमेटी ने संज्ञान लिया है। एक गर्भवती के दो या तीन से ज्यादा अल्ट्रासाउंड करवाने वाले सेंटरों पर भी कमेटी ने कड़ा संज्ञान लेने का निर्णय लिया है, ताकि गैर जरूरी अल्ट्रासाउंड का बोझ किसी आम आदमी पर न डाला जाए। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश ठाकुर ने बैठक का संचालन किया।

## गहरी खाई में गिरी बोलेरो, दो की मौत

**ज्वाली।** पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग पर भाली में एक दर्दनाक हादसा पेश आया है। वीरवार देर रात एक बोलेरो गाड़ी शाहपुर से पठानकोट की ओर जा रही थी कि भाली में तीखे मोड़ पर पैरापिट से टकराने के बाद गहरी खाई में गिर गई, जिसमें सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस चौकी प्रभारी राजकुमार ने बताया कि वीरवार देर रात भाली के समीप एक बड़ा हादसा पेश आया है, जिसमें संजय शर्मा उर्फ पप्पी (55) निवासी त्रिलोकपुर की मौके पर ही मौत हो गई व दूसरा युवक शमशेर (24) निवासी गांव बाग भटियात चंबा, को घायल अवस्था में उसे शाहपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने भी दम तोड़ दिया। वहीं, कोटला पुलिस मौके पर पहुंची व शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

**आयोजन** किन्नौर को दूसरा और कांगड़ा को मिला तीसरा स्थान, प्रदेश के नौ जिलों के प्रतिभागियों ने लिया भाग

# नेशनल रोल प्ले की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चंबा अव्वल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम के तहत राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) सोलन में नेशनल रोल प्ले के तहत वीरवार को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय यादव ने किया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के नौ जिलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस मौके पर बोलते हुए यादव ने कहा कि किशोरावस्था में शारीरिक व मानसिक बदलाव होते हैं। इस उम्र में अभिभावक भी बच्चों को थोड़ी-थोड़ी जिम्मेदारियां देना शुरू कर देते हैं। यही वह उम्र है, जिसमें बच्चा समाज को करीब से देखता है। उनको देखकर उसकी उत्सुकता बढ़ती है। इसलिए यदि हम इस उम्र में बच्चे को सही मार्गदर्शन दें, तो वह सही दिशा में जा सकता है। उन्होंने कहा कि देवभूमि हिमाचल में भी अब कैमिकल ड्रग्स, तंबाकू और अन्य नशे पनप रहे हैं। नशे के दलदल से बच्चों को बचाने में अभिभावक व अध्यापक अहम भूमिका अदा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर से आए बच्चों ने नशे समेत अन्य सामाजिक बुराइयों पर रोल प्ले के माध्यम से तंज किया। उन्होंने बच्चों से अपील कि वह अपने क्षेत्र में जाकर अपने घर, वार्ड, पंचायत और समाज को नशे के खिलाफ जागरूक करें।

इस दौरान एससीईआरटी सोलन की कार्यवाहक प्रिंसिपल रजनी संख्यान ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और रोल प्ले कार्यक्रम पर विस्तार से प्रकाश डाला। नेशनल रोल प्ले प्रतियोगिता के दूसरे सत्र में सेवानिवृत्त अतिरिक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रमोद चौहान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उन्होंने कहा कि रोल प्ले कला के माध्यम से दिया जाने वाला संदेश प्रभावी होता है। उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहकर अपने लक्ष्य को लेकर केंद्रित होना चाहिए। एससीईआरटी सोलन राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम सैल की प्रभारी व कार्यक्रम समन्वयक असिस्टेंट प्रो. शैलजा ठाकुर ने बताया कि यह दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यक्रम है। पहले दिन रोल प्ले और दूसरे लोकनृत्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने कहा हैल्दी फूड, वैल्दी मूड, एक्सरसाइज यूअर बॉडी टू फिट यूअर माइंड, इमोशनल वैलविइंग, पॉवर ऑफ रिस्पॉसिंबल सोशल मीडिया यूज और से नो टू टोबेको विषयों पर प्रदेश के नौ जिलों से आए प्रतिभागियों ने रोल प्ले किया।





प्रमाणपत्रों के साथ विजेता टीम चंबा के प्रतिभागी सामूहिक चित्र में।

### राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी विजेता टीम

इस प्रतियोगिता में बिलासपुर, चंबा, हमीरपुर, किन्नौर, कांगड़ा, मंडी, सिरमौर, सोलन व ऊना जिलों की टीमों ने भाग लिया। शैलजा ठाकुर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विजेता रहने वाली टीम राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। नेशनल रोल प्ले प्रतियोगिता के दूसरे सत्र में चंबा जिले ने पहला, किन्नौर जिले ने दूसरा और कांगड़ा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में बियोंड थियेटर के निदेशक संजीव अरोड़ा, छोटे पर्दे के अभिनेता मनुज वालिया और पत्रकार यशपाल कपूर ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस मौके पर बीना ठाकुर, रंजना शर्मा, त्रिवेणी शर्मा, सारिका तलवार, डॉ. रामगोपाल शर्मा, रितु पुरी, निशा गुप्ता, डॉ. देवेंद्र शर्मा, शालिनी, अनिल चौहान, मंगेश ठाकुर समेत अन्य मौजूद रहे।



# धर्मशाला विधानसभा शीतकालीन सत्र





विधानसभा शीतकालीन सत्र के चौथे दिन डिग्रियां जलाते भाजपा विधायक।



डीजीपी संजय कुंडू विधानसभा सत्र के दौरान धर्मशाला में।




जितेंद्र कौशल, बैजनाथ। पंडित संतराम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ के राजनीतिशास्त्र के छात्र, विभागाध्यक्ष, डॉ. पवन कुमार के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन सदन की कार्यवाही देखने के लिए तपोवन धर्मशाला पहुंचे। छात्रों ने दर्शक दीर्घा से विधानसभा सदस्यों को अपने क्षेत्र की समस्याओं व मुद्दों को उठाते हुए देखा।

### अजय सोलंकी के सवाल के जवाब में डिप्टी सीएम ने दी जानकारी

## जलजीवन मिशन के निर्माणाधीन कार्य तय अवधि में होंगे पूरे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**




उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश में जलजीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन सभी पेयजल योजनाओं का कार्य तय अवधि में पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बारे विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान शुक्रवार को अग्निहोत्री ने कांग्रेस सदस्य अजय सोलंकी के सवाल के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि जलजीवन मिशन के तहत अधिकांश योजनाओं का कार्य पूरा होने की स्थिति में है। मिशन की अवधि भी खत्म हो रही है। अग्निहोत्री ने कहा कि विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस ने भी जल के बिना नल का मुद्दा उठाया था, लिहाजा सरकार इस मामले में गंभीर है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने विभाग का इस्तेमाल चुनाव जीतने के लिए किया। बावजूद इसके भाजपा विपक्ष में बैठी है। उन्होंने कहा कि जलजीवन मिशन के तहत नाहन मंडल में 45 तथा पावंटा साहिब में 29 योजनाएं मंजूर की गई हैं। इनमें से नाहन में 28 तथा पांवटा में छह का कार्य पूरा कर लिया गया है। वहीं, नाहन और पांवटा में 17 और 23 योजनाओं का कार्य प्रगति पर है।

# पूर्व भाजपा सरकार ने बेचे हिमाचल के हित

### सीएम सुखविंद्र सुक्खू बोले, बिजली की रॉयल्टी में पहुंचाया नुकसान, हिमाचली हितों की रक्षा को उठाए जा रहे कड़े कदम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार हिमाचली हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और लगातार कड़े कदम इस दिशा में उठाए जा रहे हैं। यही वजह है कि पावर सेक्टर में भी नीति में परिवर्तन किया गया है, ताकि हिमाचल के हितों को सुरक्षित रखा जा सके। विधानसभा में शुक्रवार को एसजेवीएन के प्रोजेक्ट की कारपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी पर विधायक कुलदीप सिंह राठौर द्वारा उठाए एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि एसजेवीएनएल को सरकार ने नोटिस दिया है। तीन परियोजनाओं में सरकार पुराने समझौते को बदलना चाहती है। सरकार ने एसजेवीएन को नोटिस देकर कहा है कि वह नए सिरे से सरकार से समझौता करे, अन्यथा सरकार उनके तीनों प्रोजेक्टों को लेकर कानूनी कार्रवाई करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व सरकार ने हिमाचली हितों को बेचा है। पूर्व सरकार ने 50 फीसदी जीएसटी को माफ कर दिया, वहीं लाडा में भी इन परियोजनाओं से पैसा नहीं लेने का प्रावधान रखा। इतना ही नहीं, बिजली की रॉयल्टी में भी हिमाचल को नुकसान पहुंचाया गया है जिसे अब वर्तमान सरकार बढ़ाना चाहती है। उन्होंने कहा कि एसजेवीएन ने तीन परियोजनाओं लूहरी, सुन्नी व धौलासिद्ध के लिए सरकार के साथ इम्प्लीमेंटेशन एग्रीमेंट नहीं किया है।

इसलिए हमने उनको नोटिस दिया। विधायक कुलदीप राठौर ने उनके एरिया में संबंधित परियोजना से सीएसआर पैसा सही तरह से खर्च नहीं किए जाने का मामला अनुपूरक सवाल में उठाया और कहा कि इस पर जांच कमेटी बनाई जानी चाहिए। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएसआर का पैसा तो परियोजना प्रबंधकों को खर्च करना ही होगा। फिर भी वह मामले की पड़ताल पर जांच कमेटी बनाए जाने को लेकर विधायक से विचार-विमर्श करेंगे।

- **सीएम बोले, पूर्व सरकार ने किया 50 फीसदी जीएसटी को माफ**
- **परियोजना प्रबंधकों को खर्च करना होगा सीएसआर का पैसा**

## पूर्व भाजपा सरकार नहीं खर्च कर पाई 4032 करोड़ रुपए की राशि, मुख्यमंत्री सुक्खू

**धर्मशाला।** पूर्व भाजपा सरकार वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के वित्तीय वर्षों में 4032 करोड़ रुपए से अधिक की बजट खर्च नहीं कर पाई। इस राशि में विभिन्न विभागों को अनुदान के तहत मिली रकम भी शामिल है। यह बात मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान निर्दलीय विधायक होशयार सिंह द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब में कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुसूचित जाति का हितैषी होने का दंभ भरने वाली भाजपा सरकार 2020-21 में अनुसूचित जाति विकास योजना के तहत आवंटित 408.35 करोड़ रुपए तथा 2021-22 में 611.26 करोड़ रुपए की राशि खर्च नहीं कर सकी। इसी तरह अनुसूचित जाति विकास योजना के तहत 2021-21 में आवंटित की गई 361.65 तथा 2021-22 में 373.40 करोड़ रुपए की रकम खर्च नहीं की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार को केंद्र ने धन नहीं दिया। उन्होंने कहा कि इससे अधिक राशि केंद्र से मौजूदा सरकार लेकर आ रही है। उन्होंने कहा कि रोजगार के मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे भाजपा सदस्यों को यह मालूम नहीं कि उनकी सरकार के वक्त श्रम एवं रोजगार विभाग में 117.78 करोड़ रुपए तथा 2021-22 में 21.99 करोड़ रुपए की राशि खर्च नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग में 2020-21 में 45.03 करोड़ तथा 2021-22 में 165.51 करोड़ रुपए की राशि खर्च नहीं हुई। वन विभाग में 2020-21 और 2021-22 क्रमशः 68.60 करोड़ तथा 58.72 करोड़ रुपए की रकम खर्चा नहीं हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में इसी अवधि के दौरान 465.16 तथा 360.19 करोड़ रुपए की रकम सरकार खर्च नहीं कर सकी। पुलिस विभाग में 245.05 करोड़ की रकम खर्च नहीं हुई। इसी तरह शिक्षा विभाग में इस दौरान 589.18 करोड़ और 348.86 करोड़ रुपए की राशि खर्च नहीं हुई। पुलिस कर्मियों की डाइट मनी बढ़ाने को लेकर होशयार सिंह अनुपूरक सवाल के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मामला सरकार के विचाराधीन है । प्रदेश की आर्थिक स्थिति कुछ ठीक होते ही डाइट मनी को बढ़ाया जाएगा।

## प्रश्नकाल

### बीजेपी विधायकों के खिलाफ लाएं निंदा प्रस्ताव




**धर्मशाला।** भाजपा के विधायकों ने वॉक आउट किया तो सीएम ने कहा कि भाजपा के विधायकों का व्यवहार ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि विधायक होशियार आदि के सवाल पर भाजपा ने रणनीति के तहत वॉक आउट किया। इस के बाद उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से एक निंदा प्रस्ताव इस संदर्भ में पारित करने की भी मांग की। कुछ देर तक बाहर रहने के बाद बीजेपी के विधायक भी लौट आए। हालांकि नियमों का हवाला देते हुए ऐसा कुछ नहीं हुआ।

### विधानसभा अध्यक्ष को तो बोलने दें जयराम

**धर्मशाला।** शीतकालीन सत्र के चौथे दिन गहमागहमी का दौर जारी था। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया जब कई बार बोलने का नाकाम प्रयास कर चुके थे, तो बोले जयराम जी आप अध्यक्ष को तो सदन में बोलने दें। इसके साथ ही जैसे सदन का तनाव भी छंटता नजर आया। हालांकि ऐसे ही विधानसभा अध्यक्ष इससे पहले चुराह के विधायक को बिठाने के लिए भी बोलते दिखे।

### ड्रीम प्रोजेक्ट पर चुटकी लेते हुए सीएम ने दिया जवाब

**धर्मशाला।** सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि आत्मनिर्भर हिमाचल के निर्माण को देखते हुए भविष्य में हवाई अड्डे का निर्माण प्रासंगिक है। यहां उन्होंने कहा कि मेरा हर प्रोजेक्ट ड्रीम प्रोजेक्ट है। चुटकी लेते हुए सीएम ने कहा कि जैसे कि बल्ह में एयरपोर्ट बनाना पूर्व सीएम का ड्रीम प्राजेक्ट था। सीएम ने कहा कि वह मानते हैं कि वह ऐसे परिवारों की तकलीफ को समझते हैं। वहीं, उन्होंने कहा कि एक समान मुआवजा दिया जा रहा है तथा स्थायी मुआवजा अभी तय नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इसे क्षेत्र का विकास होगा तथा प्रदेश सरकार चाहती है कि यह काम जल्द पूरा हो तथा विपक्ष भी इसमें उनका साथ दे।

### जेआर कटवाल ने की शिक्षा नीति बनाने की वकालत

**बिलासपुर।** झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा नीति बनाने की वकालत की है। उन्होंने कहा कि शिक्षा नीति ऐसी होनी चाहिए, जिससे ग्लोबल सिस्टम में प्रभावी ढंग से भागीदारी हो सके। यह नीति रोजगारपरक भी होनी चाहिए, ताकि युवाओं का भविष्य अंधकारमय न हो। उन्होंने इसके लिए शिक्षाविदों और विधायकों की संयुक्त कमेटी गठित करने पर बल दिया, जो इस मसले पर सही ढंग से मंथन करके कारगर कदम उठाए। धर्मशाला में विधानसभा सत्र के दौरान शिक्षा से संबंधित विषय पर चर्चा में भाग लेते हुए जीतराम कटवाल ने कहा कि शिक्षा मानव विकास का सबसे सशक्त माध्यम है। अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने के साथ ही शिक्षा अच्छे-बुरे का ज्ञान भी करवाती है।

### गुड़िया केस में बनी गुड़िया हेल्पलाइन

**धर्मशाला।** कांग्रेस विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए बेहतरीन काम हो रहा है। पठानिया ने कहा कि गुड़िया केस में गुड़िया हेल्पलाइन बनी। पांच साल में गुड़िया केस का क्या हुआ। उसके बारे में जरूर बताना चाहता हूं। उस वक्त गृह मंत्री कौन थे। इस पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि जब गुड़िया केस हुआ तो उसमें सरकार ने सीबीआई का सहयोग किया। इसमें सजा हो चुकी है। भाजपा सरकार ने पूरा सहयोग किया। जो दोषी है, वह तो कानूनी प्रक्रिया तय करती है। यह हम और आप तय नहीं करते हैं। गृह मंत्री कौन था, यह कहने का क्या अभिप्राय है।



विधानसभा शीतकालीन सत्र के चौथे दिन विधानसभा के बाहर खड़े पदाधिकारी।



आईसीजेएस पुरस्कारों में फिर से पहला स्थान प्राप्त करने के बाद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, डीजीपी संजय कुंडू, एडीजी-सीआईडी और एसवीएसीबी सतवंत अटवाल त्रिवेदी, एडीजी-एलएंडओ अभिषेक त्रिवेदी, आईजी सीआईडी संतोष पटियाल, डीआईजी एन/आर अभिषेक दुल्लर और एसपी सुरक्षा भूपिंदर नेगी ट्रॉफी के साथ।




कांगड़ा जिले के विजय मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल इंदौरा के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को धर्मशाला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात की और उन्हें एक पेंटिंग भेंट की। इस मौके पर विधायक मलेंद्र राजन भी मौजूद रहे।

### योग और नैतिक शिक्षा को स्कूलों में लागू करे सरकारः शांता



**धर्मशाला।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि बीते वीरवार को विधानसभा में नशे को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष ने एक साथ मिलकर जो संकल्प लिया है वह काबिलेतारीफ है। उन्होंने कहा कि आज की सबसे बड़ी समस्या यह है कि वर्तमान पीढ़ी संस्कार विहीन हो गई। बच्चे को सबसे पहला संस्कार परिवार में माता-पिता और दादा-दादी से मिलता था, परंतु आज मोबाइल हाथ में आने के बाद किसी बच्चे के पास न तो समय है और न ही वह माता-पिता या बुजुर्गों के पास बैठना चाहता है। परिवार से संस्कार मिलने की परंपरा नई तकनीक और मोबाइल ने पूरी तरह से समाप्त कर दी। उन्होंने कहा कि योग और नैतिक शिक्षा का एक पाठ्यक्रम बना कर स्कूलों में लागू करे। योग, प्राणायम और नैतिक शिक्षा द्वारा नई पीढ़ी को अच्छे संस्कार दिए जा सकते हैं।

## गग्गल एयरपोर्ट के विस्तारीकरण पर पवन काजल ने उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



शीतकालीन सत्र के चौथे दिन हिमाचल विधानसभा में नियम-62 के तहत चर्चा के दौरान भाजपा विधायक पवन काजल ने गग्गल एयरपोर्ट विस्तारीकरण पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इससे 1,500 परिवार उजड़ रहे हैं तथा यदि सरकार ने उनका पक्ष नहीं सुना तो वे अंतिम समय तक प्रभावितों के साथ खड़ा रहेंगे।

उन्होंने कहा कि किसी को उजाड़कर एयरपोर्ट विस्तार करना गलत है। उन्होंने यह भी कहा कि जमीन गंवाने वाले लोगों को मिलने वाले मुआवजे में भी भारी अंतर है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इसके उत्तर में कहा कि कांगड़ा को टूरिज्म कैप्टिल बनाए जाने के कारण इस एयरपोर्ट का विस्तार होना जरूरी है, जिससे जिला की आर्थिकी बदलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार बल्ह में एयरपोर्ट निर्माण में भी आगे बढ़ रही है तथा पालमपुर और चंबा में हेलिपोर्ट भी बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को आने वाले समय में पर्यटन एवं विद्युत क्षेत्र में ही आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। विधायक होशयार सिंह ने नियम-62 के तहत पौंग बांध प्रभावित क्षेत्र में ईको सैंसटिव जोन बनाए जाने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि इस निर्णय का विरोध किया जाना चाहिए। इस दौरान विधायक काजल ने कहा कि सीएम साहब यहां अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे की कोई आवश्यकता नहीं है।

काजल ने कहा कि जब पिछले दिनों वह दिल्ली गए तो प्लेन में मात्र सात यात्री उनके साथ यात्रा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार इस पर विचार कर बसे बसाए शहर को उजड़ने से बचाते हुए कहीं और निर्माण करे।

## घरों के चिराग बुझा रहा नशा सख्त कानून बेहद जरूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने पूरे प्रदेश में विकराल रूप धारण करती जा रही चिट्टे जैसे घातक नशे की समस्या को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए समय रहते कठोर कदम उठाने की वकालत की है।

उन्होंने कहा कि यह जानलेवा नशा बच्चों और युवाओं को असमय ही मौत के मुंह में धकेल रहा है। लोगों के घरों के चिराग बुझ रहे हैं। चिंतित करने वाला पहलू यह है कि यह नशा गांवों तक पांव पसार चुका है। नशे का इतना बड़ा नेटवर्क पुलिस या राजनीतिक संरक्षण के बिना संभव नहीं है। इस मामले को गंभीरता से लेकर कड़ी कार्रवाई बेहद जरूरी है। नशे की चपेट में आ चुके बच्चों और युवाओं को इस दलदल से बाहर निकालने के लिए उन्होंने सभी जिला अस्पतालों में तीन से चार कमरों को नशा मुक्ति केंद्र के रूप में चलाने की वकालत भी की। नशे के बढ़ते प्रचलन को लेकर वीरवार को विधानसभा में चर्चा में भाग लेते हुए त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि चिट्टा नामक यह घातक बीमारी पिछले कुछ सालों से बेहद तेज रफ्तार से बढ़ रही है। नशे की पूर्ति के लिए बच्चे और युवा चोरियां कर रहे हैं। बिलासपुर में तो नशेड़ी श्मशानघाट से सरिया तक चुराकर ले गए। नशे के कारण सड़क हादसे भी बढ़ रहे हैं। चिंता इस बात की है कि 18, 20 व 22 साल के युवा और इससे भी कम आयु के बच्चे इस नशे की वजह से दम तोड़ रहे हैं। एक अध्ययन के अनुसार प्रदेश में लगभग दो लाख युवा इस नशे की गिरफ्त में हैं। प्रदेश सरकार ने सदन में जवाब दिया है कि पहली जनवरी, 2023 से 15 नवंबर 2023 तक चिट्टे से केवल पांच मौतें हुई हैं, लेकिन मरने वालों की इससे अधिक संख्या तो केवल बिलासपुर जिला की है। वास्तविक आंकड़ों को छिपाने के बजाए इस बीमारी का कारगर इलाज करना जरूरी है।

**सौगात** सीएम बोले-प्रदेश सरकार धार्मिक स्थलों में आधुनिक अधोसंरचना विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध

# माता चिंतपूर्णी तक 76.50 करोड़ से बनेगा रोप-वे

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

ऊना जिले में माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर तक यात्री रोप-वे के विकास के लिए रोप-वे और रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड हिमाचल प्रदेश के निदेशक अजय शर्मा ने शुक्रवार को जिला कांगड़ा के धर्मशाला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की उपस्थिति में मैसर्स स्काई हिमालय रोपवेज प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अमिताभ शर्मा को लेटर ऑफ अवार्ड (कार्य पत्र) प्रदान किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 1.1 किलोमीटर लंबे इस हवाई रोप-वे का निर्माण 76.50 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। इस अत्याधुनिक परिवहन प्रणाली से दोनों ओर प्रति घंटा 700 यात्रियों की आवाजाही सुनिश्चित होगी। साथ ही, यहां आने वाले पर्यटकों व श्रद्धालुओं को एक नया यात्रा अनुभव भी होगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना राज्य के युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान करेगी और धार्मिक पर्यटन को भी नई गति मिलेगी। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर का ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व है। हिमाचल प्रदेश स्थित शक्तिपीठों में इसका प्रमुख स्थान है।

उन्होंने कहा कि माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में रोप-वे सुविधा से न केवल भीड़भाड़ से राहत मिलेगी, बल्कि तीर्थ यात्रियों की सुरक्षित और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार तीर्थयात्रियों के लिए यादगार अनुभव और सुविधा प्रदान करने के लिए धार्मिक स्थानों में बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए विशेष अधिमान दे रही है।

उन्होंने मैसर्स स्काई हिमालय रोपवेज प्राइवेट लिमिटेड को इस परियोजना को समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को अतिशीघ्र बेहतर सुविधा मिल सके।



माता चिंतपूर्णी मंदिर तक रोप-वे निर्माण के लिए मैसर्स स्काई हिमालय रोपवेज प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अमिताभ शर्मा को प्रदान किया कार्य पत्र ।

### इस दौरान इन्होंने भरी हाजिरी

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, कैबिनेट मंत्री यादविन्द्र गोमा, हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष रघुबीर सिंह बाली, मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल और संजय अवस्थी, विधायक केवल सिंह पठानिया, संजय रतन, सुदर्शन बबलू, विनोद सुल्तानपुरी, आईडी लखनपाल, चैतन्य शर्मा, मलेंदर राजन, रोपवे और रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संजय गुप्ता, प्रधान सचिव परिवहन आर.डी. नजीम, मुख्य महा प्रबंधक आरटीडीसी रोहित ठाकुर और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## 25 को मनाएंगे सुशासन दिवस

**शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस 25 दिसंबर को पूरे देशभर में सुशासन दिवस के रूप में में मनाया जाएगा। हिमाचल प्रदेश में 25 दिसंबर को 7990 पोलिंग बूथों पर श्रद्धासुमन अर्पित करने की योजना है। भारतीय जनता पार्टी हर मंडल पर कवि गोष्ठी, सेवा कार्य, फल वितरण, चर्चा संगोष्ठियां आयोजित करेगी। डॉ. बिंदल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी इस शताब्दी के महानतम नेताओं में शामिल है। इन्होंने भारत के लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया और भारत के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हिमाचल प्रदेश के लिए उनका योगदान सर्वविदित है और उनको हम श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। 26 दिसंबर को देशभर में वीर बाल दिवस गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के चारों पुत्रों के बलिदान की याद में मनाया जाएगा।

## हर जगह अनंत ज्ञान


जयसिंहपुर बाजार में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ता एक पाठक।


जयसिंहपुर में अपने घर में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ने का आनंद लेता पठाक।


ब्लॉक कांग्रेस नगरोटा बगवां के महासचिव अरुण कटोच अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


जयसिंहपुर बाजार में व्यापारी अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


बैजनाथ से व्यापारी अश्वनी डोगरा अनंत ज्ञाान समाचार पत्र पढ़ते हुए


जयसिंहपुर के कुटाहन जीओ वीपी पेट्रोल पंप के कर्मचारी अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


जयसिंहपुर बाजार में अपनी दुकान में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ता हुआ व्यापारी।


जयसिंहपुर बाजार में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ने का आनंद लेते हुए पाठक।


कर्णघट पंचायत के उपप्रधान ज्ञानचंद धीमान अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


नगरोटा बगवां के कर्ण कन्गो अनंत ज्ञान समाचार पढ़ते हुए


बैजनाथ टैक्सी यूनियन के प्रधान उत्तम सिंह के साथ उनके सहयोगी चालक अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


लोअर सांबा से दुकानदार रणजीत सिन्हा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


जयसिंहपुर से महिंद्र भंडारी अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


नगरोटा बगवां के प्रदीप शर्मा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


नगरोटा बगवां के राकेश कौंडल अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


बैजनाथ से पेंशन संघ के प्रधान रमेश चड्ढा, पूर्व बीडीसी अध्यक्ष कुलभूषण चौधरी, एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी पालमपुर से सेवानिवृत्त अधिकारी गंगा राम अनंत ज्ञान समाचार पढ़ते हुए।

### मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने शुरू की राज्य की पहली 'दिव्य पूजा प्रणाली'

# अब घर बैठे कर सकेंगे कांगड़ा के देवी मंदिरों के दर्शन और पूजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को राज्य की पहली ऑनलाइन पूजा प्रणाली 'दिव्य पूजा प्रणाली' का शुभारंभ किया। इसके माध्यम से भक्तों को घर बैठे ही ऑनलाइन पूजा की सुविधा उपलब्ध होगी। कांगड़ा जिला के माता बज्रेश्वरी मंदिर, माता चामुंडा मंदिर और माता ज्वालामुखी मंदिर में वेबसाइट के माध्यम से वर्चुअल पूजा की सुविधा प्रदान की गई है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि इस वेबसाइट के माध्यम से श्रद्धालु किसी भी स्थान से ऑनलाइन पूजा और मंदिरों के लिए दर्शन पर्ची प्राप्त कर सकते हैं।

इस प्रणाली के माध्यम से भक्तों के लिए दान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया गया है। दान की गई राशि की ऑनलाइन रसीद की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि वेबसाइट पर विशेष अवसरों के लिए ई-पूजा बुकिंग, सराय बुकिंग, ऑनलाइन प्रसाद प्राप्त करने, ऑनलाइन दान करने के साथ-साथ मूर्तियों तथा पुस्तकों सहित धार्मिक वस्तुओं की खरीद की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है। जिला प्रशासन ने भक्तों के घरद्वार तक इन वस्तुओं की निर्वाध पहुंच सुनिश्चित करने के लिए भारतीय डाक विभाग के साथ समन्वय किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए राज्य सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कदम उठा रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने चामुंडा नंदिकेश्वर मंदिर ट्रस्ट का वर्ष 2024 का कैलेंडर भी जारी किया।


प्रदेश की पहली ऑनलाइन 'दिव्य पूजा प्रणाली' का शुभारंभ करते सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू, डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री व अन्य गणमान्य।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

**इस** अवसर पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, कैबिनेट मंत्री यादविंद्र गोमा, पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष रघुबीर सिंह बाली, मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल और संजय अवस्थी, विधायक केवल सिंह पठानिया, संजय रतन, सुदर्शन बबलू आदि मौजूद रहे।


अनंत ज्ञान बैजनाथ। द बीड़ को-ऑपरेटिव टी फैक्टरी के चेयरमेन अनुराग शर्मा और निर्देशक सतीश अबरोल ने विधानसभा में मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए दो लाख रुपए की राशि भेंट की।

## डीएवी स्कूल आलमपुर के 23 छात्र खेलेंगे नेशनल

**जयसिंहपुर।** डीएवी आलमपुर जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश के छात्रों ने डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स 2023-24 खेलकूद प्रतियोगिता में बाजी मारी। इन खेल प्रतियोगिताओं में डीएवी आलमपुर के छात्रों ने स्वर्ण पदक, कांस्य पदक व रजत पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स खेलकूद प्रतियोगिता में अंडर-14 बॉक्सिंग में अक्षम, मितुल, हर्ष ने स्वर्ण पदक, आदर्श, अभिनव राणा, रीवांशु, आर्यन ने रजत पदक व आदित्य ने कांस्य पदक जीतकर नेशनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया। अंडर-17 बॉक्सिंग में रूहान पठानिया ने स्वर्ण पदक व अंडर-17 बॉक्सिंग में लड़कियां में खुशी धीमान, सेजल मेहरा ने स्वर्ण पदक जीतकर नेशनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया। शूटिंग में दस मीटर एयर रायफल में अंगद चौहान ने स्वर्ण पदक जीता। अंडर-14 योगा में लड़कों में अंश जग्गी, रेयांश, रेवांत ने राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। बास्केटबॉल में अंडर-14 में कृषव, आदित्य, सिमोन, अक्षित, दक्ष व अंडर-17 में फरहान अहमद का चयन नेशनल के लिए हुआ।

## मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बढ़ाया हिमाचल का कद

**शालविया शर्मा, गरली**

कैप्टन संजय पराशर ने कहा है कि एक वर्ष के कार्यकाल में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश की जनता के हित में बड़े स्तर पर सकारात्मक निर्णय लेकर व्यवस्था परिवर्तन के नारे को सही मायनों में परिभाषित किया है।

सीएम की कार्यप्रणाली से हिमाचल प्रदेश का कद देश-दुनिया में बढ़ा है और कई मंचों पर मुख्यमंत्री द्वारा लिए गए फैसलों की मुक्तकंठ से प्रशंसा हो रही है। शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कैप्टन पराशर ने कहा कि बेशक प्राकृतिक आपदा के चलते मुख्यमंत्री के लिए सरकार चलाने का पहला वर्ष चुनौतियां से भरा रहा है। बावजूद सुखविंद्र सिंह की सरकार ने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली और बरसात से प्रभावित आबादी को वास्तविक समय पर राहत प्रदान करके राज्य की जनता के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता व दायित्व का बेहतरीन उदाहरण पेश किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री द्वारा सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई, युवाओं के लिए 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्टार्ट-अप योजना, निराश्रित बच्चों के सुखाश्रय योजना और राजस्व लोक अदालतों से 45,000 से ज्यादा इंतकाल के लंबित मामलों का निपटारा किया गया है। (अनंत ज्ञान)


सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू से बात करते कैप्टन संजय पराशर।


अपर लंबागांव में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए पाठक।


बैजनाथ से सेवानिवृत्त एसडीओ अनिल उपाध्याय व पत्नी मंजू उपाध्याय अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

## मां चामुंडा के दरबार पहुंचा अनंत ज्ञान समाचार पत्र





चामुंडा माता मंदिर के पुजारी अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


नगरोटा बगवां में कारोबारी आरके डोगरा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

## बधाइयां


हिमाचल प्रदेश से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर हार्दिक बधाई।
-नीरज वर्मा, लक्ष्मी ज्वेलर्स, नगरोटा बगवां


दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई
-हितेष कुमार, कुमार स्वीट्स शॉप, नगरोटा बगवां


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-राजेंद्र सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष, डाडासीबा


दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-दीपिका लखनपाल, कर्मचारी जल शक्ति विभाग, बैजनाथ


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को मेरी तरफ से हार्दिक बधाई।
-रोमा बजाज, बैजनाथ


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-संजीव मनकाटिया, सिद्धबाड़ी

## लोक निर्माण मंत्री ने धर्मशाला की तीन सड़कों का किया निरीक्षण


सड़कों का निरीक्षण करते लोक निर्माण विभाग के मंत्री विक्रमादित्या सिंह।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

लोक निर्माण, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री विक्रमादित्या सिंह ने शुक्रवार को धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के दूर-दराज क्षेत्र के थाथरी गांव का दौरा किया। मंत्री, वरिष्ठ लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ थाथरी गांव पहुंचे। लोगों के मुताबिक थाथरी गांव में पहली बार मंत्री के पहुंचने से लोगों में खुश थे।

लोक निर्माण मंत्री ने गांव के लोगों से भेंट की और उनकी समस्याओं को भी सुना। विक्रमादित्य सिंह ने शुक्रवार को धर्मशाला विधान सभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत तीन सड़कों के विस्तार एवं सुधार कार्य निरीक्षण किया और विभाग को सड़क कार्य को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। वहीं, लोक निर्माण मंत्री ने धर्मशाला के साथ लगते सांबर लाहड़ से थाथरी गांव तक साढ़े तीन करोड़ से सड़क के सुधार कार्य का निरीक्षण किया। इस सड़क के विस्तार और सुधार कार्य से धर्मशाला के अंतिम गांव की 450 आबादी लाभान्वित होगी। उन्होंने कोतवाली बाजार वया खड़ा डंडा मार्ग, हीरू, दसालनी से भागसूनाग सड़क के विस्तार कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में बेहतर आवाजाही के लिए पांच करोड़ 14 लाख से सड़क का विस्तार और सुधार किया जा रहा है।

## मंत्री के द्वार पहुंचा लूहना लैंड स्लाइड का दर्द

**नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां विधानसभा हलके के तहत मंगरेला (लूहना) में इस बार भारी बरसात में भूस्खलन हुआ है। इस कारण यहां कई घरों को खतरा बना हुआ है। यह मामला अब प्रदेश सरकार के लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह के पास पहुंचा है। शुक्रवार को एंटी टेरेरिस्ट फ्रंट के जिलाध्यक्ष बलविंद्र सिंह बबलू ने हजारों लोगों की मांग धर्मशाला में पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर विक्रमादित्य सिंह के समक्ष रखी। एंटी टेरेरिस्ट फ्रंट के जिलाध्यक्ष बलविंद्र सिंह बबलू ने लोक निर्माण मंत्री को बताया कि नगरोटा बगवां-लूहना-सद्दूं सडक़ पर मंगरेला गांव में भूस्खलन हुआ है। मंगरेला गांव लूहना पंचायत में आता है। उन्होंने पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह को इस बारे में मांग पत्र सौंपा। इस पर पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर विक्रमादित्य सिंह ने लोक निर्माण विभाग को आदेश दिए हैं कि वह शीघ्र इस दिशा में उचित कदम उठाए।


मंत्री विक्रमादित्य सिंह मिले एंटी टेरेरिस्ट फ्रंट के जिलाध्यक्ष बलविंद्र सिंह बबलू


नगरोटा बगवां में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ता हुए एक पाठक।


नगरोटा बगवां में विक्रम चंदअनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि.प्र.।**

मिसल न0 520/2023, ता. दा. 01.11.2023
तारीख पेशी: 19.01.2024

**अनुमान मुकदमा**

प्रार्थना पत्र प्रार्थीगण श्री किशोर चन्द, ब्रहम दास, अशोक कुमार पुत्रान गोपी निवासी महाल औहलडी मौजा हटवास तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि. प्र. ।

**प्रार्थी पक्ष बनाम आम जनता**
**जाति दरुस्ती बारे ।**

**अखबारी इश्तहार:** प्रार्थना पत्र प्रार्थीगण श्री किशोर चन्द, ब्रहम दास, अशोक कुमार पुत्रान गोपी निवासी महाल औहनडी मौजा हटवास तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा हि. प्र.। ने इस अदालत में उपस्थित हो कर आवेदन किया कि प्रार्थीगण की जाति महाल औहलडी मौजा हटवास के राजस्व रिकॉर्ड में जाति सिपी उपजाति कोंडल दर्ज है जो कि गलत है दरुस्ती की जावे। प्रार्थीगण की सही जाति लौहार उपजाति चौहान है।
अत: इस अदालती अखबारी इश्तहार द्वारा आम जनता को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को इस जाति दरुस्ती बारे एतराज हो तो वह दिनांक 19.01.2024 को अदालत में समय 11.00 बजे स्वयं या वजरिया कौंसल उपस्थित होकर अपना उजर/एतराज प्रस्तुत कर सकता है। उपस्थित ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी और जाति दरुस्ती बारे नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जाएंगे आज दिनांक 18.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए।

**नायव तहसीलदार एवं कार्यकारी अधिकारी नगरोटा बगवां हि.प्र.**

# कांग्रेस सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरे एबीवीपी के कार्यकर्ता


सेंट्रल यूनिवर्सिटी को लेकर कांग्रेस सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते एबीवीपी के कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

सेंट्रल यूनिवर्सिटी को लेकर एबीवीपी के कार्यकर्ता कांग्रेस सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरे। जदरांगल में बनने वाले कैंपस के लिए 30 करोड़ जमा न करवाने पर शुक्रवार को एबीवीपी ने मोर्चा खोला। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के धर्मशाला में बनने वाले कैंपस के निर्माण में हो रही देरी पर लोगों का आक्रोश अब सड़कों पर उतर आया है। कैंपस निर्माण को लेकर शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की धर्मशाला इकाई ने प्रदेश सरकार के खिलाफ आक्रोश रैली निकाली। छात्र संघ के कार्यकर्ता की आक्रोश रैली विश्वविद्यालय से शुरू होकर कचहरी चौक में आकर संपन्न हुई। यहां पर छात्र नेताओं और कार्यकर्ता ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया और जंदरागल कैंपस का पैसा जल्द जमा

### सीएम के बयान के बाद मचा तूफान

**सीएम** के बयान के बाद मचा तूफान हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के धर्मशाला में बनने वाले कैंपस के निर्माण में हो रही देरी अब लोगों को अखरने लगी है। हालांकि सारी कागजी औपचारिकताएं चुकी है, अब सिर्फ प्रदेश सरकार को 30 करोड़ रुपए जमा करवाने है। धर्मशाला के लोगों का मानना था, कि सरकार जल्द ही पैसा जमा करवा देगी, लेकिन हाल में सीएम सुक्खू के बयान ने सबको स्तब्ध कर दिया है। सीएम कहा कि यह क्षेत्र भूकंप के दृष्टि से संवेदनशील है, लिहाजा, यहां का दोबारा सर्वे करवाया जा रहा है। ऐसा बयान सामने आने के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। इसी मसले पर वीरवार को क्षेत्र की सामाजिक संस्थाओं ने अधिकार रैली निकाल कर प्रदेश सरकार के खिलाफ गुस्सा जाहिर किया था।

## धर्मशाला में डीसी कार्यालय के बाहर कांग्रेस के विधायकों व मंत्रियों ने जमकर की नारेबाजी

# लोकसभा सांसदों के निलंबन पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला में शुक्रवार को लोक सभा सांसदों के निलंबन पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। डीसी ऑफिस कार्यालय के बाहर इकट्ठा होकर विधायकों और मंत्रियों ने केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस मौके पर कृषि मंत्री चंद्र कुमार की अगुआई में प्रदेश के मंत्री, विधायक और पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा की केंद्र सरकार तानाशाही रवैया अपना रही है। उन्होंने हैरानी व्यक्त करते हुए कहा कि अब तो ऐसा माहौल बन गया है कि जो केंद्र सरकार के खिलाफ कुछ बोल रहा है। उनके खिलाफ जांच एजेंसियां लगाई जा रही है। सत्ता के नशे में चूर भाजपा अब लोकतंत्र की हत्या करने पर उतारू है। क्योंकि जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि जब सांसद में सरकार से कोई प्रश्न पूछ रहे है तो केंद्र सरकार उन्हें लोकसभा से ही निष्कासित कर दें रही है। उन्होंने कहा कि इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि एक साथ इतने सारे सांसदों को निष्कासित किया गया हो। ये लोकतंत्र के अधिकारों का हनन है। इसे कांग्रेस पार्टी कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। बहरहाल, धर्मशाला में शुक्रवार को लोक सभा सांसदों के निलंबन पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया।


सांसदों के निलंबन पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने के बाद नारेबाजी करते हुए कांग्रेस मंत्री व विधायक।

## न्यूज ब्रीफ

### नगरोटा बगवां में रक्तदान शिविर पहली को

**नगरोटा बगवां।** नव वर्ष 2024 के पावन अवसर पर एक जनवरी 2024 दिन सोमवार को नगरोटा सेवियर्स क्लब द्वारा रक्त दान शिविर का आयोजन गांधी ग्राउंड नगरोटा बगवां में किया जा रहा है। इस रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक करना है।

### दी बठरा कृषि सेवा सहकारी सभा के चुनाव 18 को

**डाडासीबा।** डाडासीबा तहसील के अंतर्गत आने वाली बठरा कृषि सेवा सहकारी सभा के प्रधान व अन्य कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव 18 जनवरी 2024 को होने सुनिश्चित हुए हैं। यह जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा सभा सचिव मलकियत सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि नामांकन दो जनवरी को भरे जाएंगे। सभी सभा सदस्यों से निवेदन है कि वे चुनाव प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लें।

### बच्चों ने जाने आग बुझाने के तरीके

**डाडासीबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाडी में एलएफएम ओम प्रकाश के नेतृत्व में अग्निशमन केंद्र संसारपुर टैरस की टीम द्वारा विद्यालय के बच्चों को आग व आपदा प्रबंधन में खुद को परिवार के बाकी सदस्यों को किस तरह जागरूक रहकर सुरक्षित रहना है के बारे में जागरूक किया। इस दौरान बच्चों ने माक ड्रिल में भी हिस्सा लिया। ओम प्रकाश ने बच्चों को किसी भी तरह की प्राकृतिक आपदा से निपटने के भी गुर सिखाए। इस दौरान प्रधानाचार्य गुरवचन सिंह ने बच्चों को आपदा प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### बाल स्कूल परागपुर में सजे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**परागपुर।** राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परागपुर में सांस्कृतिक रगारंग कार्यक्रम के साथ शुक्रवार को सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ हो गया। स्कूल प्रधानाचार्य सीमा कौसल की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस शिविर का उद्घाटन पूर्व प्रधानाचार्य परमिता धीमान व कमलेश कुमारी पूर्व अध्यापिक द्वारा विधिवत ढंग से किया गया। वहीं, इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी सुभाष ठाकुर व महिला अधिकारी गीतिका तोमर ने जानकारी देते हुए कहा कि यह शिविर 22 से 28 दिंसबर तक चलेगा। इसमें 48 स्वयंसेवी बॉलंटियर छात्र-छात्राएं भाग लेगी। वहीं, इस दौरान उद्घाटन समारोह पर लड़कियों ने पहाड़ी नाटी झमाकड़ा, पजांबी गिद्दा व नशे पर लघु हास्य नाटक की शानदार प्रस्तुति देकर प्रहार किया।

### चामुंडा मंदिर में मनाया गीता दिवस

**चामुंडा।** अजय शर्मा (प्रांत सह समर सत्ता प्रमुख विश्व हिंदू परिषद )की अध्यक्षता में चामुंडा मंदिर में विश्व हिंदू परिषद की एक बैठक की गई। इसमें दिनांक 24 दिसंबर को राम जन्मभूमि अयोध्या से प्रतिष्ठित अक्षत जो की लक्ष्मी नारायण मंदिर धर्मशाला में स्थापित है, उनके वितरण संबंधी रूप रेखा तैयार की गई। इस बैठक के साथ-साथ विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी ने गीता दिवस के विशेष कार्यक्रम में जो की चामुंडा मंदिर में मनाया गया। इस अवसर पर संस्कृत कॉलेज चामुंडा के विद्यार्थियों द्वारा मंत्रो उच्चारण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कृष्ण शर्मा आचार्य संस्कृत कॉलेज चामुंडा ने अपना संबोधन गीता से संबंधित दिया। विश्व हिंदू परिषद की इस बैठक में इंजीनियर अजय शर्मा के साथ डॉक्टर अजय भिवागा अध्यक्ष कांगड़ा विभाग विश्व हिंदू परिषद व इंजीनियर राजेंद्र बढ़जात्या जिला सेवा प्रमुख एवं नगर सहसंयोजक विश्व हिंदू परिषद ने मुख्य रूप से भाग लिया।

### कांता कॉलेज में मनाई गीता जयंती

**जवाली।** कांता कॉलेज आफ एजुकेशन चलवाड़ा में शुक्रवार को गीता जयंती का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉक्टर सुरभि अग्रवाल समस्त शिक्षक गण तथा प्रथम वर्ष के प्रशिक्षु अध्यापक शामिल रहे। गीता जयंती के उपलक्ष्य पर बीएड प्रशिक्षुओं द्वारा श्रीमद् भागवत गीता के उपदेशों का उल्लेख किया। इसमें मोहित कुमार, साक्षी जमवाल तथा नवदीप कुमार द्वारा गीता के श्लोकों का व्याख्यान किया गया। इसके उपरांत श्रुतिका तथा उसके समूह द्वारा बड़े ही अच्छे अभिनय तथा नृत्य द्वारा इस काल में व्यस्त समय होते हुए भी गीता के उपदेशों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज प्राचार्या द्वारा मुख्य अतिथि को गीता जयंती के स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया गया।

### थुरल कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय गणित दिवस

**डरोह।** महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल में शुक्रवार को राष्ट्रीय गणित दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. कमल कुमार द्वारा किया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। गणित विभाग के प्राध्यापक डॉ. विशाल वालिया ने श्रीनिवास रामानुजन के द्वारा किए गए गणित अनुसन्धान पर विस्तार से प्रकाश डाला और आज के इस गणित दिवस के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के लगभग 85 विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में टीम सी प्रथम, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में सबीना प्रथम, सिया द्वितीय तथा पारुल तृतीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में राहुल शर्मा प्रथम रहे।

### धर्मशाला कॉलेज को मिला बी प्लस प्लस ग्रेड

**धर्मशाला।** राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला को यूजीसी की नैक संस्था द्वारा इस बार बी प्लस प्लस ग्रेड से नवाजा गया है। गौरतलब है कि हाल ही नैक की तीन सदस्यीय टीम ने बीते 12 व 13 दिसंबर को राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला का निरीक्षण किया था। इसस दौरान टीम ने कॉलेज की अकादमिक गुणवत्ता के साथ-साथ प्रशासनिक और ढांचागत व्यवस्था का मूल्यांकन किया था। यह मूल्यांकन वर्ष 2017 से 2022 तक के अकादमिक वर्षों के एसएसआर के आधार पर हुआ है। टीम ने महाविद्यालय में हर तरह के पहलू की जांच परख करने के बाद बी प्लस प्लस का ग्रेड दिया है। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. आरती वर्मा ने बताया कि नैक ने अपने निरीक्षण के बाद महाविद्यालय के बेहतरीन आधारभूत ढांचे ओ अन्य पहलुओं को ध्यान में रखते हुए नैक से मिलने वाले ग्रेड में 24 अंकों की बढ़ोतरी हुई है।

### उपराष्ट्रपति की नकल करने पर की घोर निंदा

**नूरपुर।** राज्यसभा के सभापति की नकल कर विपक्ष ने अपने मानसिक दिवालियेपन का परिचय दिया है। वहीं, विपक्ष की ओर से तथाकथित प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार राहुल गांधी द्वारा उस नकल की अपने मोबाइल में रिकॉर्डिंग करना उनकी घोर अपरिपवक्ता का परिचय है। यह बात प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष डॉक्टर राजीव भारद्वाज ने जसूर में पत्रकारों से प्रेसवार्ता में कही। डॉक्टर राजीव ने कहा कि उपराष्ट्रपति का पद संबैधानिक पद है। इस पद के प्रति देश के सभी नागरिकों का बहुत सम्मान होता है और संविधानिक संस्थाओं के प्रति विपक्षी दलों के विशेष कर राहुल गांधी व तृणमूल कांग्रेस के इस कृत्य की घोर निंदा की जानी चाहिए।

# आर्य कॉलेज नूरपुर में मां सरस्वती की पूजा के बाद स्थापित की मूर्ति

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर में मां सरस्वती की मूर्ति की विधिवत स्थापना की गई। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम हवन करवाया गया और उसके बाद मां सरस्वती का पूजन किया गया है। महाविद्यालय कर्मचारियों की तरफ से प्रांगण में महाविद्यालय के छात्रावास छात्राओं के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने मां सरस्वती की मूर्ति की स्थापना के मौके पर सभी छात्र व छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर प्रोफेसर संजय जसरोटिया, डॉक्टर नीरा रश्मि, प्रोफेसर सीमा ओहरी, डॉक्टर दिलजीत सिंह, डॉक्टर अनिल कुमार , प्रोफेसर मनजीत सिंह, डॉक्टर चंचल शर्मा, डॉक्टर सोहन कुमार ,प्रोफेसर शशि वाला, प्रोफेसर रीमा, प्रो. पर्ल बख्शी, प्रोफेसर सुरजीत कुमार, प्रो. शिव कुमार, डॉ. मनोज कुमार, डॉ रोहित कुमार, प्रो. भारती, प्रो. सुरजीत सिंह, डॉ. सुरेश चौधरी, प्रो. मधु, प्रोफेसर मोनिका, शिखा, कार्यालय अधीक्षक संदीप पठानिया, प्राध्यापक अभिभावक कार्यकारिणी (पीटीए) के अध्यक्ष किशोरी लाल, उपाध्यक्ष राकेश चौधरी, सदस्य कपिल सिंह, मुख्य सलाहकार तरसेम मन्हास, भूषण शर्मा एवं बीबॉक का समस्त शैक्षिक कर्मचारी वर्ग उपस्थित रहा।



आर्य कॉलेज नूरपुर में मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित करते स्टाफ के सदस्य।

# बिजली गुल, 15 घंटे तक अंधेरे में डूबा रहा नगरोटा

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

विद्युत उपमंडल नगरोटा बगवां में करीब 15 घंटे विद्युत आपूर्ति ठप रहने से लोगों को रात अंधेरे में गुजारने को मजबूर होना पड़ा। 33 केवी की विद्युत तारें टूटने एवं एनर्जी सेल आउट न हो पाने से बोर्ड को करीब तीन से चार लाख का नुकसान उठाना पड़ा।

नगरोटा बगवां विद्युत उपमंडल के अंतर्गत वीरवार रात करीब आठ बजे त्रिंड गांव में एक ट्रैक्टर चालक द्वारा विद्युत पोल और स्टे वायर को टक्कर मारने से बोर्ड की 33 केवी विद्युत तारों टूट गई। विद्युत प्रवाह न हो पाने से उपमंडल के करीब 25 गांवों में आपूर्ति वीरवार रात आठ बजे से शुक्रवार सुबह साढ़े ग्यारह बजे तक बाधित रही। वहीं, करीब 15 घंटे तक लोगों को परेशानी उठाना पड़ी। गांव भद्रेहड के गगन सिंह, जगरूप सिंह, गोरख, निक्का एवं अन्य गांवों के लोगों ने विरोध जताते हुए विद्युत बोर्ड से गुहार लगाते हुए कहा कि क्षेत्र में बार-बार विद्युत आपूर्ति बाधित होने से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है तथा नौकरी पेशा व्यक्तियों को भी परेशानी से जूझना पड़ रहा है। एसडीओ प्रवीण कुमार ने ट्रैक्टर चालक को हिदायत दी है कि वे यदि विभाग के समक्ष पेश नहीं हुए तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी तथा बोर्ड को हुए नुकसान की भरपाई भी करना पड़ सकती है।

उन्होंने बताया कि नगरोटा बगवां उपमंडल के करीब 25 गांवों में विद्युत आपूर्ति बाधित रही। उन्होंने बताया कि बोर्ड को लगातार विद्युत आपूर्ति को बहाल करने हेतु युद्ध स्तर पर कार्य जारी रखना पड़ा, जिससे शुक्रवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे बिजली बहाल हो पाई। बहरहाल, विद्युत उपमंडल नगरोटा बगवां में करीब 15 से 16 घंटे विद्युत आपूर्ति ठप रहने से लोगों को रात अंधेरे में गुजारने को मजबूर होना पड़ा।

## वाइट मेडिकल कॉलेज पठानकोट में करवाएं फ्री इलाज

**शाहपुरकंडी।** सलारिया जनसेवा फाउंडेशन की एक विशेष बैठक गांव वोपर सेंदा में फाउंडेशन के संस्थापक एवं जाने-माने उद्योगपति भाजपा नेता ठाकुर स्वर्ण सलारिया की देखरेख में संपन्न हुई। इस मौके पर फाउंडेशन के डायरेक्टर्स, डिप्टी डायरेक्टर्स, सलाहकार एवं गांव प्रधान को संबोधित करते हुए ठाकुर स्वर्ण सलारिया ने फाउंडेशन की रीति नीति एवं उसकी व्यवस्था को बारीकी से समझाया। उन्होंने कहा कि गुरदासपुर लोकसभा हलके के सभी नौ विधानसभा क्षेत्र में डायरेक्टर, डिप्टी डायरेक्टर एवं ग्राम प्रधानों की नियुक्ति की जा चुकी है तथा शीघ्र ही ब्लॉक प्रधानों की नियुक्ति भी की जाएगी, ताकि सभी लोग अपने कार्ड बनवा कर वाइट मेडिकल कॉलेज पठानकोट में अपना मुफ्त इलाज करवा सकते हैं। इस अवसर पर डॉक्टर दिनेश शर्मा, पुष्पेंद्र सिंह पठानिया, कमल ठाकुर, डिप्टी डायरेक्टर रमा ठाकुर, भूपेंद्र कुमार, जगजीत ठाकुर, नीलम कुमार, राजू पंडित, जसबीर, हीरा कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# शाहपुरकंडी में 21 दुकानदारों के चालान काट वसूला जुर्माना


खुले में तंबाकू व सिगरेट बेचने पर दुकानदारों के चालान काटे गए।

**अनंत ज्ञान, शाहपुरकंडी**

पंजाब सरकार द्वारा नशे पर नकेल डालने की मुहिम के तहत शुक्रवार को रणजीत सागर बांध परियोजना के सरकारी अस्पताल की ओर से एसएमओ डॉक्टर जसविंद्र पाल के दिशा निर्देशों के चलते अस्पताल के सीनियर डॉक्टर डीएन चौधरी एवं उनकी टीम की ओर से जुगियाल, अदियाल, शाहपुरकंडी एवं आसपस के क्षेत्र में कई दुकानों पर छापेमारी कर करीब 21 दुकानदारों के चालान काटकर मौके पर ही उनसे जुर्माना वसूला गया।

इस मौके पर जानकारी देते हुए डॉक्टर डीएन चौधरी ने बताया कि अक्सर देखने में आया है कि दुकानदार खुले में तंबाकू, सिगरेट एवं 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को तंबाकू युक्त पदार्थ बेचते हैं। इसके चलते आज एसएमओ डॉक्टर जसविंद्र पाल के दिशा-निर्देशों के चलते उनकी टीम की ओर से शाहपुरकंडी टाउनशिप एवं आसपास के इलाके से करीब 21 दुकानदारों के चालान काटे गए हैं तथा उनसे मौके पर जुर्माना भी वसूला गया है। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई भी दुकानदार खुले में सिगरेट या अन्य तंबाकू युक्त समान बेचता पकड़ा गया तो उस पर जुर्माने व कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। इस मौके पर सीनियर टेक्नीशियन दर्शन सिंह काहलो, सरदार गुरिंदर सिंह रंधावा एवं पेस्को के जवानों सहित कई दुकानदार मौजूद थे।

## 'ये वादियां' गाना यू ट्यूब पर हुआ रिलीज



ये वादियां गाने को पोस्टर रिलीज।

**बैजनाथ।** राजवंश फिल्म्स के बैनर तले बना गाना ये वादियां शुक्रवार को यू-ट्यूब चैनल पर डीसी ठाकुर उपमंडलाधिकारी बैजनाथ के कर कमलों द्वारा रिलील हो गया है। ये एक हिंदी गाना है जिसे हिमाचल की खूबसूरत वादियों में फिल्माया गया है। इस गाने में के अंश राजवंश व रिजुअल सिंह ने अभिनय किया है। आपको बता दें रिजुअल सिंह मिस हिमाचल का ताज सुशोभित कर चुकीं हैं।

गाने का संगीत पुष्पांक अनमोल द्वारा और गायक ऋतिक भारद्वाज हैं। गाने का फिल्मांकन डायरेक्शन अंशुल धीमान व डीओपी सेवास्तीन द्वारा किया गया है। इससे पहले भी राजवंश फिल्म्स द्वारा कई सुपरहिट हिंदी व पहाड़ी गाने धूम मचा रहे हैं। राजवंश फिल्म्स के डायरेक्टर व प्रोड्यूसर अंशुल धीमान ने बहुत सारे हिमाचली व स्थानीय कलाकारों को अपना हुनर दिखाने का मौका दिया है। राजवंश फिल्म्स द्वारा ये गाना विभिन्न रमणीक स्थलों पर फिल्माया गया है पूर्व मैं भी आप सभी का भरपूर प्यार व आशीर्वाद मिला है। अत: गाने को ज्यादा से ज्यादा शेयर व लायक कर अपना स्नेह पूर्ववत बनाए रखिएगा। इससे पहले भी अंशुल धीमान के कई गाने रिलीज हो चुके हैं पिछले दिनों अंशुल धीमान ने क्राइम पर आधारित एक लघु फिल्म बनाई थी।

# ढाटी स्कूल में स्टूडेंट्स का डांस देखकर हर कोई दंग

**राकेश डोगरा, डरोह**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाटी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि की भूमिका हिमाचल प्रदेश सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय चौहान ने अदा की। सबसे पहले दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। स्कूल के प्रधानाचार्य रमेश चंद चौधरी ने आए हुए मेहमानों का अभिनंदन किया साथ ही मुख्यातिथि का यहां आने पर आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर साल भर की गतिविधियों का विवरण सुनाया। उन्होंने मुख्यातिथि के आगे स्कूल में मंच बनवाने के लिए आग्रह किया साथ ही अन्य मांगें भी रखीं। संजय चौहान ने प्रधानाचार्य रमेश चंद चौधरी का उन्हें यहां मुख्यातिथि के रूप में बुलाने के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना को शुरू करने के साथ अगले शैक्षणिक सत्र से पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम के स्कूल आरंभ किए जाएंगे। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व डांस प्रस्तुत किया। बच्चों को विभिन्न गतिविधियों में प्रथम आने पर सम्मानित भी किया गया साथ ही अतिविशिष्ट व्यक्तियों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में एसएमसी प्रधान निक्का राम, अन्य स्कूलों के प्रधानाचार्य रजनीश अतरी, ध्रुव पटियाल, विजय शर्मा, बलवीर सिंह राणा, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य प्रकाश चंद मिश्रा, नवीन गुलेरिया, लेख राज, बमियाल पंचायत के प्रधान अनुपमा आदि लोग मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)


कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देती ढाटी स्कूल की छात्राएं।

**कार्रवाई** वन भूमि कब्जाधारियों पर चला विभागीय डंडा, खुशीनगर में तीन लोगों के हटाए कब्जे

# नूरपुर शहर में अवैध कब्जों पर चला बुल्डोजर

**संजीव महाजन, नूरपुर**

पहले नशा माफिया फिर खनन माफिया और अब वन भूमि कब्जा धारी की भी खैर नहीं। एक-एक कर हटाए जाएंगे कब्जे। नूरपुर में वन विभाग अब वन भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त हो चुका है। डीएफओ अमित शर्मा ने अवैध कब्जाधारियों पर नकेल कसनी शुरू कर दी है।

डीएफओ नूरपुर अमित शर्मा का कहना है कि नूरपुर में किसी भी सूरत पर वन भूमि पर कब्जा करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा। इसके साथ वन्य प्राणियों का शिकार तथा अवैध कटान करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, नूरपुर डीएफओ अमित शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि खुशीनगर में वन विभाग के कार्यालय के समीप कुछ लोगों ने वन भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण किए थे। इसको लेकर विभाग ने डीमार्केशन करवाई तथा विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इन निर्माणों को रोका तथा कार्रवाई करते हुए तीन अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चला कर गिरा दिया है। इसमें वन भूमि अधिनियम के अंतर्गत करतार व देवी सिंह ने अवैध निर्माण कर रखा था तथा एक पशुशाला जो सरकारी वनभूमि पर बनाई गई थी को विभाग ने कार्रवाई करते हुए गिराया है। डीएफओ अमित शर्मा ने कहा कि जहां से भी हमें सूचना मिलती है, ऐसे हो रहे, या हो चुके, निर्माण को तुरंत रोक कर गिराया जाता है। अभी सिंवली में ऐसे निर्माणों को गिराया गया है। वहीं, नूरपुर डीएफओ अमित शर्मा ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि वनभूमि पर ऐसे निर्माण करने वालों से हमारा आग्रह है कि वन भूमी पर किसी तरह का निर्माण तथा अवैध कब्जा करने की कोशिश न करें। इसके अलावा वन्य प्राणियों का शिकार तथा अवैध कटान जैसे अपराधों से भी परहेज करें। अन्यथा ऐसे लोगों के खिलाफ विभाग सख्त कदम उठाएगा। (अनंत ज्ञान)


नूरपुर के खुशीनगर में अवैध कब्जे हटाती जेसीबी मशीन। वहीं, सिंवली में भी कब्जाधारियों को खदेड़ा।

## मरीजों को फल जूस भेंट कर मनाया जन्मदिन

**जवाली।** यूं तो लोग अपने जन्मदिन पर केक काट अपने मित्रों व रिश्तेदारों के साथ मनाते हैं, परंतु कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो इसके विपरीत भी कुछ अलग हट कर करते हैं। ऐसा ही कुछ जवाली क्षेत्र से संबंध रखने वाले विश्व प्रसिद्ध ज्योतिष शास्त्री पंडित विपिन कुमार शर्मा ने बहुत सादगी से अपना जन्मदिन मनाया। अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य पर पंडित विपन शर्मा ने जवाली के सिविल अस्पताल में मरीजों व समस्त स्टाफ को फल-जूस बांटकर अपना जन्मदिन मनाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने सभी मरीजों को हॉस्पिटल के समस्त कर्मचारी वर्ग को फल, जूस, बिस्कुट आदि वितरित किए। इस दौरान उनके साथ आनंद गौतम, श्याम, नरेश चौहान, सौजन्य, चैतन्य आदि उपस्थित रहे।

जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं कि उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।
–अल्बर्ट आइंस्टीन



# राजनीतिक बना मिमिक्री विवाद

**राज्यसभा** के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री करने को लेकर देश में बवाल मचा हुआ है। राज्यसभा से निलंबित संसद कल्याण बनर्जी ने उपराष्ट्रपति के बोलने की शैली की नकल उतारी थी, जिसका वीडियो बनाते हुए राहुल गांधी नजर आए थे। इसके बाद उपराष्ट्रपति ने इस घटना की निंदा की। कई लोग कल्याण बनर्जी के विरोध में उतर आए हैं। मिमिक्री वैसे नेताओं का काम नहीं है। यह तब ठीक लगती है, जब केवल कॉमेडियन ऐसा करते हैं। नेताओं का काम तो राजनीति करना होता है। हालांकि, नारद मुनि भी नकल करते थे। अकबर और बीरबल जब बात करते थे तो उनकी नकल भी होती थी। उस समय बीरबल अकबर के सामने दूसरे राजाओं की नकल किया करते थे। खैर, धनखड़ की मिमिक्री का मुद्दा गंभीर रूप लेता जा रहा है। वहीं, नकल करने वाले सांसद कल्याण बनर्जी अब सफाई दे रहे हैं कि उनका अपमान करने का कोई इरादा नहीं था। उन्होंने किसी का नाम भी नहीं लिया था। इस मामले में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक ने धनखड़ के 'अपमान' पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। वहीं, धनखड़ ने एक कदम आगे बढ़कर इसे अपनी जाति का अपमान बताया दिया। धनखड़ जाट बिरादरी से आते हैं। यूपी, हरियाणा, राजस्थान की कई लोकसभा सीटों पर जाट के वोटरों का असर है। अब जाट इसे अपनी प्रतिष्ठा से जोड़कर देख रहे हैं और प्रदर्शन पर उतारु हैं। वहीं, भाजपा ने इस मामले को लपक लिया है और जातिगत अस्मिता के सवाल को धार देने की कोशिश कर रही है। पिछले कुछ सालों में सरकार के खिलाफ किसानों का आंदोलन हो या खिलाड़ियों का प्रदर्शन इन सभी में इसी समुदाय ने सबसे ज्यादा हिस्सा लिया है, तो भाजपा इसे अब 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए डैमेज कंट्रोल की तरह देख रही है। देशभर में इस मुद्दे पर प्रदर्शन हो रहे हैं। फिलहाल, अब यह देखना है कि जमीन पर विपक्ष को ये मुद्दा कितना दर्द देगा। इतना जरूर है कि अचानक उपजा यह मामला केंद्र सरकार के लिए राहत लेकर आया है। देश के चार राज्यों–उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली में जाट चुनावों में अहम भूमिका निभाते हैं। राजनीतिक रूप से शक्तिशाली समुदाय लगभग 40 लोकसभा सीटों और लगभग 160 विधानसभा सीटों पर परिणामों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। 2024 में लोकसभा और हरियाणा विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में राजनीतिक दल मिमिक्री विवाद से जाट राजनीति को हवा देने में जुटे हैं। कुल मिलाकर मिमिक्री विवाद अब राजनीतिक लगने लगा है। बात इतनी बड़ी है नहीं, जितनी बनाई जा रही है। खैर, संसद में जो भी हुआ वह ठीक नहीं हुआ। संसद परिसर में उपराष्ट्रपति का मजाक उड़ाना किसी भी लिहाज से ठीक नहीं है। सम्मान व्यक्ति का नहीं पद का होता है। नेताओं को बहुत सावधानी से काम करना चाहिए, क्योंकि उनकी बातों को कार्यकर्ता फॉलो करते हैं, इसलिए सावधानी से ही नेताओं को काम करना चाहिए।

# सुख में सबको काम, दुख में न कोई किसी का राम

समाज की इस दी हुई पीड़ा को दरकिनार कर स्वयं को संगठित व मजबूत कर अपने लक्ष्य के प्रति आगे बढ़ते चले जाएं। इस बीच जीवन की दी हुई यह पीड़ा न केवल कम होगी, बल्कि जिंदगी होने का भी एहसास होगा। (इसमें संबंधित परिवार की जानकारी को पूरी तरह से गोपनीय रखा गया है जैसा कि वे चाहते हैं) सच कहूं जब कोई व्यक्ति दुख के समय में होता है, तो उसकी मदद को भी सैकड़ों नहीं, बल्कि हजारों इंसान अपने हाथ जरूर बढ़ाते हैं। इस बीच जो दर्द समाज का ही नहीं, बल्कि अपनों का दिया हुआ होता है, उसका अंदाजा तो केवल एक पीड़ित पक्ष ही लगा सकता है। भले ही मदद के तौर पर हम पीड़ित व्यक्ति को पूरा ढांढस बढ़ाने का भी काम कर लें, लेकिन पल-पल पीड़ा को सहता पीड़ित इंसान उस दर्द को न केवल झेलता है, बल्कि उससे मुकाबला भी करता है। सचमुच इस सांसारिक यात्रा में इंसान को जीवन की दी हुई पीड़ा से कहीं ज्यादा वह सामाजिक पीड़ा होती है, जो पल-पल व्यक्ति को खंडित करती रहती है।




लेखक : राजेश कुमार जसवाल
सहायक लोक संपर्क अधिकारी जोगिंद्रनगर।

**जीवन** कई खट्टे-मीठे अनुभवों की खान होता है। ऐसे अनुभव न केवल हमें जीवन के वास्तविक रंगों से रू-ब-रू करवाते हैं, बल्कि समाज और आसपास के परिवेश को भी देखने, समझने व जानने का मौका मिलता है। हमारा समाज जहां नेक दिल व दूसरों के प्रति समर्पित रहने वाले लोगों से भरा पड़ा है, तो उसी समाज में कुछ ऐसे परजीवी भी होते हैं, जो दूसरों के हक-हकूक को छीनकर स्वयं को सिकंदर साबित करने का असफल प्रयास करते रहते हैं।

यदि नियति पर जाएं, तो हमेशा सच्चा व नेक दिल इंसान ही जीवन में न केवल मोक्ष को प्राप्त करता है, बल्कि जीवन भी उसी व्यक्ति का सफल होता है। यहां सफलता महज ऊंचा रुतबा, पद, प्रतिष्ठा या फिर आर्थिक व भौतिक सुख-सुविधाओं से नहीं, बल्कि व्यक्ति की अंतरात्मा व ईश्वर के प्रति श्रद्धाभाव से जुड़ा हुआ है। अब आपको यह लग रहा होगा कि आखिर मैं यहां क्या कहना चाह रहा हूं। वास्तव में आप सभी के साथ समाज की उस पीड़ा को साझा करना चाहता हूं, जो व्यक्ति जीवन की पीड़ा से न केवल ग्रसित होता है, बल्कि लड़ भी रहा होता है, जिसकी गहराई का अंदाजा न कोई इंसान लगा सकता है और न ही एक सामान्य इंसान उसे महसूस कर पाता है। जब वह पीड़ा शब्दों से ज्यादा भावनाओं के माध्यम से व्यक्त की जाने लगे, तो इसी से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि वास्तव में पीड़ा का दर्द कितना भयंकर और अंतर्मन तक उसे चोटिल कर रहा होता है।

यहां में एक ऐसी सच्ची व हृदय विदारक घटना को आप सभी से साझा करना चाह रहा हूं। हुआ यूं कि पिछले दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री अपने दौरे पर थे। इस दौरान कई लोगों ने अपनी पीड़ा और दुख को मुख्यमंत्री के समक्ष न केवल रखा, बल्कि आर्थिक मदद की भी गुहार लगाई।



मुख्यमंत्री साहब ने भी आर्थिक मदद को न केवल तेजी से हाथ आगे बढ़ाए, बल्कि समयबद्ध आर्थिक मदद भी पीड़ित परिवार तक पहुंच गई। एक जनसंपर्क कर्मी के नाते इसका व्यापक प्रचार-प्रसार हुआ तो लाभार्थी के घर हम पहुंच गए।

घर पहुंचकर जब पीड़ित परिवार से बातचीत की, तो उन्होंने न केवल अपनी पीड़ा को व्यक्त किया, बल्कि नितदिन मिलने वाली सामाजिक पीड़ा से भी अवगत करवाया। सच में जो बातें इस पीड़ित परिवार ने बताई उसने न केवल मुझे अंदर तक झकझोर दिया, बल्कि नोटपैड पर चलती कलम को विराम देना ही उचित समझा।

जिस सामाजिक पीड़ा का जिक्र उस परिवार ने किया। सचमुच ऐसी घटनाएं इंसान प्रतिदिन अपने आसपास न केवल सदियों से झेलता आ रहा है, बल्कि जब तक यह सृष्टि रहेगी यह बदसूरत जारी भी रहेगी। हम कैसे निर्दयी एवं स्वकेंद्रित इंसान होते हैं, जो निजी स्वार्थ के आगे नहीं सोच पाते हैं। हमें पीड़ित परिवार की न केवल पीड़ा असहज बनाती है, बल्कि उल्टे पीड़ित परिवार का दर्ज बढ़ाने का काम गाहे-ब-गाहे जरूर करते हैं। आखिर जिंदगी की सच्चाई भी तो यही है, इसे जितनी जल्दी समझ लिया जाए, उतना बेहतर है।

ऐसे में मैंने न केवल पीड़ित परिवार का हौसला बढ़ाया, बल्कि तय लक्ष्य के प्रति अग्रसर रहने के लिए प्रेरित करने का भी काम किया। यही कहा कि हमारा समाज चढ़ते सूरज को ही नमस्कार करता है। इस पीड़ित परिवार में भी आगे बढ़ने का पूरा जज्बा है। बस समाज की इस दी हुई पीड़ा को दरकिनार कर स्वयं को संगठित व मजबूत कर अपने लक्ष्य के प्रति आगे बढ़ते चले जाएं। इस बीच जीवन की दी हुई यह पीड़ा न केवल कम होगी, बल्कि जिंदगी होने का भी एहसास होगा। (इसमें संबंधित परिवार की जानकारी को पूरी तरह से गोपनीय रखा गया है जैसा कि वे चाहते हैं) सच कहूं जब कोई व्यक्ति दुख के समय में होता है, तो उसकी मदद को भी सैकड़ों नहीं, बल्कि हजारों इंसान अपने हाथ जरूर बढ़ाते हैं। इस बीच जो दर्द समाज का ही नहीं, बल्कि अपनों का दिया हुआ होता है, उसका अंदाजा तो केवल एक पीड़ित पक्ष ही लगा सकता है। भले ही मदद के तौर पर हम पीड़ित व्यक्ति को पूरा ढांढस बढ़ाने का भी काम कर लें, लेकिन पल-पल पीड़ा को सहता पीड़ित इंसान उस दर्द को न केवल झेलता है, बल्कि उससे मुकाबला भी करता है। सचमुच इस सांसारिक यात्रा में इंसान को जीवन की दी हुई पीड़ा से कहीं ज्यादा वह सामाजिक पीड़ा होती है, जो पल-पल व्यक्ति को खंडित करती रहती है। इसलिए किसी भी व्यक्ति के प्रति हमें कुछ भी कहने व सुनने से पहले वास्तिकता को पहचानने का प्रयास करना चाहिए। हो सकता है आपके कहे शब्द पीड़ित पक्ष को न केवल एक नई जिंदगी जीने की उमंग जगा जाए या फिर किसी इंसान की जिंदगी को ही नर्क बना दे। आओ हम सब मानवता के कल्याण के लिए एक इंसान होने का फर्ज निभाएं, क्योंकि यह मनुष्य जीवन दोबारा नहीं मिलेगा। यह समाज की सच्चाई है कि सुख में सबका हर किसी से नाता होता है और काम होता है, लेकिन दुख में कोई किसी का राम नहीं बनता है यानी कोई हमदर्द नहीं होता है। ईश्वर भी एक मनुष्य के माध्यम से ही किसी की मदद करता है, हमें समाज में ईश्वर के इस काम के लिए आगे आना चाहिए।

## बोलता है कैमरा...




**अर्की।** डॉ. देशराज शर्मा की ओर से तैयार किए गए विज्ञान सम्मत, वैदिक गणितीय गणनाओं पर आधारित, देशराजीय-पंचांग (कैलेंडर) विक्रम संवत् 2081(सन् 2024–25 ई.) का गीता जयंती पर राज्यपाल शिव प्रसाद शुक्ल ने विमोचन किया। डॉ. देशराज ने बताया कि इस पंचांग- कैलेंडर में सर्वप्रथम देवनागरी अंकों में प्रविष्टि, फिर अंग्रेजी तारीख और दोनों के मूल में प्रतिपदा, द्वितीया आदि तिथियां व्यवस्थित हैं।

## प्रेरक कथा



## संदेह पर पछतावा

**एक** लकड़ा और लड़की हमेशा एक साथ ही खेलते थे। एक दिन लड़की ने अपने पास कुछ मिठाई रखी थी और लड़के पास कुछ खिलौने थे। लड़के ने लड़की से कहा,' क्या तुम मुझे अपनी सारी मिठाई दे सकती हो। इसके बदले में तुम्हें अपने सारे खिलौने दे दूंगा।' लड़की इस बात के लिए राजी हो गई और अपनी सारी मिठाई उस लड़के को दे दी। लड़के ने भी सारे खिलौने उस लड़की को दे दिए, बस एक सुंदर सा खिलौना अपने पास चुपके से रख लिया। लड़की खिलौने पाके खुश हो गई और अपने घर चली गई। लड़का भी मिठाई पाकर खुश हुआ वो भी अपने घर आ गया। लड़की रात को आराम से सो गई, पर लड़के को रात भर नींद नहीं आई, क्योंकि वो लड़का रात भर बस यह सोच के परेशान हो रहा था कि क्या? वो लड़की भी कुछ स्वादिष्ट मिठाई उससे छुपा ली होगी। जिस तरह उसने अपना सबसे अच्छा खिलौना छुपाया है। इसी तरह अगर आप किसी के साथ गलत करते हैं, तो आपको चिंता बनी रहती है कि वो भी हमारे साथ गलत करेगा, इसलिए हमें हमेसा किसी के साथ गलत नहीं करना चाहिए।

# खो रहे स्नेह और नैतिकता के संस्कार, बिखर रहे परिवार

**आज** दुनिया जिस रफ्तार से विकास के पथ पर आगे बढ़ रही है, उसी रफ्तार से बच्चों में संस्करों में कमी आ रही है। इस कारण हिंसा, अपराध दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। बुजुर्गों को वृद्धाश्रमों में आश्रय लेना पड़ रहा है। बच्चों को बचपन से ही संस्कार माता-पिता से मिलते हैं, जो संस्कार इनको माता-पिता देते हैं, उन्हीं में ढलकर वह अपना जीवन व्यतीत करते हैं। बचपन गीली मिट्टी के समान होता है। इस गीली मिट्टी में कैसा व्यक्तित्व बनता है, यह संस्कार तय करते हैं। बच्चे माता-पिता का सम्मान करते हैं और उनसे अनुभव को प्राप्त करते हैं। मनुष्य एक ऐसा सामाजिक प्राणी है, जो जन्म से ही रिश्तों के बंधन में बंधा होता है। एक नन्ही सी जान इस जहां में आने से पूर्व ही ममता के एहसास को जान लेती है।

संसार में आने पर वह रिश्तों के बंधन में बंधती है। रिश्तों की कड़ी में सबसे पहले आती है 'मां'। 'मां' एक ऐसा रिश्ता है, जो बाकी सब रिश्तों को बनाता है। प्यार करना, रिश्तों को निभाना सीखता है। मां के बाद बच्चा जिस रिश्ते का सबसे पहले एहसास करता है, वह पिता का रिश्ता है। पिता, जो संतान से कहता है चिंता मत करो मैं हूं न। एक पिता की परिवार में तुलना अगर घर की छत से की जाए तो गलत नहीं होगा। परिवार की सुरक्षा की अपेक्षा एवं जिम्मेदारी पिता पर निर्भर रहती है। जहां पिता परिवार की छत है, वहीं मां परिवार का दिल है। जब तक मां है परिवार में धड़कन रहती है और जब तक पिता है सुरक्षा का भाव रहता है। परिवार में दोनों का अपना महत्वपूर्ण अभिनय है और दोनों ही परिवार की अति आवश्यक कड़ियां हैं, जो मिलकर एक परिवार को मजबूत बनाती हैं। परिवार की बात की जाए तो



लेखिका : विजय लक्ष्मी
( प्रवक्ता हिंदी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कपाहड़ा )

भारतीय समाज की मूल विशेषता को बचाना है, तो हमें समाज की महत्वपूर्ण इकाई परिवार पर ध्यान देना होगा। परिवारों में संस्कारों की कड़ी को भौतिक प्रगति के साथ जोड़कर मजबूत करना होगा। प्राचीन भारतीय अध्यात्म को रुढ़ियों से मुक्त कर वैज्ञानिकता के साथ जोड़ना होगा। तभी हम भौतिक समृद्धि के साथ सामाजिक समृद्धि को पा सकेंगे ...



भाई-बहन इस पेड़ की शाखाएं हैं। सभी का मूल एक है, लेकिन अस्तित्व अलग-अलग हैं। यदि समझें तो सभी एक-दूसरे का सहारा है और न समझें तो एक-दूसरे के सबसे बड़े शत्रु भी बन जाते हैं। निर्भर करता है संस्कारों और आपसी समझ पर। अब संस्कार देने की सबसे पहली जिम्मेदारी माता-पिता पर होती है। यह संस्कार वह खाद है, जो रिश्तों रूपी पौधों को मजबूत बनाती है।

एक संतान माता-पिता के दिए संस्कारों के साथ ही जीवन के उतार-चढ़ाव से पार पाना सीखती है। बच्चे माता-पिता की कथनी, करनी और आचरण को देखकर सीखते हैं। यदि सब अच्छे और संस्कारित हुए तो परिवार रूपी पेड़ अच्छे फल और फूल देगा, जिसकी सुंदरता और खुशबू से सारा समाज महकेगा। परिवार यदि छोटी बगिया है तो समाज एक बड़ा उपवन है, जहां सभी प्राणी भांति-भांति के फल, फूल और पेड़-पौधे हैं। यह समाज रूपी उपवन तभी सुंदर होगा, जब परिवार रूपी बगिया संस्कारों से पोषित होगी। तभी समाज में जो विविधता होगी, वह भी सुंदरता का प्रतीक होगी। इस उपवन में सुंदर, सुदृढ़ विचारों वाले अनेक फल, फूल और पेड़-पौधे होंगे। ऐसा समाज विविधता के होते हुए भी अत्यंत मजबूत समाज बनेगा।

भारतीय समाज को विश्व में मजबूत पारिवारिक इकाई के रूप में विशेष माना जाता है। जहां हर रिश्ते को दिल से निभाया जाता है। तभी तो भारत संपूर्ण विश्व को एक कुटुंब मानता है। यह उदारता का भाव परिवार से ही पनपता है, जो भारतीय समाज की वैश्विक स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बनाता है। धीरे-धीरे यह भावना कम होती जा रही है। समाज में बढ़ती भौतिकता की प्रवृत्ति वस्तुओं के उपभोग को तो बढ़ावा दे रही है, लेकिन रिश्तों की डोर दिन-प्रतिदिन कमजोर होती जा रही है। इसका अर्थ यह कतई नहीं है कि भौतिक प्रगति गलत है। जिस वस्तु की आवश्यकता है, उसकी पूर्ति होनी चाहिए। पर हमारी यह आवश्यकता हमारा लालच न बन जाए, इस बात पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। जब आवश्यकता लालच बन जाती हैं, तभी रिश्तों में कटुता आती है। यहीं से शुरू होता है पारिवारिक इकाई का ह्रास । जिसका अर्थ है समाज का ह्रास सामाजिकता का ह्रास, इंसानियत का ह्रास। आज यही भारतीय समाज के लिए एक बड़ा खतरा बन गया है, जो भारतीय एकता को दीमक की तरह खा रहा है। इसी कारण संयुक्त परिवार टूट रहे हैं। माता-पिता के प्रति बच्चों का आधार खत्म हो रहा है।

एकल परिवारों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। अति उपभोक्तावाद की प्रवृत्ति ही लालच का रूप है। महात्मा गांधी जी ने भी कहा है – 'प्रकृति के पास सबकी आवश्यकता के लिए पर्याप्त संसाधन हैं, परंतु लालच के लिए नहीं। इस लालच की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है।' यह अंकुश बाहरी नहीं, आंतरिक होना चाहिए। यदि भारतीय समाज की मूल विशेषता को बचाना है, तो हमें समाज की महत्वपूर्ण इकाई परिवार पर ध्यान देना होगा। परिवारों में संस्कारों की कड़ी को भौतिक प्रगति के साथ जोड़कर मजबूत करना होगा। प्राचीन भारतीय अध्यात्म को रुढ़ियों से मुक्त कर वैज्ञानिकता के साथ जोड़ना होगा। तभी हम भौतिक समृद्धि के साथ सामाजिक समृद्धि को पा सकेंगे और यही हमारे वास्तविक उन्नति होगी।

# फेल हो रहे दवाइयों के सैंपल समाज के स्वास्थ्य के लिए खतरा



## ब्लॉगर

डॉ. रमेश शर्मा हमीरपुर।

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।


**हिमाचल** प्रदेश समेत देश के अनेक भागों से गत वर्षों में दवाइयों के सैंपल फेल होने के शर्मनाक मामले लगातार रिपोर्ट हो रहे हैं। इनमें से कुछ तो विदेश में राष्ट्रीय अपमान के कारण बने हुए हैं। यह बहुत गंभीर विषय है और इसकी अनेक मंचों पर चिंता प्रकट की जा रही है, लेकिन कोई भी सुधार या परिणाम सामने नहीं आ रहे हैं।

साधारण जनता के लिए इसका सीधा अर्थ सामूहिक और व्यवस्थित हत्या है और व्यवस्था की अकर्मण्यता उसकी मूक सहमति या कदाचित सहभागिता ही मानी जानी चाहिए। क्योंकि जब भी सैंपल लिए जाते हैं तो उनके फेल होने की खबर तो आती है, पर कभी भी कठोर दंड का मामला नहीं सुना जाता है और न ही ऐसी प्रतिबद्धता झलकती है कि आगे ऐसा नहीं होगा। इन उद्योगों के लाइसेंस खत्म करने के बड़े उदाहरण आते हैं कि इन्हें उत्पादन से हटाया गया हो अन्यथा कोई कारण नहीं बनता कि हर महीने जीवन रक्षक दवाइयों की गुणवत्ता के साथ समझौता हो सके। जिस विश्वास और आस्था के साथ कोई रोगी अपने जीवन रक्षा के लिए किसी भी भाव पर दवाई खरीदता है। उस असहाय के साथ यह क्रूर मजाक है।

इसके जनता के स्वास्थ्य पर कितने घातक परिणाम पड़ते हैं, उसके प्रति इतनी संवेदनहीनता क्यों। यह गेम कौन खेल रहा है।



सरकार को सामने लाना चाहिए। संबंधित अधिकारी अक्षम हैं, असमर्थ हैं अथवा गेम का हिस्सा हैं। यह जनता को बताया जाना चाहिए। हिमाचल प्रदेश में दवा उद्योग एक बड़ा उद्योग है, जिसकी विश्वसनीयता हर कीमत पर बरकरार रहनी चाहिए और उसके साथ-साथ प्रदेश की शासन प्रणाली पर भी आंच नहीं आनी चाहिए। हिमाचल प्रदेश की दवाइयों की कंपनियों के भी कई सैंपल गुणवत्ता में कम और फेल पाए गए हैं। वहीं, कई बार इन कंपनियों को चेतावनी भी दी गई है, लेकिन ऐसे मामले कम नहीं हुए हैं। इससे समाज के स्वास्थ्य के लिए खतरा बढ़ गया है। ऐसे में सरकार को सख्त कानून बनाने होंगे। वहीं, ऐसी कंपनियों के लाइसेंस रद्द करने होंगे, जिनके सैंपल लगातार फेल पाए जा रहे हैं। समाज के स्वास्थ्य के लिए यही उचित कदम होगा ताकि कंपनियों को सबक मिले और अपनी बनाई दवाइयों में गुणवत्ता का ख्याल रखे, जिससे समाज के स्वास्थ्य के लिए कोई खतरा न हो।



## आपका पत्र

**आधुनिक** युग में हर क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन देखने को मिल रहा है। सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक बदलाव ने समाज को प्रभावित किया है। पिछले बीस सालों में विज्ञान की बड़ी क्रांति देखने को मिल रही है। सबसे बड़ी क्रांति यही है कि हम सोशल मीडिया के दौर में जी रहे हैं। कभी हम मोबाइल की महज एक कल्पना करते थे, लेकिन आज स्मार्टफोन के युग में जी रहे हैं और भविष्य में हो सकता है इससे भी बड़ी सुविधा हमारे हाथ में हो। हो सकता है एक चिप ही मोबाइल का काम करें। और भी कई सुविधाएं एक चिप से ही संभव हो सकें, लेकिन आज यह प्रश्न भी उठता है कि क्या विज्ञान की यह क्रांति सही है। कहीं हम खतरे की और तो नहीं बढ़ रहे। हमारे लिए विज्ञान अभिशाप तो नहीं बनता जा रहा। क्या हम विज्ञान का सही फायदा उठा पा रहे हैं। ऐसे कितने ही सवाल हैं, जिनको वर्तमान की कुछ स्थितियां ने जन्म दिया है। सोशल मीडिया के दौर में सूचना तंत्र को बड़ा खतरनाक तरीके से दुरुपयोग हो रहा है। आज नैतिक जिम्मेदारियों को भूलकर लोग सोशल मीडिया पर कुछ भी परोस रहा है। क्या यह सही है ? हमें विज्ञान के दौर में कहां तक सीमित रहना चाहिए ताकि नैतिकता हमारे जीवन का आदर्श बने सके।

–मोहन कुमार, शिमला।

यह कॉलम आपके लिए है। कृपया अपनी समस्याएं इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।

## बधाइयां



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र प्रकाशित करने पर समस्त प्रबंधन व स्टाफ को हार्दिक शुभकामनाएं।

-डॉ. नरेंद्र ठाकुर, डीएफओ, भरमौर।




हिमाचल प्रदेश के प्रतिष्ठित अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रकाशन पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।

_संजू ठाकुर प्रधान, ग्राम पंचायत रुण कोठी।



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रकाशन पर समस्त टीम को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

-सनी सोई, अध्यक्ष, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा, भरमौर।



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रकाशन पर प्रबंधन टीम को मेरी ओर से शुभकामनाएं।

-ठाकुर सिंह भरमौरी, पूर्व कैबिनेट मंत्री।

## हर हाथ अनंत ज्ञान



भरमौर के खड़ामुख में एक दुकानदार अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ता हुआ।



चुवाड़ी में कांग्रेस कार्यकर्ता अर्जुन सिंह अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ता हुआ।



ककीरा में तमन्ना बस के ड्राइवर रमन भराड़ी अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।

# चंबा के मुख्य चौक पर धरना-प्रदर्शन

## केंद्र सरकार के खिलाफ फूटा कांग्रेसियों का गुस्सा, पीएम के खिलाफ लगाए नारे

**एमएम डैनियल, चंबा**

केंद्र सरकार की तानाशाही के कारण संसद के दोनों सदनों में 142 सांसदों की सदस्यता निरस्त किए जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने चंबा बाजार के मुख्य चौक पर केंद्र सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया, वहीं पीएम के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चंबा , महिला कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल, एनएसयूआई, युकां, कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक विभाग, कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति विभाग, कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जनजाति विभाग, कांग्रेस पार्टी ओबीसी विभाग, इंटक, कांग्रेस लीगल सैल, किसान कांग्रेस, राजीव गांधी पंचायतीराज विभाग, प्रोफेशनल कांग्रेस सहित समस्त फ्रंटियर संगठनों के पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमल ठाकुर ने कहा कि जिस तरह से एनडीए सरकार विपक्षी दलों का दमन करके लोकतंत्र का गला घोटने पर तुली है उससे प्रतीत होता है कि आने वाले समय में देश में तानाशाही का राज होने वाला है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के विरुद्ध जो भी आवाज उठाने का प्रयास करता है उसके खिलाफ ईडी जांच से लेकर अन्य कई आरोप लगा कर उन पर झूठे मामले तक दर्ज किए जा रहे है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चंबा के अध्यक्ष करतार सिंह ठाकुर ने कहा कि संसद के दोनों सदनों से 142 सांसदों का निलंबन करके एनडीए सरकार ने साबित कर दिया है कि वो हर स्तर पर फेल हो चुकी है, इसलिए बेरोजगारी, महंगाई, जैसे मुद्दों पर कुछ बोलना ही नहीं चाहती है। वहीं दूसरी ओर राज्य का विपक्ष इस बात पर बोलने की पहली वर्षगांठ पर 10 गारंटियां पूरी होने का मुद्दा बना रहा है। जिसका विरोध करने का तरीका सरासर निम्न स्तरीय है। (अनंत ज्ञान)



केंद्र सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करते कांग्रेस पदाधिकारी व सदस्य।

### इस मौके पर ये रहे मौजूद

इस मौके पर जिला प्रवक्ता जगदीश हांडा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष परमेश पुरी, कांग्रेस प्रभारी गौरव भाविष्कर, महासचिव सुभाष शर्मा, महासचिव नरेश राणा, महासचिव कपिल भूषण, ब्लॉक महासचिव भानु प्रताप जसरोटिया, महासचिव राम सिंह बिजलवान, महासचिव दीपक कुमार, युकां जिला उपाध्यक्ष सुरेश ठाकुर, अल्पसंख्यक कांग्रेस राज्य उपाध्यक्ष लियाकत खान, जिला अनुसूचित कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र सूर्या, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष अंजू कुमारी, लक्ष्मी देवी, यासमीन बेगम, महासचिव रजनी शर्मा, बबली कुमारी, अशोक मांडला, अमर चंद शर्मा, ब्लॉक उपाध्यक्ष सुनील शर्मा, उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह, सचिव जितेंद्र मैहरा, ओमकार शर्मा, उपाध्यक्ष चमन शर्मा, चमन सिंह, प्रवीण कुमार, उपाध्यक्ष रवि कांत चौधरी, लीगल सैल जिला अध्यक्ष शाकिर अली, उपाध्यक्ष खालिद मिर्जा, धर्मपाल अत्री, उत्तम सिंह, सुरेश कुमार, सुभाष टंडन, अवास खान, मनोज कुमार, रफी मोहम्मद, सुभाष भारद्वाज, कुलदीप भटियानी, परमजीत मैहरा, शशि मैहरा, कमल भारद्वाज, मान सिंह ठाकुर, सूरत चौहान, रंजू कुमार, मुकेश बेदी, राकेश बेदी, महेंद्र सिंह व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बालू में कैंपस इंटरव्यू 29 दिसंबर को

**चंबा।** जिला रोजगार कार्यालय चंबा की ओर से 29 दिसंबर को कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय चंबा में होने वाले कैंपस इंटरव्यू के दौरान टेक्नोसिम ट्रेनिंग सर्विसेज द्वारा मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड गुड़गांव में स्टूडेंट ट्रेनी के कुल 200 पदों को भरा जाएगा। कंपनी द्वारा ट्रेनिंग भी करवाई जाएगी और दो साल के बाद परीक्षा पास होने के बाद एनसीवेट का सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इच्छुक आवेदक साक्षात्कार के लिए शैक्षिणक योग्यता के मूल प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, रोजगार कार्यालय का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बायोडाटा आदि दस्तावेज लेकर जिला रोजगार कार्यालय बालू में 29 दिसंबर को सुबह 11 बजे उपस्थित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार अधिकारी कार्यालय चंबा के दूरभाष नंबर 01899- 222209 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## योग प्रधान, कालीचरण सचिव और हंस राज कोषाध्यक्ष चुने

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड एंप्लाज यूनियन, सब यूनिट कोटी का चुनाव यूनियन के राज्य मुख्य सलाहकार अनिल वर्मा की अध्यक्षता व राज्य संयुक्त सचिव मुकेश कुमार और चंबा यूनिट के प्रधान ई. अशोक कुमार की अध्यक्षता में किया गया। वहीं पुरानी पेंशन बहाली को लेकर एक अहम बैठक भी आयोजित की गई।

चुनाव प्रक्रिया में सर्वसम्मति से योग राज को प्रधान, अनुभाग कोटी से उपप्रधान राहुल कुमार, अनुभाग पुखरी से उपप्रधान तनुज कुमार, अनुभाग कियाणी से उपप्रधान सुरेश कुमार, सब स्टेशन कोटी से उपप्रधान रूप लाल, महिला विंग से उपप्रधान राज कुमारी, कालीचरण को सचिव, सुरेश कुमार को सह सचिव, हंस राज को कोषाध्यक्ष, मिथुन को सह कोषाध्यक्ष, ई. कैलाश मांडला को संगठन सचिव, ई. साज्जिद खान को मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया। बैठक में बिजली बोर्ड में पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर भी आगामी रणनीति तैयार की गई।

बैठक में बिजली बोर्ड में चल रही स्मार्ट मीटरिंग स्कीम व इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट एक्ट 2003 का भी विरोध किया गया। अनिल वर्मा ने बताया कि अगर सरकार जल्द पुरानी पेंशन बहाल नहीं करती है तो यूनियन की और से प्रदेश व्यापी आंदोलन किया जाएगा। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी सरकार व प्रबंधन वर्ग की होगी। बैठक में सब यूनिट कोटी का, मंडल स्तर का मांग पत्र भी तैयार किया गया। जिसे यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा जल्द ही मंडल स्तर पर अधिशाषी अभियंता ई. परवेश कुमार के समक्ष रखा जाएगा। इस मौके पर सब यूनिट कोटी के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## थल्ली स्कूल ने मनाया सालाना समारोह

**तीसा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थल्ली में वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष जय सिंह ने बतौर मुख्यातिथि व विशेष अतिथि के रूप में प्रधानाचार्य लोह टिकरी शक्ति सूद व प्रधानाचार्य चिल्ली राकेश कुमार ने शिरकत की। इस मौके पर मुख्यातिथि व विशेष अतिथि को शॉल टोपी बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। वार्षिक समारोह के मौके पर बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम पेश किए गए। मुख्यातिथि जय सिंह ने स्कूल की समस्याओं को हल करने की बात कही और बच्चों के लिए 11000 की राशि भेंट की। इसके बाद आरके प्रजापति प्रधानाचार्य ने वार्षिक रिपोर्ट पेश की और समारोह में आए अतिथियों का धन्यवाद किया। इस मौके पर सीएचटी रजाकदीन, सीएचटी शुक्रदीन रीटायर्ड सीएचटी प्रदीप, बीडीसी सदस्य धरो देवी, नजीर मोहम्मद मनीष, योग राज, किशोरी लाल, खेर मोहम्मद इंद्र सिंह व बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

## शिव पब्लिक स्कूल चनेड़ के मेधावी नवाजे

### वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि ने बांटे इनाम

**अनंत ज्ञान, चंबा**

शिव पब्लिक स्कूल चनेड़ में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्यातिथि ग्राम पंचायत भनौता प्रधान अनुज कुमार ने शिरकत की। इस दौरान स्कूल चेयरमैन मनजीत ठाकुर, स्कूल प्रबंधन व स्टाफ मौजूद रहा। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने कहा कि स्कूल में वार्षिक समारोह से लेकर अन्य गतिविधियों से बच्चों में शिक्षा सहित अन्य कई ज्ञानों का विकास होता है।

उन्होंने कहा कि स्कूल की वार्षिक गतिविधियां काबिले तारीफ है। जिसके लिए वह स्कूल प्रबंधन को बधाई देते हैं। स्कूल चेयरमैन मनजीत ठाकुर ने कहा कि उनका व स्कूल प्रबंधन कमेटी का प्रयास है कि उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा हर बच्चे को प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ने के साथ-साथ खेलों से भी जोड़ा जाता है ताकि उनका शारीरिक विकास भी हो सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान की रफ्तार के तहत शिक्षा का विद्यार्थी जीवन में बहुत महत्व बढ़ गया है। जिसकी मुख्य वजह हर तरफ प्रतिस्पर्धा का ग्राफ बढ़ गया है। जिसके चलते अन्य गतिविधियों के साथ शिक्षा पर भी बल देने की जरूरत है। जिसमें विद्यार्थी व शिक्षक दोनों की जिम्मेदारी है। स्कूल प्रधानाचार्य स्वर्णा देवी वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। कार्यक्रम के अंत में मुख्यातिथि द्वारा मेघावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूल के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर स्कूल शिक्षकों, स्टाफ, विद्यार्थियों व अभिभावकों सहित गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।




शिव पब्लिक स्कूल चनेड़ में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी।

## उटीप स्कूल में मनाया गणित दिवस



**चंबा।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय उटीप में राष्ट्रीय गणित दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं करवाई गई। जिसमें रमन राणा ने पेंटिंग कंपीटिशन में पहला स्थान हासिल किया। जेसिका ने डिक्लेमेशन में पहला स्थान हासिल किया। वहीं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में टीम सी ने पहला स्थान हासिल किया। इस मौके पर एसएमसी प्रधान डिंपल व विद्यालय प्रभारी हितेश कुमार ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## चुवाड़ी कॉलेज में रामानुजन को याद किया

**चुवाड़ी।** गवर्नमेंट कॉलेज चुवाड़ी के विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों द्वारा श्रीनिवास रामानुजन की 136वीं जयंती पर राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। इसमें डॉ. अमरिता, डॉ. मनोज कुमार और डॉ. विशाल शर्मा मुख्य तौर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन रितिक और राशि ने किया। उन्होंने राष्ट्रीय गणित दिवस मनाने का कारण, महत्वता और रामानुजन के जीवन पर विचार रखे। इसके बाद गणित विभाग के सहायक आचार्य डॉ. विशाल शर्मा ने रामानुजन के गणित में दिए योगदान को याद करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने अपने छोटे से जीवन काल में इंफिनिटी सीरीज, नंबर थिओरी इत्यादि में 3900 से ज्यादा सूत्र दिए जिसमें से आज भी कई प्रूफ नहीं हो पाए हैं। अंत में गणित विभाग में सहायक आचार्य डॉ. अमरिता ने अपने वक्तव्य में सभी छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय गणित दिवस की शुभकामनाएं दीं

## कुठेड़ स्कूल में समारोह बच्चों ने खूब जमाया रंग



वार्षिक समारोह के दौरान मुख्यातिथि को सम्मानित करते आयोजक।

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुठेड़ में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। समारोह में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संजय कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। स्कूल के प्रधानाचार्य कृष्ण चंद पखरेटिया ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। समारोह में बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। संजय कुमार शर्मा ने कहा है कि उन्हें खुशी है कि इतनी कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद स्कूल के बच्चों ने अंडर-14 टूर्नामेंट में स्कूल का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा है कि यहां पर स्टाफ की कमी के कारण बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। बावजूद इसके यहां के बच्चों ने खेलकूद प्रतियोगिता वह दूसरी की प्रतियोगिता में में खंड स्तर व जिला स्तर पर अपना व स्कूल का नाम रोशन किया है। इस मौके पर प्रधानाचार्य कृष्ण चंद ने कहा कि यहां पर प्रधानाचार्य सहित चार प्रवक्ताओं के साथ-साथ और भी कई पद खाली है। जिसके लिए उन्होंने अभिभावकों व स्कूल प्रबंधन समिति से अपील की है इन प्रमुख मांगों को प्रशासन व सरकार के समक्ष रखकर पूरा करवाए।

## रायपुर में एनएसएस शिविर शुरू

**चुवाड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रायपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी व काहरी पंचायत की प्रधान शालू देवी ने शिरकत की। इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ व एनएसएस स्वयंसेवियों ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम अधिकारी अंजली चौहान व राजीव कुमार ने सात दिनों के दौरान चलने वाली गतिविधियों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। स्वयंसेवियों ने इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इस मौके पर मुख्यातिथि ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा की एनएसएस सेवा भाव जागृत करने और विद्यार्थियों के व्यक्तिव उत्थान, और सर्वांगीण विकास का एक माध्यम है। इस प्रकार के शिविरों के आयोजन से स्वयंसेवियों में आत्मनिर्भरता, सहयोग और सेवा भाव के गुणों को बढ़ावा देने में मदद मिलती है।

## बचत भवन में ईवीएम और वीवीपैट की जानकारी दी

### सेक्टर अधिकारियों के लिए कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंबा**

आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत शुक्रवार को बचत भवन चंबा में सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर अधिकारियों के लिए निर्वाचन संबंधी और ईवीएम व वीवीपैट की प्रक्रिया की जानकारी के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में निर्वाचन तहसीलदार अनूप डोगरा ने निर्वाचन प्रक्रिया महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर अधिकारियों के निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान दायित्वों और जिम्मेदारियां को प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में दी जा रही सभी जानकारियों को आत्मसात कर लें जिससे चुनाव के समय किसी प्रकार की दिक्कत न हो। नायब तहसीलदार निर्वाचन संजय शांडिल ने सेक्टर अधिकारियों को ईवीएम और वीवीपैट के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी और मतदान के दौरान ध्यान रखने वाले महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में भी बताया। प्रशिक्षण के दौरान आदर्श आचरण संहिता का पालन, समस्याग्रस्त क्षेत्रों की पहचान, असुरक्षित मतदाता समूहों की पहचान करने तथा विभिन्न प्रपत्रों में रिटर्निंग ऑफिसर को रिपोर्ट करने के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर अधिकारियों ने ईवीएम ट्रेनरों के माध्यम से ईवीएम व वीवीपैट मशीन की प्रक्रिया को बारीकी से समझा। कार्यशाला में निर्वाचन विभाग द्वारा नियुक्त किए गए सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर अधिकारी मौजूद रहे।

**समस्या** लोगों की सेहत राम भरोसे; भवन की हालत खस्ता, स्टाफ की भी कमी

# भरमौर के कूंर में उपस्वास्थ्य केंद्र के हाल बेहाल

**ओपी शर्मा, भरमौर**

भरमौर की ग्राम पंचायत कूंर में लाखों रुपए की कीमत से बनाया गया उपस्वास्थ्य केंद्र शौचालय में तबदील हो गया है। यहां पर पिछले कई वर्षों से कोई भी स्थायी कर्मचारी नियुक्त नहीं हुआ है। लिहाजा यहां के लोगों का स्वास्थ्य पिछले कई सालों से राम भरोसे ही चल रहा है। बदहाल भवन व लाचार स्टाफ के अभाव के चलते यहां के लोग मजबूरन स्वास्थ्य शिविर में जाकर चेकअप करवाने को मजबूर है।

यही नहीं इस भवन की बदहाल सूरत को लेकर यहां पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाले कैंप भी दूसरी जगह लगाए जाते हैं। हैरानी की बात यह है कि लाखों रुपए से बना यह स्वास्थ्य भवन अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। यहां पर स्टाफ की मार से यहां के लोगों के साथ लगातार खिलवाड़ हो रहा है। यहां के लोगों को छोटी-छोटी बीमारियों का चेकअप करवाने के लिए अपनी पंचायत से दूर जाना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा पिछले कई वर्षों से यहां पर नियमित स्टाफ नहीं भेजा गया है। जानकारी के अनुसार यहां पर एक मेल हेल्थ वर्कर और एक फीमेल हेल्थ वर्कर का पद स्वीकृत है, लेकिन विभाग द्वारा पिछले कई सालों से यहां पर रेगुलर स्टाफ की नियुक्ति न होने के कारण डेपुटेशन के आधार पर ही काम चलाया जा रहा है। यहां पर भवन की हालत इतनी खस्ता हो चुकी है कि स्वयं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी दूसरी जगह शिफ्ट होकर कैंप आयोजित कर रहे हैं। इस विषय पर विधायक भरमौर डॉक्टर जनक राज ने कहा है कि वह समय-समय पर सरकार के समक्ष इस मांग को प्रमुखता से उठा चुके हैं। इस तरह की कमियों की उनके पास पूरी जानकारी है लेकिन व्यवस्था परिवर्तन के नाम वाली सरकार से विकास की उम्मीद करना बेकार है। उन्होंने फिर भी वह इस संबंध में स्वयं स्वास्थ्य मंत्री व मुख्यमंत्री को दोबारा से पूरे भरमौर में चल स्टाफ की कमी को लेकर अवगत करवाएंगे।



उपस्वास्थ्य केंद्र कूंर का बदहाल भवन।

### स्कूल में लगाए जा रहे चिकित्सा कैंप

प्रधान ग्राम पंचायत कूंर कल्पना शर्मा ने कहा कि वह इस संबंध में कई बार सरकार व प्रशासन को अवगत करवा चुके हैं। यहां पर बनाया गया उपस्वास्थ्य केंद्र का भवन शौचालय में तबदील हो रहा है। यहां की गरीब जनता को छोटी-छोटी बीमारियों का इलाज करने के लिए दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही है। यदि इस समस्या की ओर जल्द ध्यान नहीं दिया गया तो यह भवन आने वाले समय में खंडहर में तबदील हो जाएगा। हैरानी की बात यह है कि इस भवन की हालत इतनी खस्ता है कि स्वयं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा कैंप सरकारी स्कूलों में लगाए जा रहे हैं। जल्द इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह पंचायत के लोगों को इकट्ठा कर आंदोलन करेंगे।

### सरकार को दी है सूचना : बीएमओ

बीएमओ धरवाला डॉ. नवदीप राठौर ने बताया कि पूरे खंड चूड़ी में 100 से अधिक स्वास्थ्य कर्मचारियों के पद खाली चले हुए हैं। इस संबंध में कई बार सरकार व प्रशासन को अवगत करवा चुके हैं। पूरे खंड में स्टाफ की कमी के कारण यहां पर काम करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्टाफ की कमी के कारण कई बार दूसरी जगह से स्टाफ मंगवा कर कैंप आयोजित करवाए जा रहे हैं।

## राइजिंग स्टार स्कूल ने मनाया क्रिसमस

### कार्यक्रम में मुख्यातिथि अनिल कुमार बने सांता क्लॉज

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राइजिंग स्टार स्कूल चंबा में क्रिसमस के उपलक्ष्य पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्यातिथि सांता क्लॉज अनिल कुमार ने शिरकत की। जबकि स्कूल प्रबंधन की ओर से प्रधानाचार्य संजीव सूरी ने स्टाफ व विद्यार्थियों के संग अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस अवसर पर सांता क्लॉज अनिल कुमार ने क्रिसमस पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ईसा मसीह के पैदा होने पर विद्यार्थियों व स्टाफ को जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि ईसाई समुदाय के वर्ग में क्रिसमस पर्व बहुत अहम माना जाता है। इस दिन चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाता है। वहीं उन्होंने सांता क्लॉज व बच्चों में उनके प्रेम के विषय पर बच्चों को जानकारी देने सहित जिंगल बैल जिंगल बैल मधुर गीत के साथ क्रिसमस कार्यक्रम को धूमधाम से मनाया। वहीं स्कूल प्रधानाचार्य संजीव सूरी ने बधाई देते हुए बताया कि जब से स्कूल का आगाज हुआ है तब से लेकर वर्तमान तक क्रिसमस पर्व को स्कूल प्रबंधन द्वारा मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्रिसमस के अतिरिक्त हर धार्मिक पर्व को स्कूल में बड़े आदर सामान से मनाया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य स्कूल में अध्ययन कर रहे हर विद्यार्थी को हर धर्म हर पर्व को बोध करवाना है। इस मौके पर भूरी सिंह, चपावती, सुनयना देवी, साहिल वर्मन चारों हाउस के बच्चों में मनोरंजन प्रतियोगिताओं में म्यूजिकल चेयर, पेपर डांस, पासिंग द पार्सल और गीत-संगीत आदि खेलों के माध्यम से मनोरंजन करवाया गया। इस मौके पर स्कूल स्टाफ ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद सांता क्लॉज बने अनिल कुमार व प्रधानाचार्य संजीव सूरी।

## हर हाथ अनंत ज्ञान



एनएचपीसी तीन के ग्रुप महाप्रबंधक (प्रभारी) प्रकाश चंद को अनंत ज्ञान की प्रति भेंट करती हुई जिला प्रभारी कमलेश वर्मा।




नायब तहसीलदार सैंज हीरालाल नलबा को अनंत ज्ञान की प्रति भेंट करती हुई जिला प्रभारी कमलेश वर्मा।



कुल्लू के हनुमानीबाग के दीपक बौद्ध अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

## बधाइयां



खुशी का विषय है कि अनंत ज्ञान का दैनिक के रूप में प्रकाशन शुरू हो गया है। इसके लिए पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं।

**-अरविंद चंदेल, भाजपा अध्यक्ष जिला कुल्लू**



दैनिक समाचार शुरू के लिए अनंत ज्ञान की टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

**-सेसराम आजाद, जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुल्लू**

# 148 सांसदों के निलंबन को लेकर कांग्रेस ने निकाली रोष रैली

## विपक्ष की आवाज को दबाने की हो रही है कोशिश : सेस राम आजाद

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

लोकसभा और राज्यसभा से निलंबित हुए 148 सांसदों के निलंबन का विरोध करते हुए जिला कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रोष रैली निकाल कर सरकार को चेताया। शुक्रवार को कुल्लू के ढालपुर मैदान स्थित प्रदर्शनी मैदान में कांग्रेस पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मिलकर 148 सांसदों के निलंबन पर खेद जताते हुए अपनी-अपनी बात रखी। इसके बाद पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मिलकर प्रदर्शनी मैदान से लेकर ढालपुर होते हुए उपायुक्त कार्यालय कुल्लू तक रोष शैली निकाल कर अपना विरोध जताया।

इस दौरान कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष सेस राम आजाद ने रोष रैली और विरोध-प्रदर्शन के बारे जानकारी देते हुए बताया कि इस रोष रैली में जिला कांग्रेस पार्टी की कार्यकारिणी के सदस्यों सहित ब्लॉक सदस्यों और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर इस रोष रैली में प्रदर्शन कर रहे हैं। आजाद ने 148 सांसदों के निलंबन को पूरे हिंदुस्तान का काला दिवस बताया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र में जितने भी सांसद चुन कर लोकसभा या राज्यसभा जाते हैं तो वे अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं और मांगों लेकर जाते हैं। मगर उन्हें सवाल पूछने पर निलंबन मिले तो इसे काला दिवस ही कहेंगे।



148 सांसदों के निलंबन पर रोष रैली निकालकर विरोध जताते कांग्रेस कार्यकर्ता।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से इन सांसदों को निलंबित किया गया है, उसकी घोर निंदा करते हैं। उन्होंने बताया कि पूरे देश में कांग्रेस पार्टी और उनके सहयोगी दल एक साथ मिलकर पूरे भारतवर्ष में विरोध प्रकट करते हुए आज के दिन को काला दिवस के रूप में मना रहे हैं। इस दौरान उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जिक्र करते हुए कहा कि हमने इससे पूर्व वाजपेयी की सरकार को भी देखा है जहां लोकतंत्र की कद्र होती थी और विपक्ष की आवाज को सुना जाता था। मगर आज हालात बदल चुके हैं, अब कोई सांसद अपनी आवाज उठाए तो उनकी आवाज को दबाने की कोशिश की जाती है या फिर उनके पीछे ईडी को लगा दिया जाता है। उन्होंने संसद में हुई घुसपैठ के बारे में बात करते हुए कहा कि इतनी महंगी संसद में इस तरह की चूक नहीं होनी चाहिए और चूक हुई है तो कहीं न कहीं उनकी अपनी ढील की वजह से ही हुई है। सांसदों ने सुरक्षा में हुई चूक के बारे सवाल उठाया तो उन्हें बदले में लोकसभा और राज्यसभा से निलंबित किया गया जो कि दुखद है। उन्होंने बताया कि जब राहुल गांधी द्वारा अडानी और अंबानी से जुड़े सवाल पूछे गए तो उन्हें भी संसद से निलंबित किया गया बाद में वह सुप्रीम कोर्ट से इस मामले में जीत कर आए जिसकी हमें खुशी है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सेस राम आजाद, महासचिव उत्तम शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष मनाली हरिचंद शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष कुल्लू हेम सिंह ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष बंजार तेजा ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष आनी उपेंद्र कांत मिश्रा, महासचिव मनु शर्मा, महिला कांग्रेस स्टेट महासचिव प्रभा पालसरा, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्षा अरुणा शर्मा, पिंगला भंडारी सहित दर्जनों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता रोष रैली के दौरान उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## सरस्वती विद्या मंदिर कुंगश ने नवाजे मेधावी स्टूडेंट्स



सरस्वती विद्या मंदिर कुंगश के मेधावी स्टूडेंट्स शिक्षकों के साथ।

**आनी।** आनी खंड की सरस्वती विद्या मंदिर कुंगश ने वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम के साथ मनाया। कार्यक्रम में बीडीसी सदस्य बटाला, खनी वार्ड सुषमा सिंह मुख्यातिथि शरीक की, जबकि कुंगश पंचायत के प्रधान राकेश ठाकुर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए स्कूल प्रबंधन को बधाई देते हुए स्टूडेंट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यातिथि ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अपनी ऐच्छिक निधि से 21 हजार रुपए जबकि प्रधान राकेश कुमार ने 51 सौ रुपए की सहयोग राशि भेंट की। इससे पूर्व स्कूल के प्रधानाचार्य संजय कुमार ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और स्कूल की विभिन्न उपलब्धियों को सभी के समक्ष रखा।

शैक्षणिक सहित अन्य गतिविधियों में अव्वल रहने वाले छात्रों में योगेश, स्नेहा, जाह्नवी, अनामिका, इशिता, वैष्णवी, याना, चिराग, नैतिक, आस्था, शिवांश, वैशाली, रोहन, अच्युत, कीर्ति, गुंजन, प्रेजल, अवनी, दीया, ऐश्वी, आयान, तन्मय, अर्थव, सूर्यांश, काव्या, रूहानी, पूर्वांश, आर्यन सहित कई स्टूडेंट्स को बेहतरीन उपलब्धियों के लिए स्कूल प्रशासन द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बीडीसी सदस्य सुषमा सिंह, पंचायत प्रधान राकेश ठाकुर, एसएमसी अध्यक्ष रविंद्र कायथ, संकुल प्रमुख प्रधानाचार्य दीपक ठाकुर, प्रांत योग शिक्षक डॉ. प्रकाश ठाकुर, दलाश के प्रधानाचार्य दलीप वर्मा, मातृ भारती अध्यक्ष सरोज, अंजू, अनुराधा, मीना देवी, रीता, सोनिया ठाकुर, दूनीचंद ठाकुर, सुरेश, हेमंत सहित कई गण्मान्य मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय सतर्कता व प्रबोधन समिति की समीक्षा बैठक आयोजित



त्रैमासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते आशुतोष गर्ग।

**कुल्लू।** अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 व 1995 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता व प्रबोधन समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक शुक्रवार को उपायुक्त एवं सह अध्यक्ष आशुतोष गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें अभियोजन विभाग में लंबित तथा पुलिस विभाग में अन्वेषणाधीन मामलों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 व 1995 अधिनियम के अंतर्गत जिला कुल्लू में 73 मामले विभिन्न न्यायालयों में लंबित हैं, जिनमें से 51 मामले सत्र न्यायालय कुल्लू में तथा 22 मामले सत्र न्यायालय रामपुर में जिनमें छह मामले विशेष न्यायालय (पोक्सो कोर्ट) में लंबित हैं। बैठक में जिला न्यायवादी कुलभूषण गौतम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव चौहान आदि उपस्थित रहे।

## सैंज मिनी सचिवालय के निर्माण के लिए बजट का प्रावधान करे सरकार

**अनंत ज्ञान, सैंज**

पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान सैंज में मिनी सचिवालय बनाने की मांग उठी थी व पूर्व सरकार के समय में ही दस्तावेजी प्रक्रियाएं पूरी कर मिनी सचिवालय के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया था।



सुरेंद्र शौरी

गौरतलब है कि पूर्व की जयराम सरकार के समय में ही सैंज उपतहसील को तहसील का दर्जा दिया गया था व सैंज में खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय को शुरू किया गया था। सैंज घाटी की 14 पंचायतों की जनता की मांग को स्थानीय विधायक सुरेंद्र शौरी द्वारा पूरी करने की दिशा में पहल की गई थी। वर्तमान में इस मिनी सचिवालय का निर्माण कार्य बजट की कमी के कारण अभी तक शुरू नहीं किया जा सका है।

यह बात विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी के सवाल के जवाब में दी है। विधायक शौरी के सवाल के जवाब में सरकार ने स्पष्ट किया है कि मिनी सचिवालय के निर्माण के लिए सभी प्रक्रियाएं पूरी की जा चुकी है परंतु वित्तीय हालातों व अन्य जगहों पर निर्माणाधीन संयुक्त कार्यालय भवन की अद्यतन स्थिति के कारण सरकार इस कार्य को शुरू करने का कोई विचार नहीं रखती है। विधायक शौरी ने कहा कि पिछले कार्यकाल में जयराम सरकार ने ही सैंज की आईटीआई भवन निर्मनाम के लिए सात करोड़ रुपए व सैंज महाविद्यालय के भवन निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपए की राशि जारी की थी जिसके परिमाणस्वरूप आज दोनों भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी ने सरकार से जल्द से जल्द बजट उपलब्ध करा कर जनहित में इस कार्य को शुरू करवाने की मांग रखी है।

## न्यूज ब्रीफ

### डीएवी कटराईं ने खेल प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

**पतलीकूहल।** डीएवी कटराईं स्कूल के स्टूडेंट्स ने राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया है। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन सात दिसंबर से लेकर 17 दिसंबर तक डीएवी बिलासपुर, डीएवी घुमारवीं, डीएवी शिमला और डीएवी देहरा में किया गया। इसमें अंडर-14 कबड्डी प्रतियोगिता में इनाक्षी और ऋषिका, अंडर-14 कराटे प्रतियोगिता में अनमोल, अन्वेषा, स्पूर्ति और निश्चल ने बेहतरीन प्रदर्शन कर निर्णायक मंडल को प्रभावित किया और इस प्रदर्शन के कारण ही उनका चयन अब राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ। स्कूल कब स्टूडेंट्स के प्रदर्शन से गदगद विद्यालय की प्रधानाचार्या चंद्रिका मल्होत्रा ने सभी स्टूडेंट्स को बड़े ही गर्व और सम्मान के साथ सराहा जिन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन से संस्थान को गौरवान्वित किया। उन्होंने सभी स्टूडेंट्स को बधाई देने के साथ-साथ आगामी प्रतियोगिताओं के लिए उन्हें अपनी शुभकामनाएं भेंट की।



बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स के साथ प्रधानाचार्य।

### ट्रांसजेंडरों के प्रमाण पत्र बनाना शुरू

**केलांग।** उपायुक्त लाहुल एवं स्पीति राहुल कुमार ने सभी से अपील की है कि जिला प्रशासन द्वारा ट्रांसजेंडर लोगों के लिए प्रमाण पत्र बनाने की सुविधा शुरू हो गई है। ट्रांसजेंडर समुदाय के कोई भी लोग उपायुक्त कार्यालय आकर यह सर्टिफिकेट बनवा सकते हैं। जिला प्रशासन का प्रयास है कि ट्रांसजेंडर कम्युनिटी को भी सरकार द्वारा दी जा रही सभी सेवाओं शिक्षा, स्वास्थ्य व कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले। प्रशासन समतामूलक समाज बनाकर सभी के लिए अवसर की समानता प्रदान करने के लिए प्रयासरत है।

### नेनासेरी स्कूल में मनाया निपुण मेला



नेनासेरी में आयोजित निपुण मेले में भाग लेते स्कूल के स्टूडेंट्स एवं अन्य।

**कुल्लू।** नेनासेरी स्कूल में निपुण मेले का आयोजन किया गया। शुक्रवार को राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला नेनासेरी में स्कूल के स्टूडेंट्स एवं अध्यापकों के द्वारा निपुण मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में ग्राम पंचायत पीज के प्रधान भुवनेश्वर ने शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने स्टूडेंट्स द्वारा खोले गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और साथ ही शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा व गणित की समझ और साथ ही टीएलएम प्रदर्शनी का भी जायजा लिया। इसके साथ ही पहली, दूसरी व तीसरी कक्षा के बच्चों का स्तर भी जांचा गया। निपुण मेले के दौरान स्कूल के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्यातिथि के साथ ग्राम पंचायत पीज के उपप्रधान टेडी सिंह व रायल वार्ड, वाइंग वार्ड के जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे। मुख्यातिथि ने स्कूल के बच्चों के लिए बेहतरीन प्रस्तुति के लिए प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की।

### जल शक्ति एवं लोक निर्माण विभाग कामगार यूनियन के चुनाव 24 को

**मनाली।** हिमाचल प्रदेश, जल शक्ति एवं लोक निर्माण विभाग पंजीकृत कामगार यूनियन जो कि इंटक से संबंधित है, के उपमंडल स्तरीय चुनाव (मनाली उपमंडल) 24 दिसंबर को होना निश्चित हुए हैं। यह चुनाव परिधि गृह मनाली में 11 बजे होंगे। जिसके लिए प्रदेश इंटक प्रवक्ता डीआर जोशी, प्रदेश इंटक महामंत्री उमेश शर्मा, इंटक कुल्लू जिलाध्यक्ष खीमी राम चौहान विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे। चुनाव संबंधित जानकारी देते हुए जल शक्ति एवं लोक निर्माण विभाग कामगार यूनियन उपमंडल मनाली के अध्यक्ष जय बहादुर एवं सचिव निगम वैद ने बताया कि नई कार्यकारिणी का गठन कर यूनियन नई ऊर्जा के साथ कामगारों को आने वाली दिक्कतों को सरकार के समक्ष प्रमुखता से उठाकर उनको हाल करवाने का कार्य पहले भी करती रही है और आगे भी करेगी। प्रधान जय बहादुर ने यूनियन के सभी सदस्यों से आग्रह किया है कि 24 दिसंबर को मनाली परिधि गृह में आकर इस चुनाव को सफल बनाएं और एक अच्छी कार्यकारिणी चुनने में अपनी सहभागिता निभाएं।

### ईईई का कोर्स शुरू होने पर प्रशिक्षुओं को बांटीं पुस्तकें

**सुजानपुर।** ठाकुर जगदेव चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर में ईईई का कोर्स शुरू होने पर प्रशिक्षुओं को पुस्तकें वितरित की गईं। उक्त कोर्स महाविद्यालय में नवंबर माह से शुरू हो गया था। इस कोर्स का संचालन स्वास्थ्य शिक्षा पर्यावरण एवं महिला विकास समिति हिप्र द्वारा हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के माध्यम से किया गया। प्रिंसिपल अजायब सिंह बनयाल ने बताया कि यह कोर्स लगभग छह महीने तक चलेगा और यह कोर्स बिल्कुल निशुल्क है। पुस्तक वितरण समारोह में मुख्यतौर पर कॉलेज के प्रिंसिपल अजायब सिंह बनयाल, नोडल ऑफिसर डॉ. विकास राणा, डॉ. विभा ठाकुर, डॉ. जितेंद्र ठाकुर, डॉ. सपना राणा आदि मौजूद थे।

## न्यूल स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

बजौरा के साथ लगते राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला न्यूल में शुक्रवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य आशा ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रही।

आशा ठाकुर ने सभी बच्चों को बधाई दी और पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। इस मौके पर स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। प्रधानाचार्य कमला बौद्ध ने कहा कि हमारे बच्चों ने न केवल अच्छी शिक्षा में उत्कृष्टता पाई है बल्कि खेल, नाटक, कलाकृतियां, स्कूल की घटनाओं का आयोजन और कई अन्य गतिविधियों में भी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा सौभाग्य से अभिभावकों से प्राप्त फीडबैक हमेशा सकारात्मक रहा है। ऐसा निश्चित रूप से हमारी प्रतिबद्ध स्टॉफ और इस स्कूल के सक्षम स्टूडेंट्स के बिना संभव नहीं हो सकता था। इस मौके पर स्टूडेंट्स को सम्मानित किया, जिसमें छठी कक्षा से नवीन, चंद्र प्रकाश, विनीत, सातवीं के नेहा, सिया ठाकुर, हिमानी, आठवीं के श्रेया, विनोद कुमार, आयुषी, नौवीं के किरना देवी, पायल, भूपिंद्र, दसवीं के सागर भारद्वाज, रंजना देवी, तानिया, जमा एक के देवराज, वंश ठाकुर, सोनिका, जमा दो के तनवी, अभिषेक, खिदर सिंह।

इसके अलावा मेरिट में डिंपल, मंजू देवी, नीलाक्षी, प्रिया, तनवी, केशव राम, टेक चंद इसके अलावा साल भर में खेल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए ब्लॉक लेवल में वॉलीबाल में अर्जुन, उमेश, ढाले राम, सुमन पराशर आदि मौजूद रहे।

## सुचित्रा कुमारी की चित्रकला प्रदर्शनी का हो रहा है प्रदर्शन

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

अंतरराष्ट्रीय रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट नग्गर जिला कुल्लू में शुक्रवार को भारतीय सेना से सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल सुचित्रा कुमारी की चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन रशियन क्यूरेटर सहायक दमित्री सुरगिना और इनसाइट आर्ट ग्रुप के क्यूरेटर सिकंदर जांगरा ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया।

चित्रकार ने भारतीय सेना में 35 वर्ष की सेवा के दौरान अपने चित्र बनाने की कला को जीवंत रखा। कलाकार ने इस दौरान विभिन्न समय और परिस्थितियों में उनकी मनस्थिति और विचारों को उन्होंने अपने चित्रों के माध्यम से दर्शाया है। जहां अपने चित्रों में उन्होंने जिंदगी में आने वाली कठिनाइयों को चित्रित किया है। कई चित्रों में महिलाओं की शक्तिशाली मानसिकता को दिखाया है। कलाकार ने विभिन्न समय पर आने वाले भावों को जैसे खुशी, दुख, अवसाद, ग्रुप में महिलाएं इत्यादि स्थितियों को चित्रों के माध्यम से दिखाया है। चित्रकार ने वर्तमान समय की घटनाओं को अपने चित्रों में दिखाया है। चित्रकार ने इतिहास में नीति निर्माता चाणक्य के प्रभाव को चित्रों के माध्यम से दिखाया है। चित्रकार ने अपने चित्रों को बनाने के लिए कैनवास, ऑयल, एकरलिक रंगों के साथ साथ पीओपी, फैवीकोल, एम सील इत्यादि का भी बखूबी से उपयोग किया है। इस कला प्रदर्शनी में चित्रकार के पुत्र संकल्प शर्मा जो संगीत के प्रोड्यूसर हैं, ने भी चित्रों के अनुरूप संगीत तैयार किया है। (अनंत ज्ञान)



रौरिक आर्ट गैलरी में लगी प्रदर्शनी को देखते हुए देशी-विदेशी पर्यटक एवं अन्य।

## लेफ्ट बैंक व राइट बैंक की महिलाओं के बीच होगी महानाटी प्रतियोगिता

**मनाली।** दो से छह जनवरी तक आयोजित हो रहे विंटर कार्निवाल में महानाटी आकर्षण का केंद्र होगी। लेफ्ट बैंक व राइट बैंक की महिलाओं के बीच महानाटी प्रतियोगिता होगी। कार्निवाल के दूसरे दिन तीन जनवरी व चौथे दिन पांच जनवरी को प्रतियोगिता का आयोजन होगा। रिहर्सल के तौर पर क्रिसमस के दिन लेफ्ट बैंक की महिलाएं महानाटी प्रस्तुत करेंगी, जबकि न्यू ईयर की संध्या में राइट बैंक की महिलाएं नाटी डालेगी जो पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रहेगी। पर्यटक भी नाटी का लुत्फ उठाएंगे। लगभग 220 महिला मंडलों की दो हजार से अधिक महिलाएं इस महानाटी में भाग लेंगी। एसडीएम मनाली रमन शर्मा की अध्यक्षता में कार्निवाल की सांस्कृतिक कमेटी ने तैयारी की समीक्षा की। इस दौरान नाटी में गाना गाने वाली लड़कियों ने रिहर्सल की। तैयारी को लेकर की गई समीक्षा बैठक में एसडीएम सहित कार्निवाल की सांस्कृतिक उपसमिति के प्रभारी बालक राम, हंस राज शर्मा, मीरा शर्मा, जया ठाकुर मौजूद रही। एसडीएम ने बताया कि कार्निवाल की तैयारी जोर शोर से चल रही है। 25 व 31 को माल रोड में महानाटी का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि दो से छह जनवरी तक आयोजित होने जा रहे कार्निवाल का उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे।

## कटाहर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**पतलीकूहल।** द हंस फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट-चार द्वारा ग्राम पंचायत बनोगी के कटाहर गांव में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया तथा गांव वासियों का स्वास्थ्य जांचा गया। इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पंचायत सदस्य लीला मणी तथा आशा कार्यकर्ता हेमलता के सफल योगदान से संपूर्ण हुआ। शिविर में लाभार्थियों के स्वास्थ्य जांच के साथ निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई।

इस स्वास्थ्य शिविर में लाभार्थियों को निशुल्क लैब टेस्ट की सुविधा भी प्रदान की गई। सीजनल फ्ल्यू से बचाव के बारे में लोगों को जागरूक करवाया और क्षय रोग जैसी जानलेवा बीमारी के बारे में भी लोगों को जागरूक करवाया गया। कटाहर गांव में 60 से अधिक लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। हेल्थ कैंप के दौरान मेडिकल ऑफिसर डॉ. अश्मिता शर्मा ने सभी लाभार्थियों की स्वास्थ्य जांच की।

**कार्यक्रम**

### जवाहर नवोदय विद्यालय बंदरोल के वार्षिक पारितोषिक समारोह में बोले डीसी-

# समाचार पत्र का अध्ययन सामान्य ज्ञान बढ़ाने में सहायक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

न्दरोल स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में शुक्रवार को वार्षिक पारितोषिक समारोह का आयोजन किया गया। उपायुक्त आशुतोष गर्ग कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में स्टूडेंट्स का आह्वान किया कि वे पाठ्यक्रम पुस्तकों के अध्ययन साथ-साथ अन्य पुस्तकों व समाचार पत्रों का नियमित रूप से अध्ययन करें।

उन्होंने कहा कि समाचार पत्र व अन्य पुस्तकों का अध्ययन सामान्य ज्ञान बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा, जो आगे चलकर प्रतियोगी परीक्षाओं में भी काम आयेगा। आशुतोष गर्ग ने स्टूडेंट्स से पढ़ाई के साथ-साथ अन्य खेल व संगीत आदि गतिविधियों में भी भाग लेने को कहा।

उन्होंने कहा कि खेल व संगीत पढ़ाई के कारण हुई थकान को दूर करने में अहम भूमिका निभाता है तथा हमें मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में भी सहायक सिद्ध होता है। उन्होंने शिक्षकों व अभिभावकों से बच्चों खासकर छोटे बच्चों द्वारा मोबाइल प्रयोग करते समय नजर रखने को कहा, ताकि वह इंटरनेट का प्रयोग ज्ञान संबर्द्धन के लिए ही करें। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को सम्मानित किया तथा उपलब्धी के लिए बधाई दी।

उन्होंने स्थानीय ग्राम पंचायत प्रधान से स्कूल के मैदान के निर्माण के लिए चिह्नित स्थान की एफआरसी व अन्य औपचारिकताओं को पूर्ण करने में स्कूल प्रशासन को सहयोग देने का आग्रह किया। प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा ने मुख्यातिथि तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया तथा विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों बारे विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर स्थानीय ग्राम पंचायत के प्रधान सहित अभिभावक, अध्यापक व अन्य उपस्थित थे।



बंदरोल विद्यालय के वार्षिक समारोह में मुख्यातिथि पहुंचे उपायुक्त कुल्लू स्टूडेंट्स व स्टाफ के साथ।

## जवाहर नवोदय विद्यालय बंदरोल में एनएसएस शिविर शुरू

**जवाहर** नवोदय विद्यालय बंदरोल में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू। शिविर का शुभारंभ संस्कृतिक एवं सेवानिवृत्त जिला लोक संपर्क अधिकारी कुलदीप गुलेरिया ने किया। उन्होंने ने कहा कि इसमें स्टूडेंट्स को विभिन्न सामुदायिक सेवा गतिविधियों और कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर प्रदान होता है। उन्होंने स्वयंसेवियों का आह्वान करते हुए कहा कि वह देश सेवा में शत प्रतिशत योगदान देने के साथ समाज में फैली कुरीतियों और अंधविश्वास को भी दूर करने के लिए अपनी भूमिका का निर्वाह करें।

इस अवसर पर प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा ने स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा की देश सेवा की सार्थकता तभी सिद्ध होगी अगर आप प्रतिदिन देश हित में एक पुनीत कार्य करें चाहे व छोटा ही क्यों न हो जिसकी शुरुआत आप अपने स्कूल और घर से भी कर सकते हैं। उन्होंने मानवीय पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए समाज को जोड़ने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार शर्मा और पूनम देवी ने कहा कि 27 दिसंबर तक चलने वाले सात दिवसीय कैंप में गोद लिए गए गांव बंदरोल में श्रमदान के अतिरिक्त स्वच्छता, वृक्षारोपण, रास्तों की मरम्मत व अन्य गतिविधियों के साथ गांव में स्वच्छता का संदेश देने के लिए रैली निकाल कर जागरूकता का संदेश दिया जाएगा शिविर में उपप्राचार्य प्रताप सिंह ठाकुर ने भी विचार रखे। शिविर में 77 स्टूडेंट्स भाग ले रहे हैं।

## बधाइयां



खुशी हो रही है कि दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान का प्रकाशन शुरू हो गया है, इसके लिए मैं अनंत ज्ञान की पूरी टीम को बधाई देता हूं।

**-गिरीश समरा, एसडीएम सुंदरनगर।**



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान सब वर्गों की आवाज बन कर सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करेगा। जिला मंडी सहित पूरे प्रदेश में अपनी एक अलग छवि बनाएगा।

**-भारत भूषण, डीएसपी, सुंदरनगर।**



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रकाशित होने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। यह सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जनता तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगा।

**-विवेक चौहान, खंड विकास अधिकारी, सुंदरनगर।**



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रकाशन पर हार्दिक बधाई। उम्मीद है कि जल्दी ही समाचार पत्र अग्रणी समाचार पत्रों की श्रेणी में सम्मिलित होगा। भविष्य के लिए अनंत ज्ञान की पूरी टीम को बधाई।

**-ब्रह्मदास चौहान, उपाध्यक्ष, पंचायतीराज संगठन।**

## हर हाथ अनंत ज्ञान




पंजाब नेशनल बैंक जोगिंद्रनगर शाखा के वरिष्ठ प्रबंधक विकास कुमार अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।




जोगिंद्रनगर थाना प्रभारी निर्मल सिंह अनंत ज्ञान अखबार का अवलोकन करते हुए।




शारदा ज्योतिष कार्यालय जोगिंद्रनगर में सुरेंद्र शर्मा अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।




एक्साइज विभाग सर्किल जोगिंद्रनगर इंस्पेक्टर बलवंत सिंह दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।




इंदिरा मार्केट में स्थानीय निवासी सुरेंद्र बिष्ट दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।




चौहाटा बाजार में कमलेश गोयल दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।




मंडी में अरोड़ा ऑप्टिकल्स में ऐश्वर्या दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ती हुई।




मिल्क प्लांट चक्कर से सेवानिवृत्त नरेंद्र शर्मा दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।




डीएवी जोगिंद्रनगर के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।




न्यू क्रिसेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल निदेशक विजय शर्मा अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।

## सरकाघाट कॉलेज में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया



राष्ट्रीय गणित दिवस पर बनाए गए पोस्टर के साथ छात्र व प्राध्यापक।

**सरकाघाट।** रविंद्र नाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग, मॉडल मेकिंग तथा भाषण इत्यादि गतिविधियों में भाग लिया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने गणित विभाग तथा सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। सम्मेलन में डॉ. रमेश धलारिया, डॉ. गुलशन कुमार, प्रो. तेज सिंह, डॉ. शबनम शर्मा और डॉक्टर प्रीति मौजूद रहे।

## इग्नू अध्ययन केंद्र में प्रवेश 31 जनवरी तक

**मंडी।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में बिना विलंब शुल्क प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2024 को निर्धारित की गई है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र मंडी के को-ऑर्डिनेटर डॉ. राजकुमार ठाकुर ने बताया कि इग्नू अध्ययन केंद्र मंडी में स्नातक स्तर पर बीए बीएससी बीकॉम व स्नातकोत्तर स्तर पर कला, विज्ञान, वाणिज्य पाठ्यक्रमों में पोस्ट ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा व सर्टिफिकेट कोर्स में इच्छुक लर्नर प्रवेश ले सकते हैं।

# छोटी काशी में गरजे कांग्रेसी

## मंडी में केंद्र सरकार के खिलाफ निकाली रैली, जमकर लगाए नारे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

लोकसभा व राज्यसभा से विपक्षी सांसदों के निलंबन के बाद कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आई है। विरोध स्वरूप देशभर में विपक्षी पार्टियों द्वारा सरकार के इस निर्णय को तानाशाही रवैया करार देते हुए जमकर प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जिला कांग्रेस ने मंडी में रैली निकाल कर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

हाथों में बैनर लेकर कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। इनका कहना है कि केंद्र की सरकार तानाशाही रवैया अपनाए हुए लोकतंत्र को समाप्त करने पर लगी हुई है। पूर्व मंत्री व कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष मंडी प्रकाश चौधरी की अगुआई में हुए इस प्रदर्शन में



मंडी में विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी।

दर्जनों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि जब से केंद्र सरकार सत्ता में आई है तब से तानाशाही रवैया अपनाया जा रहा है और संसद में विपक्ष की अनुपस्थिति में बिल भी पास करवाए जा रहे हैं। जिन कांग्रेस सांसदों ने संसद में हमले के विरोध में आगाह किया, उन्हें ही संसद से बाहर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने बेरोजगारी तथा महंगाई सहित अन्य मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाने के लिए इस तरह

### कहा- लोकतंत्र को समाप्त करने पर तुली है केंद्र सरकार

के हथकंडे अपनाए हैं, जिसका पार्टी विरोध करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार ने तीन गारंटियां पूरी की है और अन्य गारंटियां भी जल्द पूरी कर दी जाएगी। उन्होंने भाजपा नेताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि मात्र राजनीति करने के लिए विधानसभा में गारंटियों का मुद्दा उछाला जा रहा है।

बता दें कि संसद सुरक्षा के उल्लंघन की घटना पर विपक्ष केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग कर रहा था। इसी मांग को लेकर 13 दिसंबर को शीतकालीन सत्र में विपक्ष ने हंगामा किया। सदन की कार्रवाई में व्यवधान के बाद लोकसभा और राज्यसभा से विपक्षी सांसदों को निलंबित किया गया है।

# मंडी में विभिन्न संगठनों और संस्थाओं ने मनाई गीता जयंती



गीता जयंती के उपलक्ष्य पर गीता पाठ करते श्रद्धालु।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी में शुक्रवार को गीता जयंती की धूम रही। आईआईटी कमांद, एसवीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, वेदांत कुटीर व जेलरोड़ में कई संस्थाओं ने आयोजन का पुण्य कमाया। वेदांत कुटीर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गीता जयंती, मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष एकादशी तिथि धूमधाम से मनाई गई।

इसमें श्रद्धालुओं ने शिरकत कर पाठ का श्रवणपान कर गीता महत्व को समझा। इस अवसर पर वेदांत कुटीर में प्रात: भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ आयोजित किया गया। दोपहर 11 से श्रीमद्भागवत का मूल पारायण सभी संगत के साथ आयोजित किया गया।

वेदांत कुटीर की अध्यक्ष साध्वी सेवानंद सरस्वती तथा ब्रह्मचारी प्रणव चैतन्य एवं संतों ने प्रवचन दिए। अध्यक्ष साध्वी सेवानंद सरस्वती द्वारा उपस्थित संगत को आशीर्वाद प्रदान किया गया। उधर, ब्राह्मण सभा की खंड इकाई द्वारा जेल रोड में गीता जयंती मनाई गई।

## पूर्व सैनिकों की मांग, सरकाघाट में जल्द खोली जाए सब शाखा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सरकाघाट में जिला सैनिक कल्याण ऑफिस की सब शाखा खोलने की मांग जोर पकड़ने लगी है। उपमंडल सरकाघाट के कई इलाकों से मंडी की दूरी 70 से 130 किलोमीटर है, इस कारण पूर्व सैनिकों से धन और समय की बर्बादी हो रही है। संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ ओआर) हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कै. जगदीश वर्मा ने कहा कि उपमंडल बलद्वाड़ा, धर्मपुर संधोल, टिहरा और सरकाघाट के भूतपूर्व सैनिकों की संख्या 20000 है।

ऐसे में जिला सैनिक कल्याण ऑफिस मंडी की एक शाखा सरकाघाट में भी खुलनी चाहिए ताकि पूर्व सैनिकों व वीर नारियां को मंडी जाने से छुटकारा मिल सके। कै. जगदीश वर्मा ने कहा कि उन्होंने अपने संगठन की तरफ से जिलाधीश मंडी, चीफ सेक्रेटरी गवर्नमेंट ऑफ हिमाचल प्रदेश शिमला तथा सचिव, सेना मुख्यालय, मिनिस्ट्री आफ डिफेंस गवर्नमेंट ऑफ इंडिया को एक पत्र लिखकर मांग की है कि वह सरकाघाट में एक सब जिला कल्याण ऑफिस की ब्रांच स्थायी रूप से खोल दें। कै. जगदीश वर्मा ने बताया कि पूर्व सैनिकों को अपने शस्त्र सेनाओं से संबंधित काम जैसे आइडेंटिटी कार्ड, डिपेंडेंट कार्ड, पेंशन, डिसेबिलिटी पेंशन, सीएसडी कैंटीन, ईसीएचएस मेडिकल सुविधा, लाइफटाइम एरियर और भी दूसरे कई रिकॉर्ड ऑफिस से संबंधित कार्यों के लिए बार-बार मंडी जाना पड़ता है और मंडी जाकर अगर उनका काम एक बजे तक नहीं निपटता है, तो उनको दूसरे दिन के लिए भी ठहरना पड़ता है, क्योंकि वापसी के लिए कोई बस भी नहीं मिलती है। बुजुर्ग पूर्व सैनिकों को और वीर नारियों को मंडी जाने के लिए कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण सरकाघाट में सब शाखा खुलनी चाहिए।

## रोबोटिक सर्जरी बनी वरदान



**मंडी।** रोबोटिक सर्जरी का वर्तमान समय में आने से कैंसर पीड़ितों के लिए राहत की बात है और जिस कैंसर के इलाज तक पहुंचना मुश्किल था उसका भी इलाज अब रोबोटिक सर्जरी के जरिए पारंपरिक रूप से किया जा सकता है। यह बात फॉर्टिस हॉस्पिटल चंडीगढ़ के ईएनटी सर्जन डॉक्टर अशोक गुप्ता ने शुक्रवार को मंडी में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने बताया कि इस सर्जरी से दूरबीन की सहायता से शरीर के अंदर तक का कैंसर बड़ी आसानी से निकला जा सकता है। उन्होंने बताया कि कैंसर की सर्जरी रोबोटिक द्वारा की जाती है तो उसके परिणाम भी काफी सफल रहते है और कामयाब भी 70 से 80 प्रतिशत तक होती है वही नॉर्मल सर्जरी का कामयाब होना 50 से 60 प्रतिशत रहता है। उन्होंने बताया कि रोबोटिक सर्जरी में दूसरी सर्जरी से लगभग एक से डेढ़ लाख रुपए ही ज्यादा लगते है।

# ग्रामीण विकास कार्यों में तेजी लाएं खंड विकास अधिकारी

## एडीसी मंडी निवेदिता नेगी ने बैठक के दौरान जारी किए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

एडीसी मंडी निवेदिता नेगी ने शुक्रवार को खंड विकास अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने लक्ष्यों के मुकाबले अर्जित उपलब्धियों पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए अधिकारियों को इन्हें गति प्रदान कर समयबद्ध पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि वे बैठक में पूरी तैयारी कर के आएं। बैठक में उन्होंने 15वें वित्त आयोग द्वारा पारित शैल्फों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने आधार सीडिंग को जल्द से जल्द शत प्रतिशत पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। आधार सीडिंग जिला में 97.36 प्रतिशत हो पाई है। उन्होंने समय पर मनरेगा श्रमिकों का



खंड विकास अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करतीं एडीसी मंडी निवेदिता नेगी।

भुगतान सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता, पंचायत कार्यों में सामग्री व लेबर अनुपात को सुधारने तथा पंचायत कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष बल देने के निर्देश दिए। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को रुके हुए कार्यों का निरीक्षण कर उन्हें जल्द से जल्द पूरा करवाने के आदेश दिए।

## कांग्रेस सांसद सदन में कर रहे नौटंकी

**मंडी।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा ने कांग्रेस पर शुक्रवार को खूब जुबानी हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश और केंद्र के कांग्रेसी नेता जनता को गुमराह कर रहे हैं देश में कांग्रेस पार्टी से जनता का विश्वास उठ गया है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत एक विकसित देश बनता जा रहा है। जब से भाजपा मोदी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ के बड़े राज्यों में जीती है तभी से ही जो कांग्रेस के साथ दल इकठ्ठा हुए थे। उन्होंने कहा कि एक तरफ सुख्खू कहते हैं कि प्रदेश के खजाने में मात्र 23 करोड़ ही है मगर जश्न मनाने और अपने लोगों को लाभ देने में लगे है। उन्होंने कहा कि आज किस तरह कांग्रेस के सांसद सदन में व्यवहार करते है। आज कांग्रेस व सहयोगी सांसद नौटंकी करने का काम कर रहे है व चुनाव नजदीक देखकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे है। आज केंद्र सरकार की योजनाओं का बजट ही हिमाचल सरकार खर्च कर रही है।

# सकोडी खड्ड में गंदगी फेंकने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

## कल्याणी संस्था के ज्ञापन सौंपने पर बोले नगर निगम आयुक्त



नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपते कल्याणी संस्था के पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

कल्याणी संस्था का एक प्रतिनिधिमंडल रजनी शर्मा की अध्यक्षता में नगर निगम आयुक्त एचएस राणा से मिला और उन्हें सकोडी खड्ड में पड़ी गंदगी के बारे में अवगत करवाया। इस दौरान उन्हें ज्ञापन सौंपा गया जिसमें कहा है कि सकोडी खड्ड में गंदगी के ढेर हैं और पानी भी काला हो गया है। यहां सफाई की अत्यंत आवश्यकता है, इसलिए सफाई अभियान शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि सकोडी खड्ड में सीवरेज गिरने से बदबू ही बदबू है, जिससे राहगीरों और स्थानीय दुकानदारों और निवासियों का जीना मुहाल हो गया है।

इसके साथ ही कल्याणी संस्था ने मांग की है कि गंदगी से निजात दिलाने के लिए लोगों को जागरूक किया जाए ताकि समस्या का स्थायी समाधान हो सके। नगर निगम आयुक्त एचएस राणा ने कल्याणी संस्था को आश्वासन दिया है कि जल्द ही गंदगी फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर पार्षद सुमन ठाकुर, नेहा कुमारी, पुष्पा ठाकुर, अनिल शर्मा, सुनील, हरीश कुमार और अरविंद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**चुनाव** एकतरफा मुकाबले में 263 मतों से दूसरी बार हासिल की जीत

# सरकाघाट जोन दो से बलवंत बने निदेशक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक निदेशक मंडी जोन दो सरकाघाट के चुनाव में बलवंत सिंह ठाकुर ने एकतरफा जीत दर्ज करके दूसरी बार जीत का परचम लहराया है। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी मोहन सिंह को 263 वोटों से हराया। बलवंत सिंह को 454 और मोहन सिंह को 191 वोट पड़े और चार मत रद्द हुए, कुल 649 मत पोल हुए।

इस चुनाव में केवल तीन उम्मीदवार मैदान में थे, लेकिन एक उम्मीदवार राकेश कुमार द्वारा नाम वापस लेने के बाद केवल दो ही उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस नेता बलवंत सिंह ठाकुर के समर्थकों ने सरकाघाट बाजार में पटाखे फोड़ कर खुशी का इजहार किया और विजय रैली निकाली और अपने समर्थकों व मतदाताओं का धन्यवाद



विजयी होने के बाद समर्थकों के साथ बलवंत ठाकुर।

किया। बलवंत सिंह ने जीतने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पूरे देश में सहकारिता का दायरा बढ़ रहा है।

इसी तरह हिमाचल प्रदेश में भी सहकारिता क्षेत्र को आगे बढ़ाया जाएगा लोगों को फायदा होगा। उन्होंने मतदाताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि वह लोगों के हित में कार्य करेंगे। रैली में हिविंकां के पूर्व प्रत्याशी नानक चंद भारद्वाज, कांग्रेस के प्रदेश महासचिव डॉक्टर जय कुमार आजाद, प्रदेश कांग्रेस आरटीआई को-ऑर्डिनेटर केके वर्मा, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष भूप सिंह ठाकुर, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष संदीप वशिष्ठ, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान, राजेश कौंडल, अश्वनी गुलेरिया, विश्व हिंदू परिषद के नेता विजय ठाकुर, पंचायत उपप्रधान शिव कुमार सकलानी मौजूद रहे।

### पवन गुट को लगा झटका

कांग्रेस प्रदेश महामंत्री और सरकाघाट कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी पवन ठाकुर द्वारा द्वारा अपने प्रत्याशी मोहन लाल को खड़ा किया था, लेकिन वह बुरी तरह से हार गया इस चुनाव में गोपालपुर और धर्मपुर को भी मुद्दा बनाया गया था, वह भी काम नहीं आया और वरिष्ठ कांग्रेस नेता बलवंत सिंह ठाकुर ने एक तरफ जीत हासिल करके अपना वजूद दिखा दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### करसोग अस्पताल में दिव्यांगों की जांच की



करसोग अस्पताल में जांच के लिए पहुंए दिव्यांग।

**करसोग।** दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए नागरिक चिकित्सालय करसोग में एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से आयोजित इस शिविर में लगभग 60 दिव्यांगों ने भाग लिया। तहसील कल्याण अधिकारी भोपाल शर्मा ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा अधिकृत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के माध्यम से दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए जिला मंडी में शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में करसोग में भी शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पात्र दिव्यागों को लाभान्वित करने के लिए उनका मूल्यांकन कर चिन्हित किया गया।

### पलक व किरण एनएसएस मेगा कैंप को सिलेक्ट

**मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कन्या मंडी में जिला स्तरीय एनएसएस का एकदिवसीय कैंप आयोजित किया गया, जिसमें जिलाभर के विद्यालयों से 200 से ज्यादा एनएसएस स्वयंसेवियों व 150 कार्यक्रम अधिकारियों ने भाग लिया। एकदिवसीय चयन प्रक्रिया में कन्या विद्यालय की दो छात्राओं पलक जमा दो व किरण जमा एक का मेगा कैंप के लिए जो भविष्य में ऊना में आयोजित होगा। प्रधानाचार्य भाग सिंह व कार्यक्रम अधिकारी वंदना सरोच ने दोनों स्वयंसेवियों को चयन प्रक्रिया के लिए शुभकामनाएं प्रदान की हैं।

### चरस के आरोपी पुलिस रिमांड पर

**जोगिंद्रनगर।** पुलिस थाना जोगिंद्रनगर द्वारा शुक्रवार को तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने तीनों को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। बता दें कि वीरवार को पुलिस थाना जोगिंद्रनगर द्वारा गलू के पास नाका लगाया गया था और मंडी से आ रही गाड़ी में तीन युवक बैठे थे उनके पास 205 ग्राम चरस बरामद की गई और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया तीनों आरोपी कांगड़ा के रहने वाले थे।



शहर के महामृत्युंजय चौक पर बनी वर्षाशालिका जिसमें यात्रियों को बैठने के लिए लगाए गए बेंच को आजकल पथरों के सहारे टिकाया गया है, जो कभी भी गिर सकता है, लेकिन आज तक नगर निगम ने इसे ठीक करने की हिम्मत नहीं जुटाई है।

## हर हाथ 'अनंत ज्ञान'



चिंतपूर्णी से पूर्व विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष बलवीर चौधरी अंब में अनंत ज्ञान समाचार पत्र का अवलोकन करते हुए।



जिला भाजपा महामंत्री शाम मिन्हास व श्री चिंतपूर्णी मंडल भाजपा के महामंत्री कुलदीप ठाकुर अनंत ज्ञान समाचार पत्र को पढ़ते हुए।



चोआर में सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर संजीव कुमार अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



उपमंडल अंब के गांव अंदौरा में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए बलवीर सिंह।



उपमंडल अंब के कलरूही में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए खुशी राम व कुसुम।



ऊना में पुरी स्पोर्ट्स में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए हमारे पाठक।



बंगाणा बाजार में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए पाठक विजय शर्मा, चमन लाल फोरमैन व दिवेश भाटिया।



बंगाणा में हमारे पाठक अरुण अनंत ज्ञान समाचार पत्र का गहराई से अवलोकन करते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### एकदिवसीय योग शिविर का आयोजन

**अंब/ बडूही।** उपतहसील जोल के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौकी-मन्यार में आज शुक्रवार को आयुष विभाग अधिकारी ऊना ज्योति कंबर एवं डॉ. संजीव पठानिया के निर्देशानुसार एकदिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रधानाचार्य मनोहर लाल शर्मा ने की। कार्यक्रम में योग इंस्ट्रक्टर विजय शर्मा एवं योग शिक्षक शालिनी ने वहां पर उपस्थित सभी स्टूडेंट्स को विभिन्न प्रकार के कपालभारति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, वज्रासन, ताड़ासन, सूक्ष्म व्यायाम, तिर्यक ताड़ासन, पादहस्तासन, सूर्य नमस्कार आदि का अभ्यास करवाया। इस मौके पर स्कूल प्रधानाचार्य मनोहर लाल शर्मा, वाइस प्रिंसिपल कुसुम लता, अश्विनी कुमार, अंजू, सीमा, अमिताभ गिल, दिनेश कुमार, विजय कुमार, भगवान सिंह आदि मौजूद रहे।

### महिंद्र भारत गौरव रत्न अवॉर्ड से सम्मानित



अवार्ड प्राप्त करते हुए महेंद्र शर्मा।

**ऊना।** नई दिल्ली में डॉ. महेंद्र शर्मा को भारत गौरव रत्न अवॉर्ड पुरस्कार से सम्मानित किया गया। महिंद्र शर्मा जिला ऊना के बढेड़ा राजपूतां से संबंध रखते हैं। वह नई दिल्ली के इस्कॉन मंदिर की नवीकरण, पुर्नोद्धार समिति के वाइस चेयरमैन हैं। वह दिल्ली में देशभर से एम्स जैसे अस्पतालों में अपना इलाज कराने आए गरीब रोगियों को दवाइयां, उपकरण और खान-पान की सुविधा उपलब्ध करवाते हैं। दिल्ली के अस्पतालों के बाहर गरीब रोगियों और उनके परिजनों को पोषाहार प्रदान करने के लिए लंगर चलाते हैं। वह मैसूर में एड्स से पीड़ित स्ट्रीट चिल्ड्रंस के इलाज के लिए आशा किरण हॉस्पिटल को नियमित रूप से आर्थिक सहायता प्रदान करते हैं। उन्होंने श्री केदारनाथ व श्री चिंतपूर्णी के गर्भगृह में चांदी के आवरण के कार्य को संपन्न करने के लिए दो-दो करोड़ रुपए दान दिए। वह हरी यमुना सहयोग समिति के वाइस चेयरमैन हैं, जो कि पावन यमुना नदी की सफाई, यमुना तटों पर पौधरोपण, यमुना नदी में प्रदूषण कम करने सहित अनेक विकास और धार्मिक महत्व की परियोजनाओं पर कार्य कर रही है।

### शिविर में जांची गई 354 मरीजों की सेहत

**अंब।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय अप्पर अंदौर में ल्यूमिनस उद्योग व हेल्प एज इंडिया संस्था द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक चले इस शिविर में सामान्य रोग विशेषज्ञ, महिला रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, बच्चों के रोग विशेषज्ञ द्वारा 354 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा जांच के बाद जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मे भी दिए जाएंगे। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन उपमंडल अधिकारी अंब विवेक महाजन ने किया। इस मौके पर उपमंडल अधिकारी के साथ-साथ तहसीलदार अंब प्रेम धीमान, बीएमओ अंब डॉ. राजीव गर्ग, बीडीसी बलबीर धीमान, अप्पर अंदौर के प्रधान, उपप्रधान व पांच भी मौजूद रहे।

### बसदेहड़ा में कल से श्रीमद्भागवत कथा

**मैहतपुर।** जिला के नगर परिषद मैहतपुर बसदेहड़ा के वार्ड-छह के गुग्गा जाहर पीर बाबा बालक नाथ मंदिर में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी मंदिर कमेटी के सदस्य सुभाष राणा ने दी है। उन्होंने बताया कि गुग्गा जाहर पीर बाबा बालक नाथ मंदिर में 24 से 30 दिसंबर तक दोपहर दो बजे से लेकर सायं पांच बजे तक श्रीमद्भागवत कथा की जाएगी। उन्होंने बताया कि 23 दिसंबर को मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो सतलुज नदी किनारे विभोर साहिब से होते हुए वापस मंदिर संपन्न होगी। सुभाष राणा ने बताया कि देहलां गांव के पंडित युगल वशिष्ट श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराएंगे। वहीं 31 दिसंबर को पूर्णाहुति के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से इस धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया है।

### एसजीपीसी के चुनाव को लेकर बैठक आयोजित

**गगरेट।** सिखों के प्रमुख धार्मिक स्थानों का संचालन करने वाली सर्वोच्च संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव के लिए निर्वाचक नामावली तैयार करने को प्रशासन ने कदमताल शुरू कर दी है। शुक्रवार को एसडीएम शशीपाल शर्मा ने गगरेट में एक बैठक का आयोजन कर सिख समुदाय के प्रमुख लोगों को निर्वाचक नामावली की जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि एसजीपीसी चुनावों के दृष्टिगत अठारह दिसंबर से बारह जनवरी 2024 तक सिख मतदाताओं का पंजीकरण किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र मतदाता संबंधित पटवारी व शहरी क्षेत्रों में पात्र मतदाता नगर पंचायत सचिवों से आवेदन फार्म लेकर आवेदन कर सकते हैं। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव के लिए तैयार की जा रही निर्वाचक नामावली के लिए सिर्फ और सिर्फ केशधारी सिख ही पात्र हैं। जो कि धूम्रपान, मद्यपान नहीं करते और हलाल मांस नहीं खाते। निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज करवाने के लिए मतदाता की आयु 21 अक्टूबर 2023 तक इक्कीस साल की होना अनिवार्य है। 13 से 31 जनवरी 2024 तक हस्तलिखित नियमावली तैयार करके उसकी छपाई और रखरखाव का प्रारंभिक आकलन प्रकाशन किया जाएगा। प्रारंभिक प्रकाश सूची में प्रकाशित नाम, पद व पता या कर्मचारी के मामले में उसका पद और पता संबंधित दावे व आक्षेप पहली फरवरी तक संबंधित पुनर्निरीक्षण प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

### हरिद्वार की गंगा आरती की तरह खूबसूरत दृश्य अब विभोर में भी मिलेगा देखने को

# ऐतिहासिक पंचगाटड़ा विभोर में पहली जनवरी से होगी सतजुल आरती

**अनंत ज्ञान, मैहतपुर**

**यहां** सतलुज के पवित्र घाट पर पहली जनवरी से नियमित तौर पर गंगा आरती की तर्ज पर सतलुज आरती आरंभ की जाएगी। इस बाबत आज यहां शिवपुरी विकास समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता सतीश कुमार ने की। बैठक की जानकारी देते हुए समिति के उपाध्यक्ष पंकज सहोड़ ने बताया कि गंगा आरती की तर्ज पर विभोर के सतलुज आरती करने पर सहमति बनी है। इसके लिए सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं। पहली जनवरी, 2024 से शाम छह बजे इस महाआरती का शुभारंभ किया जा रहा है। समिति इस खास मौके को ऐतिहासिक बनाने की दिशा में प्रयासरत है। इसके लिए समिति सदस्यों ने वृहद कार्य योजना तैयार की है। आरती की संरचना और उसके प्रारूप को लेकर समिति के सदस्य बड़ी बारीकी से कार्य में जुटे हुए हैं। इस पर को स्वर्णिम अक्षरों में अंकित करने के लिए व्यापक पैमाने पर समिति सदस्यों ने कई प्रमुख पठाधीशों से वार्ता करने के बाद इस पर अंतिम निर्णय लिया है। समिति के उपाध्यक्ष पंकज सहोड़ ने बताया कि पंचगाटड़ा घाट पर पहुंच को सुगम बनाने के लिए एक अलग रास्ते का निर्माण भी किया जाएगा। जिस पर करीब तीन करोड़ रुपए का खर्च होने का अनुमान है। इस घाट को दुधिया रोशनी से सुसज्जित करने के लिए पंजाब तथा हिमाचल प्रदेश में इस क्षेत्र में स्थापित बड़े उद्योगों से संपर्क किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभोर घाट को एलईडी लाइट्स से शाम के समय खूबसूरत दूधिया रोशनी के जगमग किए जाने का भी प्रस्ताव है। इस मौके पर प्रधान सतीश, उपप्रधान पंकज सहोड़, जय गोपाल शर्मा, वेद प्रकाश, धर्मपाल बंगा, सुरेंद्र, अभिषेक शर्मा, जसपाल, पवन कुमार, विनोद कुमार, मूलराज, कृष्ण अवतार, विनोद भोलू, विनोद विनोदी, संदीप शर्मा, सज्जन सिंह, शीलू, राणा मोहन सिंह व राणा जीत सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सर्दी-गर्मियों की अलग-अलग समय-सारिणी

**समिति** ने सतलुज आरती के लिए दो विद्वान पंडितों की नियुक्ति कर दी है। समिति ने निर्णय लिया है कि सर्दियों में सतलुज आरती का समय शाम 6 बजे रहेगा, जबकि ग्रीष्मकालीन सतलुज आरती का समय शाम 7 बजे होगा। पंचगाटड़ा घाट विभोर की सुंदरता को चार चांद लगाने व इसकी भव्यता को कायम करने के लिए स्थानीय लोगों का सहयोग लिया जाएगा। आने वाले समय पर सतलुज आरती को जन सहयोग के जरिए विस्तृत किया जाएगा, ताकि आने वाले युवी पीढ़ी को इसके साथ जोड़ा जा सके। हमारी प्राचीन संस्कृति तथा धरोहर को कायम रखने का जिम्मा आज की युवा पीढ़ी को सौंपा जाएगा।

### प्रतिष्ठित व्यक्तियों को किया जाएगा आमंत्रित

**सतलुज** आरती के शुभारंभ मौके पर समिति द्वारा विभिन्न पंजाब व हिमाचल प्रदेश की धार्मिक संस्थाओं के प्रमुखों को भी आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा पंजाब व हिमाचल प्रदेश के बड़े राजनीतिक चेहरों को भी इस महाआरती में शामिल होने का निमंत्रण दिया जाएगा। इसमें केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस, हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के अलावा मौजूदा विधायक व पूर्व विधायकों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रमुख धार्मिक, सामाजिक तथा राजनीतिक संस्थाओं के प्रमुखों को इस महाआरती के शुभारंभ मौके पर निमंत्रण दिया जाएगा।

# सांसदों के निलंबन पर कांग्रेस ने निकाली जन आक्रोश रैली

## तानाशाही रवैये से मोदी चला रहे सरकार, जल्द सांसदों का निलंबन हो रद्द

**अनंत ज्ञान टीम, ऊना/ बंगाणा/ अंब/ हरोली**



लोकसभा व राज्यसभा से विपक्षी सांसदों के निलंबन के विरोध में ऊना में विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेस नेता।

**लोकसभा** व राज्यसभा से विपक्षी सांसदों के निलंबन के बाद कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आई है। लोकसभा व राज्यसभा से 143 सांसदों के निलंबन पर कांग्रेस ने जिला ऊना के पांचों ब्लॉकों में विरोध-प्रदर्शन किया।

जिला मुख्यालय पर पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा की अगुआई में कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हाथों में बैनर लेकर कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र की सरकार तानाशाही रवैया अपनाए हुए लोकतंत्र को समाप्त करने पर लगी हुई है।

पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा की अगुआई में हुए इस प्रदर्शन में दर्जनों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। रायजादा ने आरोप लगाया कि जब से केंद्र सरकार सत्ता में आई है, तब से तानाशाही रवैया अपनाया जा रहा है और संसद में विपक्ष की अनुपस्थिति में बिल भी पास करवाए जा रहे हैं। जिन कांग्रेस सांसदों ने संसद में हमले के विरोध में आगाह किया, उन्हें ही संसद से बाहर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने बेरोजगारी तथा महंगाई सहित अन्य मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाने के लिए इस तरह के हथकंडे अपनाए हैं, जिसका पार्टी विरोध करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार ने तीन गारंटियां पूरी की है और अन्य गारंटियां भी जल्द पूरी कर दी जाएगी। उन्होंने भाजपा नेताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि मात्र राजनीति करने के लिए विधानसभा में गारंटियों का मुद्दा उछाला जा रहा है। उधर, कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा की अध्यक्षता में केंद्र सरकार के प्रति रेस्ट हाउस बंगाणा से बाजार के मुख्य चौक तक रोष रैली निकाली। केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा ने कहा कि तानाशाही से कोई सरकार नहीं चलती है। बीते दस वर्षों से मोदी सरकार का यह हाल बन चुका है कि जो नेता सांसद, विधायक सच्चाई पेश करे, उन्हें या तो सस्पेंड किया जाता है या फिर सीबीआई ईडी व अन्य सरकारी एजेंसियों से प्रताड़ित करवाया जाता है। इस मौके पर ऊना ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष रविंद्र सहोड़, महिला ब्लॉक कांग्रेस की अध्यक्ष सीमा शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष अविनाश कपिला, शिव कुमार, संजीव कंवर, राजीव भारद्वाज, कुटलैहड़ कांग्रेस के महासचिव प्रवीण शर्मा, अजय शर्मा, प्रदेश सचिव देसराज मोदगिल, उपप्रधान भूषण शर्मा, दिनेश खत्री, रोहित रॉकी, बहादुर सिंह, सुरेंद्र, लेखराज भारती, प्रकाश चंद शर्मा, अंकित शर्मा, रामरेखा शुक्ला, नीरज ठाकुर, रोशन लाल, दीपक ठाकुर, देशराज गौतम, रमेश बंगा के अलावा सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# घटनास्थल पर मिला रजनीगंधा का खाली पैकेट अब पुलिस के लिए एकमात्र सहारा

**सन्नी पुरी, गगरेट**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**उपमंडल** गगरेट के नंगल जरियालां गांव में रह रही किशोरी का अपहरण के बाद वीरान जगह पर फेंके गए शव के मामले में 48 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ ऐसा कोई सुराग नहीं लगा है, जिसके सहारे पुलिस मामले का पटाक्षेप कर सके।

हालांकि शुक्रवार को भी पुलिस की तीन टीमें इस प्रकरण को सुलझाने के लिए जगह-जगह खाक छानती रहीं। सीसीटीवी फुटेज से कोई खास साक्ष्य न मिलने के बाद पुलिस के लिए अब घटनास्थल से मिला रजनीगंधा का खाली पैकेट ही सहारा है। शुक्रवार को पुलिस ने क्षेत्र की दुकानों पर दस्तक देकर उन लोगों का भी पता लगाने की कोशिश की जो रजनीगंधा चबाने के शौकीन हैं। अभी तक फोरेंसिक विशेषज्ञों व पोस्टमार्टम रिपोर्ट का आना बाकी है, लेकिन पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों ने इस आशंका को भी जाहिर नहीं किया कि किशोरी के साथ कोई अनैतिक कार्य किया गया हो। इस प्रकरण ने पुलिस की ऐसी नींद हराम की है कि इस मामले को क्रैक करने के लिए एक पुख्ता साक्ष्य तलाश करने के लिए पुलिस बिना जल के मछली की तरह तड़प रही है। उधर, डीएसपी डॉ. वसुधा सूद का कहना है कि पुलिस पूरी शिद्दत के साथ इस मामले को सुलझाने में जुटी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि शीघ्र ही पुलिस को सफलता मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

### पंजावर में कार की टक्कर से स्कूटी चालक घायल

**हरोली।** पंजावर गांव में हादसे में स्कूटी चालक घायल हो गया है। जिसे उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया है। हरोली पुलिस ने हादसे के संबंध में आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कश्मीरी लाल निवासी अंबोटा वीरवार को अपनी स्कूटी (एचपी 19 डी-8537) पर सवार होकर ईसपुर से गगरेट जा रहा था कि पंजावर गांव में पीछे से आ रही कार (एचपी 36 ई-1054) ने टक्कर मार दी। कार की टक्कर से स्कूटी चालक कश्मीरी लाल सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आरोपी कार चालक व अन्य स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए ऊना के क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने हादसे के संबंध में आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### भदसाली में दड़ा सट्टा की पर्ची समेत एक काबू

ऊना। पुलिस थाना हरोली के तहत पड़ते भदसाली में गांव में पुलिस ने एक व्यक्ति से 950 रुपए की दड़ा-सट्टा की पर्चियां बरामद की हैं। पुलिस ने आरोपी अनिल कुमार निवासी ऊना को हिरासत में लेकर जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार हरोली पुलिस वीरवार रात क्षेत्र में गश्त कर रही थी, तो गुप्त सूचना के आधार पर भदसाली गांव में तलाशी के दौरान आरोपी अनिल कुमार के पास से 950 रुपए की दड़ा-सट्टा की पर्चियां बरामद की गईं। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मामला दर्ज किया है।

### संतोषगढ़ में मनाया गीता जयंती समारोह, कोमल को मिला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का पुरस्कार

# श्लोकोच्चारण में आस्था ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़ ( ऊना )**



जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह में विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए।

**ब्राह्मण** सभा संतोषगढ़ के सौजन्य से संतोषगढ़ के विश्वकर्मा मंदिर में हर वर्ष की भांति इस बार शुक्रवार को जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह आयोजित किया गया। समारोह में क्षेत्र के निजी तथा सरकारी विद्यालयों के प्रतिभागियों ने शिरकत की और अपनी प्रस्तुतियां दीं।

श्रीमद्भगवत गीता के 18 अध्यायों में से किन्ही एक अध्याय का मौखिक उच्चारण करने तथा भजन, गीत, लोकगीत शास्त्रीय संगीत के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाने वाले प्रतिभागियों को ब्राह्मण सभा ने पुरस्कृत किया। श्लोकोच्चारण में एसडी पब्लिक स्कूल संतोषगढ़ की आस्था को प्रथम और गायन की ओपन स्पर्धा में जखेड़ा की गायिका नीरू प्रथम रही।

अंकों के आधार पर सभा ने कोमल धीमान को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया। गायन स्पर्धा में कुल 14 प्रतिभागियों ने शिरकत की। इस मौके पर शिव कुमार लद्दाखी, शिव कुमार कश्यप, जगत राम शास्त्री, विशन स्वरूप, रायपुर सहोड़ा वार्ड के पूर्व जिप सदस्य पंकज सहोड, हिमाचल शिक्षा समिति के प्रांत प्रचार प्रभारी एवं जिला महामंत्री एसडी शर्मा, विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षक वर्ग तथा स्थानीय नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### नशा मुक्त ऊना अभियान का स्वास्थ्य सुविधाओं का रहेगा अहम रोल : बीएमओ

**बंगाणा।** आज बंगाणा ब्लॉक की थाना कलां पंचायत में हर घर दस्तक अभियान की शुरुआत हुई, जिसकी अध्यक्षता बीएमओ बंगाणा नरेश कुमार ने की। उन्होंने इस अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि जिला प्रशासन ने जो नशा मुक्त ऊना अभियान चलाया है, उसमें स्वास्थ्य सुविधाओं का अहम रोल होगा। इस मौके पर नशा मुक्त ऊना अभियान के प्रोग्राम ऑफिसर सतपाल रणावत, सरोज देवी, उपप्रधान ओम प्रकाश, आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक सुनीता देवी, सिलाई अध्यापिका अजीव कुमारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, समस्त पंचायत प्रतिनिधि, महिला मंडल और समाजसेवी और बुद्धिजीवी वर्ग शामिल रहे।

### डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना में स्टूडेंट ले सकते हैं ऋण की सुविधा : एडीसी

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश में निर्धन परिवारों से संबंधित स्टूडेंट धन अभाव के कारण उच्च पेशेवर शिक्षा से वंचित न रहे इस उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा डॉ. वाईएस परमार स्टूडेंट ऋण योजना आरंभ की गई है। योजना के तहत ऐसे स्टूडेंट, जिनकी सालाना पारिवारिक आय चार लाख रुपए तक है तथा वे किसी भी स्तर की उच्च पेशेवर शिक्षक ग्रहण करना चाहते हैं, इस योजना का लाभ ले सकते हैं। यह जानकारी एडीसी ऊना महेंद्र पाल गुर्जर ने इस संबंध में आयोजित बैठक के दौरान दी। महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि योजना के लिए प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित शर्तों के मुताबिक स्टूडेंट हिमाचल प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए तथा पात्र शैक्षणिक योग्यता में उसके न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। योजना का लाभ इंजीनियरिंग विषयों में आईटीआई, डिप्लोमा अथवा डिग्री के अलावा मेडिकल, मैनेजमेंट, पैरामेडिकल, फार्मेसी, नर्सिंग तथा वकालत की पढ़ाई के अलावा पीएचडी की पढ़ाई करने के लिए भी लिया जा सकता है।

### अंब में आज पहुंचेगी अक्षत कलश यात्रा

**अंब।** अयोध्या राम जन्मभूमि से आए पूजित अक्षत कलश को लेकर अंब नगरवासियों ने एक बैठक की, जिसमें तय किया गया कि 23 दिसंबर को कलश यात्रा पूजन कर शोभायात्रा नगर पंचायत अंब में निकली जाएगी। यह यात्रा नगर पंचायत अंब के अंबेडकर भवन से सुबह 11 बजे निकाली जाएगी। इस यात्रा के संयोजक पूर्ण चंद शर्मा रहेंगे। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि यह यात्रा अंबेडकर भवन अंब से निकलेगी। इस मौके पर यात्रा सह संयोजक योगेंद्र त्रिपाठी, कार्तिक सोंखला, समाजसेवी सतवीर सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष इंदु धीमान, पार्षद अंजली सूद, पूर्व पार्षद स्पर्श शर्मा, सेवानिवृत्त सूबेदार रमेश कॉल, मास्टर तरसेम लाल शर्मा, दलीप ठाकुर, जापान सिंह जसवाल, तरसेम लाल, कंचर रायजादा, मंजू व पार्वती सूद आदि मौजूद रहे।

### अंबुजा फाउंडेशन ने मनाया राष्ट्रीय किसान दिवस

**बंगाणा।** अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन ने थानाकलां पंचायत के तहत गोशाला थाना खास में राष्ट्रीय किसान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कृष्ण पाल शर्मा ने कहा कि किसान केंद्र सरकार एवं अंबुजा फाउंडेशन की चलाई गई योजनाओं का लाभ उठाएं। इस मौके पर अंबुजा फाउंडेशन के सीईओ सुनील दत्त, बीडीसी सदस्य राज कुमार, निर्दोष कुमार, वशिष्ठ शर्मा, किशन चंद शर्मा, कैप्टन गोरख सिंह, अवतार सिंह, उपेंद्र सिंह, थानाकलां वेटरनरी अस्पताल के प्रभारी डॉ. राजेश जंगा, उपप्रधान इकबाल सिंह के अलावा अंबुजा फाउंडेशन के सदस्य एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा संपन्न

**अंब।** केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी और लोगों को मौके पर लाभ देने के लिए इन दिनों पूरे भारत में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा के माध्यम से जहां गांव-गांव में लोगों को सरकारी विभाग के अधिकारियों के द्वारा केंद्रीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही कई योजनाओं का लाभ भी आमजन को दिया जा रहा है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष रविंद्र द्विवेदी, शाम मिन्हास, पंचायत प्रधान आशा धीमान, उपप्रधान राणु कुमार, कुलदीप ठाकुर, जय देव खट्टा, बीडीसी संदीप शर्मा, बीडीसी वाइस प्रेसिडेंट संदीप ठाकुर, बीडीसी अनिता कुमारी, तरसेम लाल, संजीव कुमार, प्रवीण चौधरी, कंचन, नेहा, दीपक, रामपॉल, सभी वार्ड पंच, विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी व सांसद मोबाइल वैन के साथ डॉ. सुशांत व उनकी टीम उपस्थित रही।

### कोरोना के नए वैरिएंट को लेकर एडवाजरी जारी

**ऊना।** सीएमओ ऊना डॉ. संजीव कुमार वर्मा ने कोरोना के नए वैरिएंट जेएन-1 के देश में आने से संभावित स्थिति को मद्देनजर रखते हुए एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि कि इन्फ्लुएंजा जैसी सांस की बीमारियों अर्थात खांसी, जुकाम, गले में दर्द, नाक का बहना, सिर और बुखार के मामले में व कोविड के लक्षण वाले सभी मरीजों को तुरंत आरटी एंड पीसीआर जांच करवानी चाहिए, ताकि इससे होने वाली गंभीरता से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से सतर्क है।

### चिंतपूर्णी में यातायात बाधित करने पर कार्रवाई

**चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी पुलिस ने बाजार में सड़क के बीचोंबीच रेहड़ी-फड़ी लगाकर सामान बेचने पर कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी रेहड़ी-फड़ी संचालक अमरनाथ निवासी बीरपुर उत्तर प्रदेश के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार चिंतपूर्णी बाजार में पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान मंदिर के पास एक प्रवासी सड़क के बीच रेहड़ी लगाकर सामान की बिक्री किया जा रहा था। रेहड़ी-फड़ी सड़क के बीच होने से आम जनता को मंदिर आने-जाने व यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही थी। पुलिस ने रेहड़ी संचालक से आग्रह किया कि वे अपनी-अपनी रेहड़ी सड़क से हटा लें। पुलिस की हिदायत का जब रेहड़ी संचालक ने अनसुना किया तो पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी रेहड़ी-फड़ी संचालक अमरनाथ का यातायात बाधित करने पर कार्रवाई की है। एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने रेहड़ी संचालक के खिलाफ मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पुलिस ने काटे 179 वाहनों के चालान

**ऊना।** जिला पुलिस ने अवैध खनन, सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान व यातायात नियमों की अवहेलना करने पर कार्रवाई करते हुए 179 वाहनों के चालान किए हैं। इन सभी चालानों को कार्रवाई के लिए अदालत में भेज दिया है। वहीं सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने पर जिला पुलिस ने धूम्रपान निषेध अधिनियम के अंतर्गत 11 व्यक्तियों का चालान करके ग्यारह सौ रुपए जुर्माना वसूला है। पुलिस ने अवैध खनन करने पर एक ट्रैक्टर को जब्त किया है, जिनके चालान काटकर मौका पर जुर्माने के रूप में 5115 रुपए प्राप्त किए हैं। एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने बताया कि जिला पुलिस अवैध खनन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि ऊना जिला में बिगड़ैल वाहन चालकों पर शिकंजा कसा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आइटीएमएस लागू होने से नियमों का पालन करना अनिवार्य है और नियम तोड़ने वालों के चालान किए जा रहे हैं।

## हर हाथ अनंत ज्ञान


घुमारवीं शहर में छोटे बच्चे अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।


घुमारवीं शहर में वरिष्ठ नागरिक अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।


दधोल स्कूल के प्राधानाचार्य राजेश शर्मा अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।


झंडूता बाजार में एक पाठक अनंत ज्ञान अखबार पढ़ता हुआ।


आनंद घाट बाजार में अनंत ज्ञान अखबार पढ़ता पाठक।


अधीक्षक तहसील कार्यालय झंडूता अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।


घुमारवीं शहर में स्थित जिम में युवक अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।


आनंद घाट बाजार में अनंत ज्ञान अखबार पढ़ती युवतियां।


झंडूता में पुजारी बाबा अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।


घुमारवीं बाजार में अनंत ज्ञान अखबार पढ़ता एक पाठक।


घुमारवीं बाजार में अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए पाठक।


घुमारवीं बाजार में अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए पाठक।

## बधाइयां


हिमाचल प्रदेश से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-अक्षय ठाकुर, बीजेपी युवा मोर्चा अध्यक्ष


दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-अरविंद मेहता, जिला बिलासपुर सोशल मीडिया संयोजक


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई ।
-हंस राज, बीजेपी मंडल अध्यक्ष, बिलासपुर


दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-स्वतंत्र सांख्यान, भाजपा जिलाध्यक्ष बिलासपुर


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-रोहित ठाकुर, बीजेपी युवा मोर्चा प्रदेश सचिव


दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-विकास भारद्वाज, सदर मंडल उपाध्यक्ष


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-सीता धीमान, चेयरमैन बीडीसी, सदर बिलासपुर


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
सुधांशु शर्मा, सोशल मीडिया जिला सहसंयोजक बिलासपुर

# निर्माणाधीन सुरंगों का निरीक्षण

## गठित कमेटी ने अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में किया सुरंगों के सुरक्षा मानक जांचे

**शुभम राही, बिलासपुर**

उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक के निर्देशानुसार जिले में विभिन्न सुरंगों के निर्णाण कार्यों में कर्मचारियों व श्रमिकों के उपयोग में लाए जा रहे पर्याप्त सुरक्षा मानकों की क्षमता के निरीक्षण के लिए गठित कमेटी की ओर से शुक्रवार को अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. निधि पटेल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं रेल निर्माणाधीन सुरंगों का निरीक्षण किया गया।

सुरंग सुरक्षा मानकों के लिए गठित कमेटी ने आज कैंची मोड़ स्थित भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से निर्माणाधीन, स्केप टनल रेल निर्माण के अंतर्गत टी-11-पी 2 थापना, टी-12-पी 1 जब्बल, टी-14-पी 2 कल्लर, टी-15 नई सारली व टी-16 भराड़ी सुरंग का निरीक्षण किया गया।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि जिला में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राज मार्ग प्राधिकरण एवं रेल विकास निगम के अंतर्गत बनाई जा रही सुरंगों का सुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण किया व जांच की गई। उन्होंने कहा कि सुरंगों में श्रमिकों व कर्मचारियों की सुरक्षा मानकों की तकनीकी व गैर तकनीकी पहलुओं का गहनता से निरीक्षण किया गया।


समिति के सदस्य निर्माणाधीन सुरंगों का निरीक्षण करते हुए।

उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकार की आपदाएं घटित होती हैं तो निर्माण कंपनी की ओर से उससे निपटने के लिए की गई तैयारियों व मजदूरों के बचाव व सुरक्षा के लिए किए गए प्रबंधों की भी जानकारी प्राप्त की गई तथा निर्माण स्थल पर सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से सुरंग निर्माण स्थल पर कार्य कर रहे मजदूरों की सुरक्षा की जानकारी प्राप्त की गई तथा आपदा के दौरान आपातकालीन योजना के संबंध में भी कंपनी प्रबंधन से चर्चा की गई। कार्य कर रहे मजदूरों को दिए सुरक्षा उपकरणों की गुणवत्ता तथा अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों को दिए गए सुरक्षा उपकरणों की जांच की गई।

निरीक्षण जांच दल में विभिन्न विभागों के तकनीकी अधिकारी शामिल हैं, जिन्होंने विभिन्न विभागों से संबंधित तकनीकी आधारों पर सुरंग निर्माण में सुरक्षा मानकों की जानकारी प्राप्त की। यह विभाग निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों व सुझावों की रिपोर्ट को जल्द ही समिति को सौंपेगा, ताकि सुरक्षा निर्माण कंपनियों के अधिकारियों के साथ मिलकर सशक्त सुरक्षा प्रबंधों व उपायों के साथ-साथ रिपोर्ट की अनुपालना सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि सुरक्षा उपायों के प्रबंध के लिए नीति तैयार की जा सके, ताकि आपदा के समय किसी प्रकार की जानमाल की हानि न हो। (अनंत ज्ञान)

### समिति में ये हैं शामिल

इस समिति में जिला राजस्व अधिकारी, देवी राम सदस्य सचिव के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव चौधरी, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, अधीक्षण अभियंता जल शक्ति विभाग, अधीक्षण अभियंता बिजली बोर्ड, संबद्ध उपमंडलाधिकारी, कमांडेंट होमगार्ड, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, राज्य भू वैज्ञानिक, माइनिंग अधिकारी, अधिशाषी अभियंता प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड, श्रम अधिकारी, राष्ट्रीय राज मार्ग प्राधिकरण के अधिकारी, रेल विकास निगम के अधिकारी शामिल हैं।

# पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों की ई-केवाईसी जरूरी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

16वीं पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत सभी लाभार्थी किसानों को ई-केवाईसी करना अनिवार्य है। यह जानकारी घुमारवीं उपमंडल अधिकारी गौरव चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि जिन किसानों ने ई-केवाईसी की प्रक्रिया को पूरा नहीं किया है, उन्हें योजना के तहत अगली किस्त की राशि जारी नहीं की जाएगी।

पीएम किसान योजना में ई-केवाईसी के लिए किसानों के पास आधार कार्ड नंबर होना आवश्यक है। योजना के अंतर्गत आधार में मोबाइल नंबर पंजीकृत किया गया हो, इसलिए यह जरूरी है कि आप पहले अपने आधार पर अपना मोबाइल नंबर अपडेट करवा लें।


जानकारी देते उपमंडलाधिकारी।

उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक किसानों को योजना का लाभ प्राप्त हो सके, इसके लिए विभिन्न पंचायतों में शिविरों का आयोजन शुरू किया जा रहा है, ताकि किसानों की समय रहते ई-केवाईसी की प्रक्रिया को पूरा किया जा सके। इस योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध प्राप्तकर्ताओं और अपंजीकृत प्राप्तकर्ताओं में प्रत्येक को अंतिम तिथि से पहले ई-केवाईसी करवाना होगा।

उन्होंने कहा कि यदि पंजीकृत किसान इस अवधि के अंतर्गत ई-केवाईसी को पूरा करने में असफल रहते हैं या वे इसे नहीं करते हैं, तो केंद्र सरकार की ओर से पीएम किसान योजना के तहत मिलने वाले लाभ उन्हें नहीं दिए जाएंगे।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य योजना के अंतर्गत पंजीकृत लाभार्थी एवं पात्र किसानों की पहचान कर उन्हें योजना का लाभ प्रदान करना है, जैसा कि योजना के अंतर्गत देश के जरूरतमंद एवं कमजोर आय वर्ग किसानों को आर्थिक सहयोग प्रदान करने के लिए किस्त जारी की जाती है। इसके लिए योजना के अंतर्गत पीएम किसान ई-केवाईसी की प्रक्रिया को पूरा करने वाले किसानों को अगली किस्त की राशि ट्रांसफर की जाएगी, इससे देश का कोई भी पात्र किसान योजना का लाभ लेने से वंचित नहीं रहेगा।

# कृषि विवि पालमपुर के बच्चों ने जाने बटन मशरूम के फायदे


वर्मा मशरूम फार्म प्राहु में बच्चों ने सात दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

वर्मा मशरूम फार्म प्राहु में चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के बच्चों ने बटन मशरूम पर सात दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस उपलक्ष्य पर बच्चों को बटन मशरूम से होने वाले फायदों के बारे में बताया गया और यह भी बताया गया कि मशरूम दैनिकचर्या में कितना महत्व रखते हैं।

इस उपलक्ष्य पर मुख्यातिथि बीडीसी सदस्य मलांगन वार्ड से गुलाबू राम और विशेष आमंत्रित सदस्य जायका परियोजना अधिकारी वन विभाग एसएमएस डॉ. उषिता मौजूद रहे। रेंज झंडूता के वन परितंत्र प्रबंधन अधिकारी अनिता शर्मा ने बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

इस उपलक्ष पर वर्मा मशरूम फार्म के डायरेक्टर जगदीश चंद वर्मा और कोर्स को-ऑर्डिनेटर वीना वर्मा भी मौजूद रहे। वर्मा मशरूम फार्म के डायरेक्टर जगदीश चंद वर्मा ने बताया कि इससे पहले भी कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के 55 बच्चे यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। यहां पर पंजाब, हरियाणा और कर्नाटक से भी बच्चे बटन मशरूम का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं।

# घुमारवीं को करोड़ों का बजट, पर नहीं है शौचालय

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत मिशन के नाम पर बेशक गांव तथा शहरों में शौचालय निर्माण की बात की जाती हो, लेकिन योजनाओं को धरातल पर उतारने की उचित व्यवस्था न होने के कारण करोड़ों रुपए के बजट भी महज औपचारिकता बनकर रह जाते हैं। जी हां हम बात कर रहे हैं, नगर परिषद घुमारवीं की। नगर परिषद का सालाना छह करोड़ रुपए का बजट होने के बावजूद मुख्य शहर में सार्वजनिक शौचालय की सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण स्थानीय दुकानदारों तथा ग्राहकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

सात वार्डों वाली नगर परिषद के केवल दो वार्डों में ही सार्वजनिक शौचालय बने हैं, लेकिन दोनों शौचालय शहर के दो छोरों पर बने हैं। इसके अलावा करीब पांच किलोमीटर के दायरे में फैले नगर परिषद सहित पूरे शहर के प्रमुख बाजार में सार्वजनिक शौचालय नहीं होने के कारण बाजार में आने वाले लोगों और दुकानदारों को मजबूरी में गलियों का सहारा लेना पड़ता है।


घुमारवीं शहर में शौचालय नहीं होने से लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

सबसे ज्यादा दिक्कत घुमारवीं शहर की मेन मार्केट और गांधी चौक में पेश आती है, जहां शौचालय न होने के कारण स्थानीय व्यापारियों के साथ-साथ प्रतिदिन खरीददारी करने वाले हजारों लोगों को उठानी पड़ती है, जबकि सबसे ज्यादा शर्मिंदगी महिलाओं को उठानी पड़ती है।

हालांकि गांधी चौक सहित शहर के अन्य स्थानों पर भी सार्वजनिक शौचालयों की मांग काफी समय से की जा रही है, लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी यह मांग पूरी नहीं हो पाई है। इससे व्यापारियों में प्रशासन व सरकार के खिलाफ रोष व्याप्त है। शहर में कहीं बड़ी-बड़ी दुकानें, प्रतिष्ठान अन्य संस्थान तो हैं, परंतु महिलाओं के लिए शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं है। महिलाओं को होने वाली परेशानियों से न तो नगर परिषद को फर्क पड़ता है और न ही प्रशासन को।

वहीं, व्यापारियों का कहना है कि हर साल सरकार को करोड़ों का टैक्स भरते हैं, परंतु सरकारें मूलभूत सुविधाओं को भी पूरा नहीं कर पा रही हैं। (अनंत ज्ञान)

> इस बारे में जल्द ही नगर परिषद से बात की जाएगी। नगर परिषद जल्द को जल्द ही शहर में कोई उपयुक्त स्थान देखकर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण करने के लिए कहा जाएगा, ताकि स्थानीय दुकानदारों तथा अन्य लोगों को शहर में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।
> -गौरव चौधरी, उपमंडलीय अधिकारी घुमारवीं।

# 25 से बिलासपुर कॉलेज में शुरू होगा एनएसएस कैंप

**बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में 25 से 31 दिसंबर तक सात दिवसीय एनएसएस विशेष कैंप का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है। कार्यक्रम का शुभारंभ 25 दिसंबर को सुबह 11 बजे महाविद्यालय परिसर में किया जाएगा। इसमें महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर नीना वासुदेवा मुख्य अतिथि रहेगी।

कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर अनुप्रिया व प्रोफेसर अजीत ने बताया कि इस सात दिवसीय विशेष शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना की नियमित गतिविधियों के अलावा विभिन्न एक्सटेंशन एक्टिविटीज के साथ-साथ जागरूकता अभियान भी चलाए जाएंगे। लगभग 100 स्वयंसेवी मानस सेवा व राष्ट्र सेवा के अपने प्रण को आत्मसात करते हुए शिविर में सक्रिय रूप से भाग लेंगे।

# गोबिंदसागर झील में पर्यटकों के लिए 25 से होगा 15 दिन का ट्रॉयल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के मंडी-भराड़ी फोरलेन पुल के पास स्थित कार्यालय में समीक्षा बैठक का आयोजन पंचायत नोणी की प्रधान एवं एसोसिएशन की कोषाध्यक्ष निर्मला राजपूत की अध्यक्षता में किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि वॉटर स्पोर्ट्स के महासचिव एवं टेक्निकल ऑफिशियल इशान अख्तर ने शिरकत की।

हिमाचली परंपरा अनुसार गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रधान सराज अख्तर, कोषाध्यक्ष निर्मला राजपूत, सचिन शर्मा, हरीश कुमार, विक्की ठाकुर एवं महेंद्र शर्मा ने ईशान अख्तर को सम्मानित किया। बैठक में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि वॉटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने हेतु एवं पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश सरकार से पंजीकृत गोबिंदसागर झील बिलासपुर में पर्यटकों के लिए 25 दिसंबर से 15 दिन के लिए ट्रॉयल बेस पर पैडल बोट, शिकार बोट इत्यादि लाइफ जेकेट एवं सुरक्षा उपकरणों के सहित गोबिंदसागर झील में चलाएगी।


स्पीड बोट, शिकार बोट का गोबिंदसागर झील में आनंद ले सकेंगे लोग।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों सराज अख्तर, निर्मला राजपूत, हेमराज ठाकुर, अन्वेष शर्मा, सिस्टा गौतम, चिंता देवी, अभय पराशर, सचिन शर्मा ने मंडी-भराड़ी फोरलेन पुल के पास गोबिंदसागर झील को विश्व पर्यटन मानचित्र पर उभर कर सामने लाने एवं निखारने के लिए गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन पिछले कई वर्षों से सक्रिय कार्य कर रही है। एसोसिएशन की कई वर्षों की मांग पर मुख्यमंत्री सुक्खू एवं उपायुक्त आबिद सादिक हुसैन के प्रयासों से मंडी-भराड़ी फोरलेन पुल से लुहणु तक गोबिंदसागर झील को नोटिफाइड किया गया।

प्रदेश सरकार के सहयोग हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर पैदा किए जाएंगे। मंडी-भराड़ी फोरलेन पुल गोबिंद सागर झील को मिनी स्विट्जरलैंड की तर्ज पर विकसित किया जाएगा।

## शुभारंभ — जिला क्रिकेट संघ ने सर्दी को देखते हुए की है एक नेक शुरुआत

# डीसी ने की वार्म योर हैंडस मुहिम की शुरुआत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिले में पड़ रही ठंड से आम जनता को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से जिला क्रिकेट संघ की ओर से वार्म योर हैंडस मुहिम की शुरुआत कर दी है। बीती शाम अस्पताल परिसर में चार क्विंटल पक्की लकड़ी का अंगीठा जलाया गया। इस अभियान का शुभारंभ उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने विधिवत रूप से किया, जबकि एमएस तथा वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बीसीसीआई सीनियर टूर्नामेंट सेलेक्शन कमेटी सदस्य एवं बीसीए सचिव विशाल जगोता ने की। डीसी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने कहा कि जिला क्रिकेट संघ की ओर से शुरू की गई यह अनूठी मुहिम काबिलेतारीफ है। उन्होंने कहा कि


वार्म योर हैंडस मुहिम का लाभ लेते राहगीर।

जिला प्रशासन की ओर से कंपकंपाती ठंड से बचने के लिए रैहण बसेरा व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर बेसहारा लोगों के लिए गर्म वस्त्र आदि की मुहिम शुरू की गई है, जिससे लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सामाजिक सरोकारों की पूर्ति करने के लिए लोगों को जिला क्रिकेट संघ की तरह आगे आना चाहिए। उन्होंने जिला क्रिकेट संघ की हरसंभव मदद करने का भी आश्वासन दिया। वहीं, विशाल जगोता ने बताया कि मानवता की सेवा में यह शुरुआत जिला अस्पताल से की गई है, जबकि दूसरा अलाव बस स्टैंड परिसर के नजदीक लगाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जब तक मौसम में बदलाव नहीं आ जाता, तब तक यह मुहिम जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि संपूर्ण उत्तर भारत वर्तमान में भयंकर ठंड की चपेट में है, इसलिए जरूरतमंद लोगों की सुविधा के लिए अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। इस अभियान को वॉर्म योर हैंडस का नाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि इन दिनों बिलासपुर कड़ाके की सर्दी के साथ, घनी धुंध और कोहरे की चपेट में है।

सुबह के समय पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। बस स्टैंड के भीतर और बाहर कई यात्री अपनी बसों का इंतजार करते हैं, लेकिन इस ठंड में यह इंतजार और कष्टदायक हो जाता है। विशाल जगोता ने कहा कि इस मुहिम के साथ ऐसे लोगों को भी गर्म वस्त्र वितरित किए जाएंगे, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। इस अवसर पर कैब के पदाधिकारी अनिरूद्ध शर्मा, करप्रीत, राजीव शर्मा व बंदला पंचायत के प्रधान सतीश ठाकुर मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस का केंद्र सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन


सांसदों के निलंबन पर कांग्रेस बिलासपुर में धरना-प्रदर्शन करती हुई।

**बिलासपुर।** सांसदों के निलंबन, केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ शुक्रवार को बिलासपुर मुख्यालय पर जिला कांग्रेस कमेटी ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। नगर के शहीदी स्मारक पर एकत्रित होकर जिला कांग्रेस कमेटी के सभी वरिष्ठ नेताओं सहित पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस पाटी के पूर्व वरिष्ठ नेता रामलाल ठाकुर ने सांसदों के सवाल उठाने पर निलंबित करने को लोकतंत्र की हत्या करार दिया। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेताओं ने नगर के किसान भवन तक नारेबाजी करते हुए रैली निकाली। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश महासचिव बंबर ठाकुर, जिलाध्यक्ष अंजना धीमान, प्रदेश सचिव विकास ठाकुर, विवेक कुमार, पूर्व विधायक बाबू राम गौतम, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशीष ठाकुर, संदीप सांख्यान, अजय चंदेल मौजूद रहे।

### शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन

**बिलासपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट जुखाला में चल रही शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हो गया। कार्यशाला में 90 शिक्षकों को इंडक्शन ट्रेनिंग के माध्यम से कई विषयों पर प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला में नई शिक्षा नीति, आरटीई एक्ट 2009, एनसीएफ 2023, पॉक्सो एक्ट, आरपीडब्ल्यूडी एक्ट 2016, लाइफ स्किल, सर्विस रूल, फाइनेंस रूल इत्यादि कई विषयों पर चर्चा की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता स्थानीय प्रधानाचार्य दीपचंद गौतम ने की। कार्यशाला में टीजीटी पवन कुमार, टीजीटी मीना चंदेल, टीजीटी राजीव कुमार, टीजीटी रजनीकांत, जेबीटी परमजीत, जेबीटी अशोक कुमार रिसोर्स पर्सन रहे। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य संजय सामा, प्रकाश चंद, कुलदीप शर्मा, संतोष चंदेल, सोमदत्त कालिया, डॉ. नीलम शर्मा, कुलदीप धीमान, राकेश संधू, डॉ. पुष्प राज, नरवीर चंदेल, राकेश ठाकुर, ललित, महेंद्र गर्ग, सीमा, सुभाष, उपासना, सचिन और अन्य उपस्थित रहे।

### बिलासपुर कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय गणित दिवस


बिलासपुर कॉलेज में कार्यक्रम में उपस्थित छात्र व गणमान्य।

**बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के गणित विभाग के 130 बच्चों ने राष्ट्रीय गणित दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत में गणित विभाग की सहायक प्रो. रितु शर्मा ने कार्यक्रम के मुख्यातिथि महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ. प्रेम सिंह कटवाल एवं अन्य विभागों के प्रो. प्रेमजीत सिंह, डॉ. मोनिका व अन्य का स्वागत किया। इसके बाद एमएससी प्रथम सेमेस्टर के छात्र पिंकू सिंह ने रामानुजन के जीवन परिचय के बारे में बताया एवं उनके योगदान को याद किया। हरप्रीत ने बच्चों को बताया कि 22 दिसंबर को आखिरकार राष्ट्रीय गणित दिवस क्यों मनाया जाता है। उन्होंने इसके साथ ही अन्य भारतीय गणितज्ञों के बारे में जिम शकुंतला देवी आर्यभट्ट इत्यादि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। वहीं, गुरप्रीत एवं निधि ने मंच संचालन करके सब का मन मोह लिया और उन्होंने बताया कि आखिरकार भारत को इतने जीनियस की याद सन 2012 के बाद ही क्यों आई। वहीं, खुशी ने रामानुजन के गणित के प्रति प्रेम को अपने व्यक्तित्व में पेश किया।

# सांसदों के निलंबन पर कांग्रेस सड़कों पर

## शिमला में केंद्र सरकार के खिलाफ बोला हल्ला, सरकार लोकतंत्र का गला घोंट कर विपक्ष को खत्म करने का कर रही प्रयास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

लोकसभा और राज्यसभा से सांसदों के निलंबन पर कांग्रेस सड़कों पर उतर आई है और शुक्रवार को पूरे देशभर में प्रदर्शन कर रही है। वहीं, शिमला में भी कांग्रेस ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ हल्ला बोला।

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान विपक्ष के 143 सांसदों को संसद से निलंबित कर दिया था। वीरवार को तीन और सांसदों के निलंबन के बाद यह संख्या 146 हो गई है। ये सभी सांसद 13 दिसंबर को हुए संसद की सुरक्षा में सेंधमारी के मामले को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान की मांग करते हुए हंगामा कर रहे थे। शिमला जिला कांग्रेस शहरी अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी ने कहा कि आज तक इतिहास में ऐसा नहीं हुआ है कि विपक्ष के सांसदों को लोकतंत्र पर प्रहार करते हुए संसद से निलंबित कर दिया। यह केंद्र सरकार निरंतर लोकतंत्र की हत्या कर रही है।



कांग्रेस कार्यकर्ता सांसदों के निलंबन को लेकर केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी करते हुए।

उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार लोकतंत्र का गला घोंट कर विपक्ष खत्म करने का प्रयास कर रही है।

सरकार की चाल है कि विपक्ष को संसद से दूर रखकर मनमानी की जाए। वहीं, महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जैनब चंदेल ने सांसदों के निलंबन को काला अध्याय बताते हुए कहा कि यह सरकार अपने हक में बोल रहे लोगों को पसंद नहीं करते न संसद में चुने हुए प्रतिनिधियों की आवाज सुनते हैं। उन्होंने केंद्र सरकार पर तानाशाह रवैये का आरोप लगाते हुए कहा कि यहां पर लोग अपने हक के लिए आवाज नहीं उठा सकते। सरकार ने संसद को विपक्ष विहीन कर दिया है। इसकी कांग्रेस कड़े शब्दों में निंदा करती है। इस अलोकतांत्रिक निर्णय के विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी तथा सभी विपक्षी दलों की ओर से देश भर में विरोध-प्रदर्शन किए जा रहे हैं।

## रिकांगपिओ में भी प्रदर्शन


सांसदों के निलंबन को लेकर किन्नौर कांग्रेस रिकांगपिओ में प्रदर्शन करती हुई।

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**

लोकसभा व राज्यसभा के सांसदों के निलंबन को लेकर किन्नौर कांग्रेस ने रिकांगपिओ में केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष उमेश नेगी की अध्यक्षता में रिकांगपिओ में आयोजित विरोध रैली में महिला कांग्रेस इंटक सहित सभी फ्रेंटल ऑर्गेनाइजेशन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। रैली के बाद रिकांगपिओ चौक पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष उमेश नेगी ने कहा कि दो नौजवान संसद में घुसे थे। संसद की सुरक्षा के मुद्दों को लेकर विपक्ष के सांसद सदन में सवाल कर रहे थे, उस पर 148 सांसदों को निष्कासित किया गया, जो संविधान व लोकतंत्र की हत्या है। इन्हीं मुद्दों को लेकर कांग्रेस सभी जिला मुख्यालयों में धरना-प्रदर्शन कर रही है।

# किसानों की 13 व मजदूरों की 10 मांगों को लेकर दिया धरना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल किसान सभा व सीटू के बैनर तले सैकड़ों किसानों मजदूरों ने सुन्नी बांध हाइड्रो परियोजना में किसानों की तेरह व मजदूरों की दस मांगों को लेकर धरना दिया। किसानों व मजदूरों ने सुबह से शाम तक रित्विक कंपनी कार्यालय के बाहर डेरा जमाए रखा।

आंदोलन नौकरी से गैर कानूनी तरीके से निकाले गए व आठ मजदूरों की बहाली के उपरांत ही समाप्त हुआ। किसान सभा व सीटू ने चेतावनी दी है कि अगर किसान मजदूरों की मांगें शीघ्र पूर्ण न हुईं, तो आंदोलन तेज होगा। रैली को राकेश सिंघा, विजेंद्र मेहरा, कुंदन लाल शर्मा, भीमी राम शर्मा, अमित कुमार, कुलदीप सिंह तंवर व कुलदीप डोगरा सहित एक दर्जन वक्ताओं ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि सुन्नी बांध हाइड्रो परियोजना में प्रभावित किसानों के अधिकारों व मजदूरों के श्रम कानूनों की खुली उल्लंघना की जा रही है।

किसानों को जमीन का उचित मुआवजा नहीं दिया गया है। जमीन के बदले जमीन नहीं दी गई है। लुणसु में जनता के विरोध के बावजूद डंपिंग की जा रही है। स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं दिया जा रहा है। परियोजना में मजदूरों को न्यूनतम वेतन से कम वेतन दिया जा रहा है। मजदूरों से 18 घंटे काम करवाया जा रहा है। उन्हें टनल वेतन, छुट्टियों का वेतन, ओवरटाइम वेतन नहीं दिया जा रहा है।


सुन्नी बांध हाइड्रो परियोजना में सीटू के बैनर तले सैकड़ों मजदूर धरना देते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चे ही कल के आविष्कारक: विशांत शर्मा

**सुन्नी।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान दिवस के उपलक्ष में राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुन्नी में आयोजित कार्यक्रम में सुन्नी क्षेत्र के अस्पताल में मेडिकल अधिकारी डॉ. विशांत शर्मा ने कहा कि बच्चे ही कल के आविष्कारक हैं। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान का उद्देश्य विद्यालय कक्षा-कक्षों में संप्रेषण विद्या के साथ कक्षा-कक्ष के सीमित वातावरण से परे विज्ञान, गणित तकनीकी उपलब्धताओं जैसे प्रोयोगिक अवलोकन की ओर से सीखने के अवसरों को उपलब्ध करवाना है।

### सुन्नी में 42 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान


सुन्नी में रक्तदान करते सुन्नीवासी तथा प्रसाद वितरित करते रामलीला क्लब के सदस्य ।

**सुन्नी।** युवक मंडल सुन्नी की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन सुन्नी के मुख्य चौक पर किया गया। इस शिविर के दौरान 42 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया । कार्यक्रम में सुन्नी अस्पताल के चिकित्सक डॉ. ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए रक्तदाताओं को समाज हित के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया । इस दौरान इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला की ब्लड बैंक टीम के भी मौजूद रहे।

### एबीवीपी ने चीफ वार्डन का किया घेराव

**शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश विश्वविद्यालय के चीफ वार्डन का घेराव किया, जिसमें छात्रों की विभिन्न मांगों को रखा गया। इकाई अध्यक्ष गौरव कुमार ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई समय-समय पर विश्वविद्यालय के चीफ वार्डन से मांग कर रही है कि हॉस्टलों में गैर कानूनी प्रवेश पर रोक लगाई जाए। आज इसी मांग को लेकर चीफ वार्डन का घेराव किया गया।

### कृष्ण नेगी ग्रामीण विकास बैंक के निदेशक


ठाकुर कृष्ण नेगी को कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के निदेशक बनने पर बधाई देते हुए।

**रिकांगपिओ।** कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के निदेशक चुनाव में ठाकुर कृष्ण नेगी निर्विरोध चुने गए। इस जीत के साथ ही ठाकुर कृष्ण नेगी ने जीत की हैट्रिक लगाई है। इस पद के लिए चुनने पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष उमेश नेगी सहित तमाम कांग्रेस पदाधिकारियों के सहयोग से निदेशक चुना गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष उमेश नेगी सहित तमाम कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कृष्ण नेगी को बधाई दी।

### भावना नेचुरल फार्मर प्रोड्यूसर की सीईओ


नेचुरल फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी की नवनियुक्त सीईओ को प्रमाण पत्र देते कंपनी के अध्यक्ष।

**सुन्नी।** करसोग नेचुरल फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी की बोर्ड आम सभा करसोग में संपन्न हुई। इस दौरान कंपनी के अध्यक्ष कैप्टन नेतराम शर्मा, कंपनी के बोर्ड आफ डायरेक्टर्स सोम कृष्ण, कला देवी, भीम सिंह और कंपनी के प्रमोटर्स तवारकु देवी, बाला देवी, सत्या देवी, विनय कुमार, बबली ठाकुर उपस्थित रहे। इस अवसर पीआर करसोग नेचुरल फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी की ओर से कुमारी भावना को सीईओ की कमान संभाली गई। सोम कृष्ण ने जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी के समस्त सदस्यों ने कृषि विभाग, नाबार्ड व नौनी यूनिवर्सिटी का बहुत आभार व्यक्त किया ।

# एसडी स्कूल में फेयरवेल पार्टी पंजाबी भांगड़ा पर मचाया धमाल


एसडी स्कूल में आयोजित फेयरवेल पार्टी में रैंप पर वॉक करते स्टूडेंट्स।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

एसडी स्कूल शिमला गंज बाजार में जमा एक कक्षा के छात्रों की ओर से जमा दो कक्षा के छात्रों को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया।

इसमें जमा एक कक्षा के स्टूडेंट्स भावना, गितिका, निधि, पलक दीक्षा, दियाग, अभय, आदित्य, हर्शित, देवा, अभिषेक, अदितिका, निकिता आदि की ओर से विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियां दीं, जिसमें भांगड़ा, बॉलीवुड डांस, सोलो सांग, रेप सांग तथा मिस एंड मिस्टर एसडी के चयन के लिए चार राउंड किए गए। प्रथम राउंड परिचय, दूसरा राउंड प्रतिभा, तीसरा राउंड प्रश्नोत्तरी का था। मिस्टर स्मृति इसमें सेकेंड रनरअप लड़कों में अमन, सेकेंड रनरअप लड़कियों में मनीषा, फस्ट रनरअप लड़के में अंकित, फस्ट रनरअप लड़कियों में नंदनी को चुना गया। वहीं, मिस्टर एसडी रोहित शर्मा व मिस एसडी स्मृति आजाद को चुना गया। इस अवसर पर स्कूल के प्राधानाचार्य विजय सिंह ने चयनित बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और जमा दो के सभी आउट गोइंग छात्रों को अपने संबोधन में प्रोत्साहित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसमें स्कूल के सभी अध्यापक दीपशिखा, पुशपलता, टेक चंद, देव चंद, चुन्नी लाल, वंदना अत्री, सगीत ठाकुर, रेनू सूद उपस्थित रहे।

# पेड़ों की लॉपिंग को लेकर 26 को निगम के हाउस में होगा हंगामा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नगर निगम के हाउस में फिर हर बार की तरह पेड़ों की लॉपिंग को लेकर हंगामा होने वाला है। पिछले हाउस में सभी पार्षदों ने एकमत होकर फैसला लिया था कि यदि हाउस में लगे प्रस्तावों पर कार्य नहीं होते हैं, तो हाउस को करवाने का कोई फायदा नहीं है। निगम का हाउस 26 दिसंबर को होने वाला है।

कांग्रेस के पार्षदों ने भी कहा था कि लॉपिंग को लेकर पहले हाउस से मांग की जा रही है, लेकिन यहां एक साल होने को आया है, लेकिन अभी तक यह मुद्दा हाउस में गूंज रहा है। इस बार फिर से यह मुद्दा गूंजने वाला है। हर बार हाउस में न्यू शिमला वार्ड की पार्षद नीशा और पटयोग वार्ड की पार्षद आशा शर्मा इस मामले को लेकर प्रश्न करती है कि लॉपिंग का कार्य कब किया जाएगा। हर हाउस में मेयर सुरेंद्र चौहान का कहना होता है कि यह शिघ्रता से ही शुरू किया जाएगा। यहां तक कि हाउस के बाद एक दो दिन निगम के मेयर इस पर वन विभाग की टीम के साथ जंगलों और वार्डों का निरीक्षण भी करते हैं और उसके बाद लॉपिंग को लेकर कोई कार्य नहीं किया जाता है। हाल ही में ट्री कमेटी ने प्रदेश सरकार को 102 पेड़ों को काटने और 100 से अधिक पेड़ों की लॉपिंग का प्रस्ताव भेजा है। यहां तक कि वन विभाग ने यह भी कहा कि वार्डों में पेड़ों की लॉपिंग जब भी होगी जहां भी होगी, वहां पर वन विभाग की टीम तैनात रहेगी। वन विभाग की टीम की निगरानी में ही पेड़ों की लॉपिंग की जानी है। नगर निगम ने पूरे शहर को लॉपिंग के लिए चार भागों में भी बांट दिया था, लेकिन निगम का दावा है कि बर्फबारी से पहले पूरे शहर की लॉपिंग हो जाएगी, लेकिन अभी भी इस पर कोई कार्य नहीं हो रहा है।




### एफसीपीसी की बैठक के कार्यों के प्रस्ताव होंगे पास

हाल ही में हुई एफसीपीसी की बैठक में जो भी विकास कार्यों के प्रस्ताव हाउस में आने वाले हैं। उन्हें भी पास किया जाना है। वहीं, इन कार्यों को लेकर कितना खर्च आना है और कब तक यह कार्य पूरे किए जाने हैं। इसको लेकर भी चर्चा होनी है। कुल मिलाकर इस बार का हाउस काफी गरमाने वाला है।

### सड़कों की मरम्मत को लेकर होगी चर्चा

बर्फबारी में किसी भी वार्ड में कोई भी परेशानी न हो इसके लिए हाउस में चर्चा होने वाली है। साथ ही हर वार्ड की सड़कों की मरम्मत को लेकर भी चर्चा होनी है। इसके अलावा बर्फबारी को लेकर कई प्रस्ताव लगने वाले हैं।

# इंतकाल के मामलों का जल्द हो निपटारा मिले सुविधा

**शिमला।** उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी ने शुक्रवार को वर्चुअल माध्यम से जिला के समस्त एसडीएम के साथ राजस्व अदालत की समीक्षा बैठक ली।

राज्य सरकार आमजन के लिए राजस्व मामलों के निपटारे के लिए प्रतिबद्ध है और प्रदेश के सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार पार्टेशन, इंतकाल के मामलों का त्वरित निपटारा किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने तहसीलदार, कानूनगों एवं पटवारी स्तर पर बेहतर समन्वय स्थापित करने का आह्वान किया। उन्होंने प्रत्येक एसडीएम के साथ सीधा संवाद स्थापित किया और उनके राजस्व मामलों के संदर्भ में संशय को दूर किया। ठियोग में 26 को आयोजित होने वाले सीएम के कार्यक्रम, जिसमें आपदा प्रभावित परिवारों को चेक भेंट किए जाएंगे, के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की और लाभार्थियों की संख्या के डाटा पर जानकारी प्राप्त की। एडीसी (प्रोटोकॉल) ज्योति राणा ने बैठक का संचालन किया और उपमंडलाधिकारियों से लंबित पड़े मामलों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

# 'मेरा युवा भारत' के ऑनलाइन पोर्टल पर विभिन्न लाभों से करवाया अवगत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जनशक्ति युवा मंडल गुम्मा ने नेहरू युवा केंद्र शिमला के साथ मिलकर युवा मामले व खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से शुरू किए गए राष्ट्रव्यापी संगठन 'मेरा युवा भारत' के ऑनलाइन पोर्टल पर युवाओं को पंजीकरण प्रक्रिया व इससे होने वाले विभिन्न लाभों से अवगत कराने के लिए वेबिनार का आयोजन किया।

इस ऑनलाइन परिचर्चा में बतौर मुख्य वक्ता नेहरू युवा केंद्र शिमला की जिला युवा अधिकारी मनीषा शर्मा उपस्थित रहीं और उन्होंने 'मेरा युवा भारत' पोर्टल और नेहरू युवा केंद्र की ओर से युवाओं को देश की प्रगति में भागीदार बनाने के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के विषय में युवाओं को अवगत करवाया। इस ऑनलाइन वेबिनार में विकास खंड मशोबरा के युवा मंडलों के लगभग 60 युवाओं ने भाग लिया। मनीषा शर्मा ने कहा कि माई भारत यानी मेरा युवा भारत की यह पहल भारतीय युवाओं को सशक्त बनाने के लिए शुरू की गई है। इस राष्ट्रव्यापी संगठन की नीव इसी वर्ष 31 अक्तूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्मजयंती के दिन रखी गई।

इस पोर्टल के माध्यम से हम व्यावसायिक कौशल विकास, युवा नेतृत्व और सामुदायिक भागीदारी के बारे में जान सकते हैं, यूथ फेस्टिवल जैसे कार्यक्रम भी इसी के अंतर्गत आते हैं। साथ ही एसी अनेक राष्ट्रीय महत्व की गतिविधियों में भाग लेकर युवा देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का जो लक्ष्य रखा है, उसमें युवाओं का योगदान सबसे प्रमुख रहेगा।

### परिचर्चा में ये रहे मौजूद

इस परिचर्चा में युवा मंडल गुम्मा के प्रधान अंकित वर्मा, पूर्व प्रधान खेमराज, युवक मंडल कनोला के प्रधान प्रदीप, पूर्व प्रधान सुरेश, युवक मंडल देओठी के प्रधान मनोज, युवक मंडल बड़ेया के प्रधान अतुल और सभी युवक मंडलों के विभिन्न सदस्यों ने भाग लिया, प्रिंस और उनके अन्य सदस्य भी मौजूद रहे और उमंग फाउंडेशन के सदस्य सवीना जहान, विनोद शर्मा व अभिषेक भागड़ा तथा मशोबरा पंचायत के उपप्रधान सीताराम व बगथल वार्ड सदस्य धर्मपाल ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन युवा मंडल गुम्मा के सचिव उदय वर्मा ने किया और युवक मंडल कनोला के प्रधान प्रदीप ठाकुर ने युवाओं को 'मेरा युवा भारत' पोर्टल के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए कार्यक्रम की मुख्य वक्ता मनीषा शर्मा का धन्यवाद किया।

# राज्यपाल ने रक्तदान शिविर का किया शुभारंभ

**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शुक्रवार को रेडक्रॉस भवन, शिमला में लायंस क्लब शिमला के सहयोग से राज्य रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया।



राज्यपाल ने रक्तदाताओं के साथ संवाद करते हुए परोपकारी कार्य के लिए उनकी निःस्वार्थ सेवा की सराहना की। राज्य रेडक्रॉस अपनी विभिन्न शाखाओं के माध्यम से आम जनता में रक्तदान के प्रति जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ ऐसे शिविरों के आयोजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

उन्होंने कहा कि रक्तदान मानव सेवा की उत्कृष्ट मिसाल है। इस अवसर पर राज्यपाल ने रक्तदाता प्रमाण पत्र भी प्रदान किए।

# भगवान राम जन्मभूमि अयोध्या से पूजित कलश पहुंचा किन्नौर


अयोध्या से पूजित अक्षत कलश को लेकर टापरी में कलश यात्रा निकालते हुए।

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

भगवान राम जन्मभूमि अयोध्या से पूजित अक्षत कलश यात्रा शुक्रवार सुबह 11 बजे किन्नौर के प्रवेश द्वार चौरा में पहुंची जहां जिले की जनता की ओर से स्वागत किया गया। इसके बाद यात्रा भावनगर व टापरी बाजार स्थित दुर्गा मंदिर पहुंची।

टापरी बाजार में यात्रा निकालकर कलश को दुर्गा मंदिर में रखा गया, तत्पश्चात् कलश का पूजन किया गया। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिति के जिला संयोजक प्रताप नेगी ने कहा कि पूजित अक्षत कलश राम मंदिर अयोध्या से लाया गया है। अयोध्या से लाए इन अक्षतो को एक से 15 जनवरी तक किन्नौर के 20 हजार घरों में प्रसाद के रूप में बांटने का काम किया जाएगा। प्रसाद वितरण के दौरान लोगों से भविष्य में एक बार अयोध्या जाकर राम जन्मभूमि के दर्शन करने की अपील की जाएगी। टापरी दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित देशराज ने कहा कि गीता जयंती के उपलक्ष में हनुमान चालीसा के मंत्रोचारण व विधिपूर्वक पूजा-पाठ होने के उपरांत कलश की मंदिर में स्थापना की गई। इस अवसर पर दुर्गा मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। (अनंत ज्ञान)

**समापन** शिविर में प्रदेशभर के सरकारी व निजी स्कूलों और कॉलेजों के 600 कैडेट्स ने लिया हिस्सा

# भाविका को बेस्ट कैडेट, विदुषी को बेस्ट फायरर का खिताब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सिरमौर के काला अंब में कैंप कमांडेंट कर्नल संजय शांडिल के नेतृत्व और डिप्टी कैंप कमांडेंट मेजर तरुणा के समन्वय में आयोजित 10 दिवसीय एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर संपन्न हो गया है।

इस शिविर में प्रदेशभर के सरकारी व निजी स्कूलों, कॉलेजो और निजी विश्वविद्यालयों के करीब 600 कैडेट्स ने हिस्सा लिया। शिविर के दौरान कैडेट्स को सैन्य प्रशिक्षण, खेलकूद व अन्य गतिविधियों के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपना दमखम दिखाया। 10 दिवसीय वार्षिक शिविर से ओवरऑल ट्रॉफी जीत कर आए कैडेट्स का पोर्टमोर स्कूल पहुंचने पर बैंड की धुन पर स्वागत किया गया। पोर्टमोर स्कूल के एनसीसी अधिकारी और एटीसी की कंटीजेंट कमांडर तृप्ता शर्मा ने अपने एनसीसी कैडेट्स के साथ स्कूल पहुंचने पर बताया कि कैडेट्स ने सभी गतिविधियों में अपना बेहतरीन प्रदर्शन देने के साथ अनुशासन का भी बेहतरीन उदाहरण पेश किया। पोर्टमोर स्कूल ने सोलो डांस, सोलो सोंग, ग्रुप सांग, ग्रुप डांस, पोस्टर मेकिंग, ड्रिल और फायरिंग कंपटीशन में पहला स्थान हासिल कर ओवरऑल ट्रॉफी पर कब्जा किया।


शिविर से ओवरऑल ट्रॉफी जीत कर आए कैडेट्स का पोर्टमोर स्कूल में पहुंचने पर बैंड की धुन से स्वागत करते हुए।

### स्कूल ने ओवरऑल ट्रॉफी पांचवीं बार जीती

ओवरऑल ट्रॉफी 2018 से अब तक लगातार पांचवीं बार जीत चुका है, जबकि कोरोना काल में दो साल शिविर आयोजित नहीं हो पाया। तृप्ता शर्मा ने बताया कि भाविका को बेस्ट कैडेट और विदुषी को बेस्ट फायरर का खिताब मिला। प्रधानाचार्या राखी पंडित ने राज्य स्तरीय शिविर में स्कूल के बेहतरीन प्रदर्शन पर प्रसन्नता जाहिर की और एनसीसी अधिकारी तृप्ता शर्मा व कैडेट्स के प्रयासों की सराहना की। आगमन पर आयोजित विजय समारोह में प्रधानाचार्या ने सभी विजेता कैडेट्स को पदक पहनाकर सम्मानित किया।

# लोअर कंदरोट-अपर कंदरोट संपर्क सड़क की सफलतापूर्वक पासिंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री व जुब्बल नावर कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित ठाकुर के अथक प्रयासों से शुक्रवार को जुब्बल तहसील के खनाशनी क्षेत्र की झालटा पंचायत के अंतर्गत लोअर कंदरोट से अपर कंदरोट संपर्क सड़क की प्रशासन की ओर से सफलतापूर्वक पासिंग की गई।

कांग्रेस सरकार के गठन के पश्चात् महज एक साल के अंतराल में रोहित के प्रयासों से जुब्बल नावर कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में आज 45वीं सड़क व उपचुनाव के पश्चात् दो वर्ष के अंतराल में 65वीं सड़क की सफल पासिंग संभव हो पाई है, जबकि भाजपा के चार वर्ष के कार्यकाल में मात्र पांच सड़कों की ही पासिंग हो पाई, विकास के झूठे और खोखले दावे करने वाली पूर्व भाजपा सरकार के पांच वर्षों के कार्यकाल में पूरे विधानसभा क्षेत्र की अनदेखी की गई और भाजपा के कार्यकाल में इन सभी सड़कों की दुर्गति बनी रही और निर्माण कार्य पूरी तरह से लंबित रहा।


लोअर कंदरोट से अपर कंदरोट संपर्क सड़क की सफलतापूर्वक पासिंग पर खड़े लोग।

झालटा पंचायत की समस्त जनता व लाभार्थियों ने इस सड़क की सफलतापूर्वक पासिंग के लिए आरफिर ठाकुर ने शिक्षा मंत्री का हार्दिक धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

## न्यूज ब्रीफ

### विज्ञान प्रश्नोत्तरी में अव्वल छात्राओं का सम्मान



छात्राओं को सम्मानित करते अध्यापक।

**अर्की।** लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की की छात्राओं के विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय प्रबंधन ने छात्राओं को सम्मानित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य वीना गुप्ता ने बताया कि विद्यालय की आठवीं कक्षा की छात्राओं शिवांगी व ऐना ने एनआईटी हमीरपुर में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। उन्होंने इसका श्रेय विज्ञान अध्यापकों हिना, विशाल, जितेंद्र व पंकज को दिया। विद्यालय पहुंचने पर इन दोनों छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान लक्ष्य शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष डॉ. प्रेम लाल गुप्ता ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### आमसभा में योजनाओं की दी जानकारी



आमसभा के बाद संगठन की सदस्य।

**अर्की।** रोहांज जलाना पंचायत में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ग्राम संगठन सामान्य निकाय की ओर से संगठन अध्यक्ष अंजना वर्मा की अध्यक्षता में आमसभा का आयोजन किया गया। सभा में समूह की महिलाओं को एनआरएलएम के तहत विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी कार्यालय क्षेत्र समन्वयक अनिल कुमार, जेसीसी बैंक अधिकारी नरेंद्र कुमार नरेश कुमार, पंचायत प्रधान सुनीता गर्ग, सचिव बाबूराम वर्मा, सिलाई प्रशिक्षक पुष्पा व सीआरपी रेखा एवं सरिता उपस्थित रही।

### 'बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ' पर किया जागरूक



बेटियों को बचाने और पढ़ाने का संकल्प लेती शिवम संगठन की सदस्याएं।

**अर्की।** सारमा पंचायत में शिवम संगठन की महिलाओं ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया। पंचायत प्रधान रीता शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। शिवम संगठन की प्रधान वीना ठाकुर ने कहा कि बेटियों को अधिक से अधिक पढ़ाएं, ताकि क्षेत्र के साथ देश का नाम रोशन कर सकें। इस अवसर पर पंचायत सारमा के समस्त स्वयं सहायता समूह सहित ग्रामीण महिलाएं भी मौजूद रहीं।

### सर्व अनुबंध कर्मचारी महासंघ के चुनाव संपन्न



कामेश्वर शर्मा

**अर्की।** हिमाचल प्रदेश सर्व अनुबंध कर्मचारी महासंघ के चुनाव 15 सदस्यीय चुनाव कमेटी की अध्यक्षता में संपन्न हुए। इसमें सभी पदाधिकारियों को सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। महासंघ के अध्यक्ष शिक्षा विभाग से शास्त्री कामेश्वर शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एमएलटी विनोद शर्मा, उपाध्यक्ष ज्योति प्रकाश, कमलदीप गुलरिया, राजेश कुमार, पशुपालन विभाग की सन्धिरा तेगटा ठाकुर को महासचिव, शिक्षा विभाग के शास्त्री देवराज शर्मा को वित्त सचिव, अनूप राणा को सचिव, बंटी भाटिया, विद्यासागर, गुलशनवर्धन व रजनी को प्रेस सचिव बनाया गया।

### विस उपाध्यक्ष का कल रेणुका में होगा स्वागत

**श्रीरेणुका जी।** विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार 24 को श्री रेणुकाजी में जनसभा को संबोधित करेंगे। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष बनने के बाद विनय कुमार पहली मर्तबा यहां पहुंचेंगे। वह 24 दिसंबर को बाद दोपहर 1.30 बजे ददाहू पहुंचेंगे तथा श्री रेणुका जी में जनसभा को संबोधित करेंगे। उनका रात्रि ठहराव मैना बाग में होगा। वह 25 दिसंबर को मैनाबाग से प्रातः 11 बजे शिमला के लिए रवाना होंगे। इस संबंध में सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि विनय कुमार 24 दिसंबर को प्रातः 11 बजे चंडीगढ़ से परिधिगृह नाहन पहुंचेंगे, जहां वह जिला अधिकारियों के साथ क्षेत्र के विकास को लेकर बैठक करेंगे।

### अंबुजा ने लगाया एड्स जागरूकता शिविर




एड्स जागरूकता शिविर के दौरान उपस्थित लोग।

**अर्की।** अंबुजा सीमेंट दाड़लाघाट यूनिट दो में अर्की स्वास्थ्य विभाग की ओर से बीएमओ अर्की के तत्वावधान में द हंस फाउंडेशन टीम के सहयोग से एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर परामर्शदाता विजय शांडिल ने कंपनी के कर्मचारियों व अधिकारियों व अन्य को इसके लक्षण व बचाव के बारे में बताया। इस अवसर पर विभाग के सीनियर लैब तकनीशियन मनीष कुमार ने लगभग 80 लोगों के सैंपल लिए। कार्यक्रम में कंपनी के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी व हंस फाउंडेशन के स्वास्थ्य कर्मी भी उपस्थित रहे।

# माल रोड में प्रशासन की निशानदेही गायब

## बार-बार दी चेतावनी के बावजूद फिर होने लगा अतिक्रमण

**मोहन चौहान, सोलन**





प्रशासन का नहीं कोई डर, माल रोड फिर से होने लगा अतिक्रमण, जिस कारण लोगों को फिर से परेशानी होने लगी है।

पिछले दिनों प्रशासन व नगर निगम की अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बावजूद माल रोड सोलन और अपर बाजार के कारोबारियों पर ज्यादा असर नहीं दिखा है। माल रोड सहित शहर के अपर बाजार व लोअर बाजार में फिर से सड़कों पर सामान और दोपहिया वाहन पार्क किए जा रहे हैं, ऐसे में राहगीरों की फिर से मुश्किलें बढ़ गई हैं।

हैरत की बात है कि प्रशासन की तरफ से माल रोड पर की गई निशानदेही गायब है, जबकि प्रशासन ने दुकानदारों को अतिक्रमण की स्थिति में सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी थी। इसके अलावा ऐसे दुकानदारों के खिलाफ भारी जुर्माना भी लगेगा, पर इसका दुकानदारों पर कोई असर नहीं पड़ा।

शुक्रवार को माल रोड अतिक्रमण से अटा रहा। इससे साफ है कि जिला प्रशासन की बात को दुकानदार कितनी गंभीरता से लेते हैं। बता दें कि प्रशासन की तरफ राजगढ़ रोड और कोटलानाला में जेसीबी मशीन से अतिक्रमण गिराने की कार्रवाई की जा चुकी है, पर माल रोड में सिर्फ निशानदेही ही की गई है, जिसका फायदा दुकानदार खुल कर उठा रहे हैं।

राजगढ़ रोड पर अतिक्रमण गिराने को लेकर व्यापार मंडल बाजार बंद भी कर चुकी है। अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें प्रशासन का कोई डर नहीं है। ऐसे में जरूरी कार्यों के लिए जा रहे लोगों को आना-जाना भी मुश्किल होता है।

अतिक्रमण को सीमित रखने के लिए प्रशासन ने पुराने बस स्टैंड से चौक बाजार तक कई बार अग्निशमन वाहन की मॉकड्रिल भी की, पर बाद में हालात जस का तस हो जाते हैं। पिछले दिनों यहां निशानदेही भी की गई, पर प्रशासन की मेहनत बेकार गई। (अनंत ज्ञान)

> सोलन शहर में अतिक्रमण हटाने की निशानदेही जारी है। दुकानदारों ने अपने स्तर पर अतिक्रमण हटाने की बात मानी है। माल रोड में कंट्रोल विड्थ में वाहनों की पार्किंग और सामान रखने पर कार्रवाई होगी।
> -कविता ठाकुर, एसडीएम सोलन।

# नेहरू मैदान राजगढ़ में धूमधाम से मनेगा गणतंत्र दिवस समारोह



बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम राजकुमार ठाकुर।

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

गणतंत्र दिवस का उपमंडल स्तरीय समारोह राजगढ़ के नेहरू मैदान में 26 जनवरी को बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह जानकारी एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर ने गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर एसडीएम कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

उन्होंने बताया कि प्रातः 11 बजे मुख्य अतिथि की ओर से राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा और परेड का निरीक्षण करने के उपरांत पुलिस, एनसीसी तथा एनएसएस की टुकड़ियों एवं स्कूलों के बच्चों की ओर से प्रस्तुत आकर्षक मार्चपास्ट की सलामी ली जाएगी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के बच्चों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के अलावा दौलांजी व अकाल अकादमी बड़ू साहिब की ओर से भी कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने नगर पंचायत राजगढ़ को निर्देश दिए कि समारोह स्थल पर उचित साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने अन्य संबंधित विभागों को भी समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

एसडीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस समारोह में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योती साहनी, खंड विकास अधिकारी तपेंद्र नेगी, स्थानीय बैंकों के प्रमुख, सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के निदेशक बने योगेंद्र वर्मा



जीत के प्रमाण पत्र के साथ खुशी व्यक्त करते भाजपा समर्थित योगेंद्र वर्मा व उनके समर्थक।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के सोलन जोन निदेशक पद के चुनाव में भाजपा समर्थित योगेंद्र वर्मा ने जीत हासिल की है। योगेंद्र को कुल 1115 वोट मिले, जबकि कांग्रेस समर्थित मनीष भारद्वाज को 902 मत प्राप्त हुए।

नगर निगम के हॉल में आयोजित निदेशक पद के चुनाव में सोलन सहित कसौली, सिरमौर के कुछ हिस्सों के शेयर धारकों ने बढ़-चढ़कर मतदान किया। जीत के बाद भाजपा ने खूब जश्न मनाया। इसमें वरिष्ठ नेता पुरुषोत्तम गुलेरिया, पूर्व मंत्री डॉ. राजीव सहजल सहित अन्य नेता भी शामिल रहे।

बता दें कि सोलन में कांग्रेस को इससे पहले भी सोलन नगर निगम चुनाव में डिप्टी मेयर के पद पर हार का सामना करना पड़ा था। इस गम से कांग्रेस अभी में से उबर भी नहीं पाई थी कि आज कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के निदेशक पद के चुनाव पर भाजपा समर्थित उम्मीदवार ने अपनी जीत दर्ज करके कांग्रेस की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है।

## दिन में खनन वाहनों के लिए मार्ग किए बंद

**पांवटा साहिब।** उपमंडल दंडाधिकारी एसडीएम ने तारूवाला चौक-शुभखेड़ा व शिवपुर मार्ग पर दिन के समय खनन सामग्री लेकर चलने वाले भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी है। इन मार्गों पर इन वाहनों को रात्रि नौ से सुबह पांच बजे तक चलने की इजाजत होगी।

इससे पूर्व जिला उपायुक्त ने बांगरन चौक से हरिपुर टोहाना-पुरुवाला-मानपुर देवड़ा-गोजर अड़ायन तथा विश्वकर्मा चौक से देवीनगर, कुंजा मतरालियों व रामपुर घाट तक के मार्ग पर खनन सामग्री ढोने वाले ट्रक, ट्रेक्टर, डंपर, ट्राले व टिप्पर आदि वाहनों के दिन के समय आवागमन पर पाबंदी लगा दी थी। एसडीएम जीएस चीमा ने बताया कि इन व्यस्त मार्गों पर दिन के समय खनन सामग्री लेकर चलने वाले भारी वाहनों के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ रही थी। खनन सामग्री ले जाने वाले वाहनों को इन मार्गों का उपयोग करने के लिए उनसे पूर्व अनुमति लेनी होगी।

# 12 चयनितों को सौंपे प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रमाण पत्र

**प्रीति चौहान, पांवटा साहिब**





चयनित लोगों को प्रमाण पत्र सौंपती नगर परिषद अध्यक्ष निर्मल कौर।

नगर परिषद के एक कार्यक्रम में शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चयनित 12 लोगों को मकान सेंक्शन होने के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस तरह 188 लोगों को अब तक इस योजना का लाभ मिल चुका है। इनमें से 88 लोगों के मकान बनकर तैयार भी हो चुके हैं।

बता दें कि केंद्र सरकार की इस योजना का लाभ उन लोगों को मिलता है, जिनकी वार्षिक आया तीन लाख से कम हो और उनके पास अपना पक्का मकान न हो। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नए मकान के निर्माण के लिए नगर परिषद पांवटा साहिब में जिन लोगों का आवेदन स्वीकृत हुआ है, उन लोगों को योजना के अंतर्गत दो कमरे, किचन, बाथरूम तथा शौचालय बनाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत पात्र व्यक्ति को अपनी जमीन पर मकान का निर्माण करना होता है। योजना के तहत बनने वाले मकान का निर्माण डिजाइन एवं मंजूर किए गए मैप के अनुसार करना होगा। लाभार्थी को छह महीने में मकान का कार्य पूर्ण करना होगा।

योजना के तहत लाभार्थी को एक लाख 85 हजार रुपए की राशि चार किस्तों में उपलब्ध कराई जाती है। नगर परिषद का कोई भी अधिकारी व कर्मचारी कभी भी भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण कर सकता है। यदि निरीक्षण के समय पर कोई लाभार्थी अपात्र पाया जाता है, तो उसका स्वीकृति पत्र रद्द कर दिए जाने का नियम है।

कार्यक्रम में राजेश कुमार, फुरकान, जसबीर सिंह, ललित कुमार, ममता रानी, पूजा देवी, प्रकाशो देवी, प्रवीण कुमार, सतपाल, सतवीर, सुरेंद्र सिंह व सुरेश को प्रमाण पत्र सौंपे गए।

इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष निर्मल कौर, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश कटारिया, प्रधान मंत्री आवास योजना की ओर से सामाजिक विकास अधिकारी कृपा राम, विनोद शर्मा, मुकेश आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## भाजपा नेता देवेंद्र राठौर के निधन पर जताया शोक

**अर्की।** उपमंडल की पंचायत हनुमान बड़ोग के गांव रिहाल बटेड़ के रहने वाले देवेंद्र राठौर के निधन पर अर्की भाजपा ने गहरा दुख जताया है। देवेंद्र अर्की मंडल भाजपा के पूर्व महामंत्री तथा पूर्व बीडीसी सदस्य थे।

49 वर्षीय देवेंद्र आईजीएमसी शिमला में उपचाराधीन थे। उनके पिता कृष्ण चंद वर्मा जो कि जोगेंद्रा को-ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष रह चुके हैं। दिवंगत देवेंद्र समाज सेवा में भी आगे रहते थे। सोलन भाजपा के जिलाध्यक्ष रतन सिंह पाल, पूर्व विधायक गोविंद शर्मा,अर्की मंडल भाजपा के अध्यक्ष राकेश ठाकुर, महामंत्री यशपाल कश्यप, जिप सदस्य आशा परिहार, पूर्व मंडलाध्यक्ष देवेंद्र उपाध्याय सहित अर्की भाजपा के अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शोक जताते हुए ईश्वर से शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# नगीन चंद पॉल मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

## विजेता टीम को मिलेगा एक लाख का पुरस्कार व ट्रॉफी, जिप सदस्य ने किया शुभारंभ



क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि व अन्य मेहमानों के साथ खिलाड़ी।

**अनंत ज्ञान, अर्की**

उपमंडल अर्की के अर्जुन खेल मैदान कोटली (शालाघाट) में बुधवार को स्व. नगीन चंद पाल मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता के प्रथम संस्करण का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर जिला परिषद डुमैहर वार्ड की सदस्या आशा परिहार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कोटली पंचायत के प्रधान यशपाल कश्यप विशेष रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।

मुख्य अतिथि आशा परिहार ने अपने संबोधन में कहा कि खेलों के जरिए खिलाड़ियों का मानसिक व शारीरिक विकास होता है। खेलों में भाग लेने से जहां अनुशासन पनपता है, वहीं काफी कुछ सीखने को मिलता है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि सभी नशे से दूर रहकर खेलों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि उनके पिता स्वर्गीय नगीन चंद पाल पूर्व में कैबिनेट मंत्री रहे हैं, जिनकी याद में यह क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। उन्होंने अपने पिता को याद करते हुए कहा कि आज वह राजनीति में उनके आशीर्वाद से ही हैं। इस मौके पर उन्होंने जिला परिषद फंड से अर्जुन खेल मैदान कोटली के विस्तारीकरण के लिए एक लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने आयोजन समिति को हरसंभव सहायता देने का पूर्ण विश्वास दिलाया।

बता दें कि इस प्रतियोगिता के फाइनल में विजेता टीम को एक लाख रुपए व उपविजेता टीम को 50 हजार रुपए व ट्रॉफी दी जाएगी। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा अर्की मंडल की अध्यक्ष रीना भारद्वाज, सावित्री कश्यप, वंदना गुप्ता, सरस्वती कश्यप, भूपेंद्र (सागर) व नरेंद्र हांडा सहित टूर्नामेंट के आयोजक विनोद, संजू व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### माल रोड सोलन में हनुमान चालीसा का पाठ आज

**सोलन।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा ने कहा कि भारत वर्ष के इतिहास में 22 जनवरी, 2024 स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। जब अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर में मूर्ति स्थापना और पूजन का भव्य आयोजन होगा। इससे देश में सनातन के प्रति आस्था की धारा प्रभावित होने के साथ स्वाभिमान समर्पित होगा। जो केवल गर्व का ही विषय नहीं, अपितु प्रत्येक भारतीय के लिए अपने राष्ट्रीय संस्कृति के अभियान का विषय भी है। इस उपलक्ष्य में सोलन माल रोड पर आज सायं साढ़े पांच बजे हनुमान चालीसा का पाठ होगा।


### अक्षत कलश स्थापना को लेकर बनाई समिति

**पांवटा साहिब।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर में होने वाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर कफोटा के सनातन धर्म सभा के प्रांगण में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने भाग लिया। बैठक में सनातन धर्म सभा कफोटा, क्षेत्रीय विकास समिति कफोटा, व्यापार मंडल कफोटा के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बता दें कि 23 दिसंबर को पूज्य अक्षत कलश प्रातः 10 बजे पांवटा साहिब से कफोटा लाया जाएगा। सब-डिवीजनल ऑफिस कफोटा से सनातन धर्म सभा के मंदिर तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। सनातन धर्म सभा कफोटा के मंदिर में कलश स्थापना की जाएगी। इस कार्यक्रम को संचालित करने के लिए एक समिति का गठन किया गया। समिति में मुंशी राम को खंड सरंक्षक, कपिल ठाकुर को सहसंरक्षक, खजान दत्त शर्मा को सहसंयोजक बनाया गया है। इसके अलावा गुमान चौहान विजय, सुनील ठाकुर, हितेंद्र भंडारी, दीप राम शर्मा, लायक राम, वीर विक्रम, संजीव ठूंडू, प्रदीप आदि समिति में बतौर सदस्य शामिल किए गए हैं।

# रेणुका विस क्षेत्र में भाजपा सरकार में खोले ऑफिस हो गए बंद: मेलाराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**



सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार की ओर से गत एक वर्ष के दौरान स्वास्थ्य और शैक्षणिक संस्थानों के प्रति उदासीन रवैया अपनाने पर रोष व्यक्त किया है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार ने आते ही पिछली भाजपा सरकार की ओर से खोले गए हजारों स्वास्थ्य और शैक्षिक संस्थान यह कह कर बंद कर दिए थे कि इन्हें मेरिट के आधार पर फिर से खोल दिया जाएगा, परंतु एक साल का कार्यकाल बीत जाने के उपरांत भी सुक्खू सरकार ने एक भी स्वास्थ्य और शैक्षणिक संस्थान पुनः नहीं खोला है। उन्होंने कहा कि सिरमौर जिला में हरिपुरधार जैसे पिछड़े इलाके में भाजपा सरकार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को स्तरोन्नत कर सिविल अस्पताल बनाया था, परंतु कांग्रेस सरकार ने इसे बंद कर दिया।

उन्होंने बताया कि संगड़ाह विकास खंड की पंचायत शिवपुर के गांव अरट में उपस्वास्थ्य केंद्र को कांग्रेस सरकार ने आते ही इसे भी डीनोटिफाई कर दिया।

उन्होंने रेणुका के विधायक विनय कुमार को विधानसभा उपाध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए आग्रह किया कि वह सरकार से बंद किए गए सभी स्वास्थ्य और शैक्षणिक स्थान को फिर से खोलने के आदेश शीघ्र करवाएं और क्षेत्र के लोगों को अपने संवैधानिक पद का लाभ पहुंचाएं, वरना इस पिछड़े क्षेत्र की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी।

**सेरेमनी** वन प्रशिक्षण संस्थान चायल में वनरक्षकों का दीक्षांत समारोह आयोजित

# वन विभाग को मिले 45 नए वनरक्षक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**





सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षु को सम्मानित करते कार्यक्रम में मौजूद अतिथि।

वन प्रशिक्षण संस्थान चायल में शुक्रवार को वन रक्षकों के 71वें सत्र का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त प्रधान मुख्य अरण्यपाल (शोध एवं प्रशिक्षण) वन विभाग प्रदीप ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। यह प्रशिक्षण सत्र 20 जून से 22 दिसम्बर तक सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसमें वन विभाग हिमाचल प्रदेश के 11 वन वृत्त क्रमशः चंबा, धर्मशाला, कुल्लू, मंडी, हमीरपुर, नाहन, रामपुर, शिमला, सोलन, वन्य प्राणी धर्मशाला व वन्य प्राणी शिमला के 45 प्रशिक्षणार्थियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण किया एवं सभी उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र, मेडल व ट्रॉफी वितरित की।

वन प्रशिक्षण संस्थान चायल की निदेशक संगीता महला, भारतीय वन सेवा के मुख्य अतिथि का संस्थान की ओर से स्वागत किया। संस्थान की इस प्रशिक्षण सत्र की रिपोर्ट संयुक्त निदेशक परमिंद्र सिंह, हिप्रवसे ने प्रस्तुत की। मंच संचालन का कार्य उपनिदेशक वन प्रशिक्षण संस्थान चायल मोहित दत्ता ने किया। 71वें बैच शैक्षिक टापर मंडी वन मंडल के धर्म पाल, द्वितीय स्थान पर वन मंडल सुकेत के रोशन लाल व तृतीय स्थान पर कुल्लू वन मंडल के विकास चंद रहे। मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर वन मंडल ठियोग के अंकुश राजवंश, द्वितीय स्थान पर वन मंडल चुराह के तेज सिंह व तृतीय स्थान पर वन मंडल नूरपुर के संजय कुमार रहे। 71वें बैच के सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षु का पुरस्कार वन मंडल मंडी के धर्म पाल को दिया गया। मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षुओं को अपने कार्य क्षेत्र में जा कर प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त किए ज्ञान को समुचित रूप में जनता के लाभ के लिए नियम-कानून का पालन करते हुए प्रयोग करने पर बल दिया।

वन प्रशिक्षण संस्थान चायल की ओर से मुख्य अतिथि व आए हुए अन्य अतिथियों का धन्यवाद वन प्रशिक्षण संस्थान, चायल के उपनिदेशक अश्वनी कड़शौली ने किया। दीक्षांत समारोह में वन प्रशिक्षण संस्थान, चायल की निदेशक संगीता महला, वन प्रशिक्षण संस्थान चायल के संयुक्त निदेशक परमिंद्र सिंह, व उपनिदेशक मोहित दत्ता व अश्वनी कड़शौली, वन राजिक तारा दत्त व वनीता भारद्वाज, उपवन राजिक मोहित गौतम व संदीप कुमार, कनिष्ठ सहायक प्रवीण कुमार व वनरक्षक, वन प्रशिक्षण संस्थान, चायल सर्व अंकुश शर्मा, सुमेश राज, वैशाली ठाकुर, बंधू शर्मा, अनुज कुमार तथा अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# कृषि क्षेत्र में अधिक ऋण उपलब्ध करवाएं बैंक: अतिरिक्त उपायुक्त



बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी अजय यादव।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय कुमार यादव ने कहा कि जिला के समस्त बैंकों को कृषि तथा कृषि आधारित क्षेत्र में अधिक से अधिक ऋण उपलब्ध करवाना चाहिए, ताकि रोजगार के बेहतर अवसर सृजित किए जा सकें। अजय यादव जिला स्तरीय सलाहकार समिति की 172वीं त्रैमासिक बैठक तथा यूको ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) की अध्यक्षता कर रहे थे।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक में प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जन सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना व स्टैंड अप इंडिया योजना तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिला वासियों को अधिक से अधिक ऋण व जीवन बीमा के अंतर्गत कवर करने के निर्देश दिए। यूको आरसेटी को कृषि व्यवसाय से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ करने की संभावनाएं तलाशनी चाहिएं। भारतीय रिजर्व बैंक के सहायक महाप्रबंधक राहुल जोशी ने बैंक अधिकारियों से खंड स्तरीय कार्यशाला तथा प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

बैठक में यूको बैंक की अग्रणी जिला प्रबंधक तमन्ना मोदगिल ने मुख्यातिथि तथा अधिकारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर जिला उद्योग के महाप्रबंधक सुरेंद्र ठाकुर, विभिन्न विभागों के अधिकारीविभिन्न बैंकों के प्रबंधक तथा प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### पद्मश्री लौटाना पहलवान बजरंग पूनिया का निजी फैसला : खेल मंत्रालय

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष पद के लिए संजय सिंह के चुनाव के विरोध में बजरंग पूनिया का पद्मश्री पुरस्कार लौटाने का फैसला व्यक्तिगत है, लेकिन फिर भी उन्हें इस कदम पर दोबारा विचार करने के लिए समझाने का प्रयास किया जाएगा। ओलंपिक पदक विजेता पहलवान पूनिया ने बृजभूषण शरण सिंह के विश्वासपात्र संजय सिंह के डब्ल्यूएफआई में शीर्ष पद के लिए चुने जाने के एक दिन बाद पद्मश्री सम्मान लौटाने का फैसला किया, लेकिन खेल मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि डब्ल्यूएफआई के चुनाव स्वतंत्र और पारदर्शी तरीके से हुए थे। मंत्रालय के एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया कि पद्मश्री लौटाना बजरंग पूनिया का व्यक्तिगत फैसला है। डब्ल्यूएफआई के चुनाव निष्पक्ष और लोकतांत्रिक तरीके से हुए थे। उन्होंने कहा कि फिर भी हम बजरंग को पद्मश्री लौटाने के अपने फैसले को पलटने के लिए समझाने का प्रयास करेंगे। पूनिया ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर एक विरोध पत्र सौंपने की कोशिश की, लेकिन दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने उन्हें कर्त्तव्य पथ पर ही रोक दिया, क्योंकि उनके पास कोई पूर्व अनुमति नहीं थी। इसी पत्र में उन्होंने पद्मश्री पुरस्कार लौटाने का जिक्र किया था।

### सोनिया-कलैवानी की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जीत से शुरुआत

**ग्रेटर नोएडा।** विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) की सोनिया लाठेर और तमिलनाडु की एस कलैवानी ने महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पहले दिन शुक्रवार को जीत से शुरुआत की। सोनिया ने 57 किग्रा के पहले दौर के मैच में मध्य प्रदेश की माही लामा के खिलाफ आक्रामक शुरुआत की और 5-0 से आसान जीत हासिल की। पिछले बार की रजत पदक विजेता कलैवानी ने 48 किग्रा भार वर्ग में केरल की मिलानो एमजे को आसानी से हराया। कलैवानी के आक्रामक रवैये के कारण रेफरी को तीसरे राउंड के बीच में ही मुकाबला रोकना पड़ा था। कलैवानी का अगला मुकाबला हरियाणा की गीतिका से होगा, जिन्होंने तेलंगाना की मेराज बेगम को हराया। हरियाणा की ही रिंकू (52 किग्रा) और तन्नु (57 किग्रा) भी अगले दौर में पहुंच गई हैं। एशियाई युवा चैंपियनशिप 2021 की रजत पदक विजेता उत्तराखंड की निवेदिता कार्की (48 किग्रा) ने मेघालय की वेरोनिया सोहसांग पर आसान जीत दर्ज की।

### सिफत और रिदम ने राष्ट्रीय निशानेबाजी ट्रायल्स में फिर बाजी मारी

**नई दिल्ली।** सिफत कौर सामरा और रिदम सांगवान यहां चल रहे राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स मैच में शुक्रवार को क्रमशः महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन और महिला 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में जीत हासिल करने में सफल रहीं। सिफत शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने आठ महिलाओं के फाइनल में 464.8 अंक से ओलंपियन और सीनियर अंजुम मौदगिल को पछाड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया। मौदगिल 461.7 अंक से दूसरे स्थान पर रहीं। सेना की प्रिया ने तीसरा स्थान हासिल किया। महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टी2 ट्रायल में रिदम ने 35 अंक से मनु भाकर को पछाड़ते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया। मनु 32 अंक से दूसरे और पूर्व विश्व कप फाइनल की स्वर्ण पदक विजेता हीना सिद्धू 27 अंक से तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों के 10 मीटर एयर राइफल में किरण जाधव ने 633.4 अंक से शीर्ष पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया, जिसमें उन्होंने 252.8 अंक से पहला स्थान प्राप्त किया। असम के हृदय हजारिका दूसरे और लागड सौरव गोरख तीसरे स्थान पर रहे।

### भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा लेंगे एल्गर

**जोहांसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान डीन एल्गर ने शुक्रवार को कहा कि भारत के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के बाद वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। एल्गर ने 2012 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद से 84 टेस्ट खेले हैं। उन्होंने 13 शतक और 23 अर्धशतकों की मदद से 5146 रन बनाए हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने एक बयान में कहा कि एल्गर दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के बाद क्रिकेट को अलविदा कहेंगे। पहला टेस्ट उनके शहर सेंचुरियन में 26 से 30 दिसंबर तक खेला जाएगा। दूसरा केपटाउन में तीन से सात जनवरी के बीच होगा, जहां उन्होंने पहला टेस्ट रन बनाया था। एल्गर ने आठ वनडे भी खेले हैं और आखिरी वनडे 2018 में खेला था। एल्गर ने कहा कि बारह साल तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के बारे में मैंने कभी सोचा भी नहीं था। यह अद्भुत सफर रहा है और मैं बहुत खुशकिस्मत हूं, लेकिन हर अच्छी चीज का अंत होता है और भारत के खिलाफ यह श्रृंखला मेरी आखिरी होगी। मैंने इस खूबसूरत खेल से विदा लेने का फैसला कर लिया है। उन्होंने कहा कि केपटाउन टेस्ट मेरा आखिरी होगा। यह मेरा पसंदीदा मैदान है, जहां मैंने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट रन बनाये थे और आखिरी भी वहीं बनाऊंगा।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट से बाहर रह सकते हैं शाहीन शाह अफरीदी

**कराची।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को कार्यभार प्रबंधन के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में तीसरे और आखिरी टेस्ट से बाहर रखा जा सकता है। खुर्रम शहजाद को पसलियों में गंभीर चोट लगने के कारण पीसीबी की काफी आलोचना हो रही है। पाकिस्तान को पहले टेस्ट में 360 रन से पराजय झेलनी पड़ी, जिसमें पदार्पण कर रहे खुर्रम ने पांच विकेट लिए, लेकिन वह घायल हो गए। वह मेलबर्न (26 दिसंबर से) और सिडनी (तीन जनवरी से) में बाकी दो टेस्ट नहीं खेल सकेंगे। टीम के एक सूत्र ने बताया कि टीम प्रबंधन तेज गेंदबाजों के कार्यभार में संतुलन चाहता है, खासकर अफरीदी के क्योंकि टी-20 विश्व कप में छह महीने से भी कम समय रह गया है। सूत्र ने कहा कि खुर्रम के कार्यभार को लेकर जिस तरह बोर्ड और प्रबंधन की आलोचना हो रही है, उससे सबक लेना जरूरी है। इसके अलावा शाहीन का खराब फॉर्म भी चिंता का सबब है। पाकिस्तान के प्रमुख तेज गेंदबाज नसीम शाह कंधे की सर्जरी के बाद अभी तक वापसी नहीं कर सके हैं।

# दुर्भाग्य है कि तीसरे नंबर पर सैमसन को मौका नहीं दे सका : राहुल

**एजेंसी, पार्ल**

**भारतीय** कप्तान केएल राहुल ने स्वीकार किया कि टीम में प्रमुख स्थानों पर दिग्गजों के रहने से संजू सैमसन के लिए जगह बनाना मुश्किल हो रहा था, लेकिन उन्होंने खुशी जताई कि मौका मिलने पर सैमसन ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।

राहुल ने कहा कि मैं संजू के लिए खुश हूं। उसने इतने साल आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया है। दुर्भाग्य की बात है कि हम उसे तीसरे नंबर पर मौका नहीं दे पा रहे। इस क्रम पर हमारे पास वनडे में दिग्गज खिलाड़ी हैं, लेकिन मुझे खुशी है कि यहां उसने मौके को भुनाया। राहुल ने कहा कि अब टीम का फोकस सेंचुरियन में 26 दिसंबर से शुरू हो रह दो टेस्ट मैचों की सीरीज पर है, जिसमें नियमित कप्तान रोहित शर्मा और कोहली टीम में लौटेंगे। राहुल ने कहा कि जीत का जश्न मनाने के बाद अब फोकस टेस्ट सीरीज पर होगा। प्लेयर आफ द मैच सैमसन ने कहा कि मुझे इस शतक पर गर्व है, क्योंकि हम मैच जीत भी गए। मैंने काफी मेहनत की है। इस प्रारूप में विकेट और गेंदबाज को समझने के लिए अतिरिक्त समय मिल जाता है। शीर्षक्रम पर खेलने से 10-20 गेंद ज्यादा मिलती है।

'प्लेयर आफ द सीरिज' अर्शदीप सिंह ने कहा कि आईपीएल के अनुभव ने उन्हें बेहतर क्रिकेटर बनाया। उन्होंने कहा कि रणनीति सरल थी कि सीधे विकेट पर गेंद डालनी है और बल्लेबाजों को पगबाधा या बोल्ड करना है। आईपीएल हम युवाओं के लिए अच्छा प्लेटफॉर्म रहा है और इससे मुझे बेहतर क्रिकेटर बनने में मदद मिली।




## खेल मेरे खून में है : सैमसन

**पार्ल।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा कि पिछले तीन चार महीने उनके लिए मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण थे, लेकिन उन्होंने खुद पर काफी मेहनत की और पहला वनडे शतक बनाकर वापसी कर सके। भारत में इस साल हुए वनडे विश्व कप के लिए सैमसन टीम में जगह नहीं बना सके थे, क्योंकि चयनकर्ताओं ने ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव को तरजीह दी। संजू ने तीसरे वनडे में 78 रन से मिली जीत के बाद कहा कि पिछले तीन चार महीने मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण थे। उन सबसे गुजरकर यहां आकर शतक जमाना काफी बड़ी बात है। मैं बहुत खुश हूं। सैमसन को एशियाई खेलों के लिए भी टीम में नहीं चुना गया था। सैमसन ने कहा कि खेल मेरे खून में है। मेरे पिता भी खिलाड़ी रहे हैं, लिहाजा हर झटके के बाद वापसी करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। खुद पर मेहनत करते रहो और मजबूती से वापसी का प्रयास करो। अपनी 108 रन की पारी के बारे में उन्होंने कहा कि मैं स्कोर कार्ड देख ही नहीं रहा था। मैं सिर्फ गेंद को देखकर उसके हिसाब से खेल रहा था। मेरा ध्यान प्रक्रिया और गेंद दर गेंद फोकस करने पर था। तिलक वर्मा के आने के बाद पहले चार पांच ओवर कठिन रहे, लेकिन उसके बाद हमने सहज होकर खेला।

**बोले- पिछले तीन-चार महीने मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण थे शुक्र है कि शतक बना सका**

## पारिवारिक इमरजेंसी के कारण कोहली भारत लौटे, ऋतुराज गायकवाड़ टेस्ट सीरीज से बाहर

**सेंचुरियन।** विराट कोहली पारिवारिक इमरजेंसी के कारण भारत लौट गए हैं, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू हो रहे पहले टेस्ट से पूर्व उनके लौट आने की उम्मीद है। कोहली दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका गए थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने शुक्रवार को पीटीआई को बताया कि विराट कोहली पारिवारिक इमरजेंसी के कारण भारत लौट गए हैं, लेकिन पहले टेस्ट से पूर्व लौट आएंगे। भारतीय बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ भी अंगुली में फ्रेक्चर के कारण दो टेस्ट मैचों की सीरीज नहीं खेल सकेंगे। सूत्र ने कहा कि ऋतुराज गायकवाड़ अंगुली में फ्रेक्चर के कारण दो टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर हैं। गायकवाड़ को दूसरे वनडे में एक कैच लपकने के दौरान अंगुली में चोट लगी थी।

महिला टीम के एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन दीप्ति और पूजा की अटूट शतकीय साझेदारी

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया पर कसा शिकंजा

**एजेंसी, मुंबई**

दीप्ति शर्मा (नाबाद 70) और पूजा वस्त्राकर (नाबाद 33) के बीच 102 रन की अटूट साझेदारी की मदद से भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को 157 रन की बढ़त हासिल करके अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया के 219 रन के जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक सात विकेट पर 376 रन बनाए थे। भारत की चार बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाए, जिनमें दीप्ति के अलावा स्मृति मंधाना (74), जेमिमा रोड्रिग्स (73) और अपना पहला टेस्ट मैच खेल रही रिचा घोष (52) शामिल हैं। दीप्ति और वस्त्राकर ने तब जिम्मेदारी संभाली जब भारत ने 14 रन के अंदर चार विकेट गंवा दिए थे। ऑस्ट्रेलिया ने आठ गेंदबाजों का उपयोग किया लेकिन केवल ऑफ स्पिनर एशले गार्डनर (100 रन देकर चार विकेट) ही अपना प्रभाव छोड़ पाई।

महिला एशेज टेस्ट में आठ विकेट लेने वाली गार्डनर ने भारतीय बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया तथा अच्छी लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करके महत्वपूर्ण विकेट लिए। भारत का स्कोर एक समय सात विकेट पर 174 रन था, लेकिन दीप्ति और वस्त्राकर के बीच आठवें विकेट के लिए शानदार साझेदारी से वह मैच पर अपनी पकड़ मजबूत करने में सफल रहा। दीप्ति और वस्त्राकर भारत की तरफ से आठवें विकेट के लिए सर्वश्रेष्ठ साझेदारी का रिकॉर्ड बनाने से केवल पांच रन दूर हैं। दीप्ति ने अभी तक 147 गेंद का सामना करके नौ चौके लगाए हैं, जबकि पहले दिन 53 रन देकर चार विकेट लेने वाली वस्त्राकर ने 115 गेंद का सामना करके चार चौके जड़े हैं। भारत की पारी का आकर्षण हालांकि युवा रिचा घोष और जेमिमा के बीच चौथे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी रही। यह भारत की तरफ से चौथे विकेट के लिए दूसरी सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है। टेस्ट क्रिकेट में पहली बार बल्लेबाजी कर रही घोष ने आक्रमण और संयम का शानदार नमूना पेश किया। उन्होंने अपनी पारी में 104 गेंद का सामना करके सात चौके लगाए। घोष को 14 रन के निजी योग पर जीवनदान भी मिला, जब एलिस पेरी ने गार्डनर की गेंद पर मिड ऑफ पर उनका आसान कैच छोड़ दिया था। घोष इसका फायदा उठाकर अपने पदार्पण मैच में अर्धशतक जड़ने वाली भारत की 14वीं बल्लेबाज बनी। जेमिमा और शुभा सतीश ने हाल में यह उपलब्धि हासिल की थी। जेमिमा ने स्वीप शॉट लगाने के अपने कौशल का अच्छा नमूना पेश किया। उन्होंने अपने अधिकतर रन (63 प्रतिशत) लेग साइड में बटोरे। जेमिमा की 121 गेंद की पारी में नौ चौके शामिल हैं। लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक बनाने वाली जेमिमा अपने पहले टेस्ट शतक की तरफ बढ़ रही थी, लेकिन तभी उन्होंने गार्डनर की गेंद पर एनाबेल सदरलैंड को एक्स्ट्रा कवर कर आसान कैच दे दिया। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर अपना खाता भी नहीं खोल पाई और केवल दो गेंद खेल कर पवेलियन लौट गई। गार्डनर ने उन्हें पगबाधा आउट किया। गार्डनर ने इसके तुरंत बाद यास्तिका भाटिया (01) को भी आउट किया। इससे पहले भारत ने सुबह एक विकेट पर 98 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई। मंधाना और स्नेह राणा (09) ने अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की। गार्डनर ने राणा को बोल्ड करके यह साझेदारी तोड़ी।




## टिर्की को मिली मानद पीएचडी की उपाधि

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और पूर्व भारतीय कप्तान, पद्मश्री डॉ. दिलीप टिर्की को श्री श्री यूनिवर्सिटी से खेल विज्ञान में मानद पीएचडी की उपाधि मिली है। यह विशिष्ट सम्मान खेल के क्षेत्र में टिर्की के उल्लेखनीय योगदान को स्वीकार करता है, जो भारतीय हॉकी पर उनके पर्याप्त प्रभाव और इसकी प्रगति के प्रति दृढ़ समर्पण को रेखांकित करता है। टिर्की का उल्लेखनीय करियर, कई ओलंपिक और विश्व कप में उनकी भागीदारी के साथ-साथ मैदान पर और बाहर उनके उत्कृष्ट नेतृत्व से चिह्नित है, जो खेल में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उल्लेखनीय रूप से, उनके नाम भारतीय हॉकी में सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनों का रिकॉर्ड है, जिसमें कुल 412 कैप शामिल हैं। यह सम्मान टिर्की की असाधारण खेल भावना और भारतीय खेलों के पथ को आकार देने में उनके स्थायी प्रभाव का एक शानदार प्रमाण है।

## कांगड़ा के अक्षय और सौरभ 'मैक्स कबड्डी' में दिखाएंगे अपना जलवा

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

**कांगड़ा** जिले के गांव तरसूह रहने वाले अक्षय और सौरभ दोनों का मैक्स कबड्डी लीग में पंजाब की टीम 'पंजाब बुल्स' में चयन किया गया है। कांगड़ा के साथ लगती पंचायत तरसूह के दो कबड्डी खिलाड़ियों अक्षय और सौरभ का चयन अगले माह हरियाणा के गुड़गांव में होने वाली मैक्स कबड्डी लीग में हुआ है। पंजाब बुल्स की टीम में दोनों कबड्डी खिलाड़ियों का चयन होने पर प्रदेश बास्केटबॉल अध्यक्ष के अध्यक्ष मुनीष शर्मा एवं राजेश परिहार ने शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि कांगड़ा के तरसूह गांव के दोनों कबड्डी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली कबड्डी प्रतियोगिता जीतकर प्रदेश एवं जिले का नाम रोशन करेंगे। अध्यक्ष मुनीष शर्मा ने कहा कि कांगड़ा के खिलाड़ियों का चयन होना हम सबके लिए गौरव की बात है।





**लीग में पंजाब की टीम 'पंजाब बुल्स' में किया गया है चयन**

## खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी में स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर ने की जीत दर्ज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दूसरे** खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग के पहले चरण के दूसरे दिन शुक्रवार को खेलो इंडिया स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर छत्तीसगढ़, साई शक्ति टीम, घुम्मनहेरा राइजर हॉकी अकादमी और साई बाल टीम ने अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की।

दिन के पहले मैच में खेलो इंडिया स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर छत्तीसगढ़ ने राजा करण हॉकी अकादमी को 6-0 से हराया। खेलो इंडिया स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर छत्तीसगढ़ के लिए मधु सिदार ने चार गोल किए, जबकि दामिनी खुसरो और राधिका ने एक-एक फील्ड गोल किया।

### साई शक्ति टीम ने दर्ज की शानदार जीत

दिन के दूसरे मैच में साई शक्ति टीम ने अनंतपुर स्पोर्ट्स एकेडमी को 20-0 से हराया। पूर्णिमा यादव ने चार गोल किए, रवीना, कैप्टन काजल, और बिनाती मिंज ने हैट्रिक बनाई, निशा दादेल और साक्षी ने दो-दो गोल किए, जबकि खुशी, प्रियंका और नवरूप कौर ने एक-एक गोल किया।

### घुम्मनहेरा राइजर्स हॉकी अकादमी ने जय भारत हॉकी अकादमी को हराया

दिन के तीसरे मैच में घुम्मनहेरा राइजर्स हॉकी अकादमी ने जय भारत हॉकी अकादमी को 3-1 से हराया। पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद, घुम्मनहेरा राइजर्स हॉकी अकादमी के लिए दीपिका ने गोल किया, लेकिन आशी ने तुरंत जय भारत हॉकी अकादमी के लिए बराबरी का गोल किया। दो मिनट बाद कप्तान सुनैना ने घुम्मनहेरा राइजर्स हॉकी अकादमी को फिर से बढ़त दिला दी, इसके बाद दीपिका ने मैच का अपना दूसरा गोल करते हुए घुम्मनहेरा राइजर्स हॉकी अकादमी को 3-1 से जीत दिला दी।

**चैंपियंस** | आखिरी मैच में रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड को चार विकेट से दी शिकस्त, गुडाकेश मोती ने झटके तीन विकेट

# वेस्टइंडीज ने टी-20 श्रृंखला पर 3-2 से किया कब्जा

**एजेंसी, तारोबा (त्रिनिदाद)**

**वेस्टइंडीज** ने बेहद करीबी मुकाबले में आखिरी ओवर में विश्व चैंपियन इंग्लैंड को चार विकेट से हराकर टी-20 श्रृंखला 3-2 से जीत ली। सिर्फ 132 रन पर आउट हुई इंग्लैंड टीम ने डैथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी करके मुकाबले को करीबी बना दिया। तेज गेंदबाज रीसे टॉपले ने 17वें ओवर में सिर्फ दो रन दिए और वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पॉवेल का विकेट लिया। मध्यम तेज गेंदबाज सैम कुरेन ने 19वें ओवर में सिर्फ दो रन देकर आंद्रे रसेल को आउट किया। आखिरी ओवर में वेस्टइंडीज को नौ रन की जरूरत थी।

जैसन होल्डर ने क्रिस वोक्स की पहली गेंद पर तीन रन निकाले। इसके बाद शाइ होप ने डीप प्वाइंट के ऊपर से छक्का जड़ दिया। वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 133 रन बनाकर चार विकेट से जीत दर्ज की। मेजबान टीम ने वनडे श्रृंखला भी 2-1 से जीती थी। होप ने 43 गेंद में 43 रन बनाए। पिछले मैच में तीन विकेट पर 267 रन बनाकर श्रृंखला में बराबरी करने वाली इंग्लैंड टीम उस लय को कायम नहीं रख सकी। फिल साल्ट ने 22 गेंद में 38 रन बनाए, जबकि मोईन अली ने 23 और लियाम लिविंगस्टोन ने 28 रन की पारी खेली।




# आईसीसी से मिली फटकार को चुनौती देंगे ख्वाजा

## कहा- काली पट्टी शोक के कारण बांधी

**एजेंसी, मेलबर्न**

**पाकिस्तान** के खिलाफ पहले टेस्ट में बांह पर काली पट्टी बांधने के कारण आईसीसी से फटकार झेलने वाले ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने शुक्रवार को कहा कि वह इसे चुनौती देंगे, क्योंकि उन्होंने आईसीसी को बताया था कि ऐसा उन्होंने निजी शोक के कारण किया है।

ख्वाजा ने पर्थ में पिछले सप्ताह पाकिस्तान पर 360 रन से मिली जीत के दौरान बांह पर काली पट्टी बांधी थी। वह 13 दिसंबर को अभ्यास सत्र के लिए उतरे तो उनके बल्लेबाजी के जूतों पर 'आल लाइव्स आर इकवल' और 'फ्रीडम इज ह्यूमन राइट' लिखा हुआ था। ख्वाजा ने कहा कि आईसीसी ने पर्थ टेस्ट के दूसेर दिन मुझसे पूछा था कि काली पट्टी क्यों बांधी है और मैंने कहा था कि यह निजी शोक के कारण है। मैंने इसके अलावा कुछ नहीं कहा था। उन्होंने कहा कि मैं आईसीसी और उसके नियमों का सम्मान करता हूं। मैं इस फैसले को चुनौती दूंगा। जूतों का मसला अलग था। मुझे वह कहकर अच्छा लगा, लेकिन आर्मबैंड को लेकर फटकार का कोई मतलब नहीं है।



# गाजा में मानवीय सहायता पर अमेरिका कर सकता है यूएनएससी में मतदान

**एजेंसी, वाशिंगटन**



अमेरिका आखिरकार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में गाजा में सहायता पर मतदान कर सकता है। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि हालांकि यह एक सप्ताह पहले हो जाना चाहिए था।

अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव पर समझौता करने के लिए मिस्र के साथ उच्चस्तरीय बातचीत की है। अगर यह प्रस्ताव पारित हो जाता है तो गाजा को और अधिक मानवीय सहायता प्राप्त हो सकेगी। अमेरिका के प्रमुख अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी उप राजदूत रॉबर्ट वुड ने पत्रकारों से कहा कि अमेरिका अभी भी बातचीत कर रहा है। अमेरिका उस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने के पक्ष में नहीं है, जिसमें लड़ाई रोकने का भी आह्वान किया गया है। रफा सीमा को नियंत्रित करने वाला मिस्र चाहता है कि संयुक्त राष्ट्र सहायता पहुंचाने का काम अपने हाथ में ले। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, अमेरिका पर इसराइल का दबाव है। इसलिए अमेरिका ने कहा है कि इसराइल को सहायता वितरण और विवादों की जांच में शामिल किया जाए। अमेरिका के इस प्रस्ताव पर मतदान करने की संभावना बढ़ गई है।

# काठमांडू के स्कूलों में क्रिसमस के आयोजन पर कसा शिकंजा

**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में महानगरपालिका ने क्रिसमस पर स्कूलों में होने वाले आयोजनों पर शिकंजा कसा है। महानगरपालिका ने चेतावनी जारी की है। इसके तहत स्कूल विद्यार्थियों को सांता क्लॉज का ड्रेस पहन कर आने को बाध्य नहीं कर सकते। न ही अभिभावकों को इस तरह की ड्रेस खरीदने को मजबूर कर सकते हैं। अग ऐसा किया जाता है तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। महानगरपालिका ने साफ किया है कि क्रिसमस के नाम पर बच्चों को नकली सफेद दाढ़ी और लाल टोपी या लाल रंग के वस्त्र पहना कर किसी भी तरह का कोई आयोजन विद्यालय परिसर में न किया जाए। विद्यालय में निर्धारित पोशाक के अलावा अन्य पोशाक पहनने के लिए छात्रों को निर्देशित करना दंडनीय अपराध होगा। इस संबंध में महानगर के शिक्षा विभाग के प्रमुख सीताराम कोईराला के नेतृत्व में एक टीम भी बनाई गई है। यह टीम सभी विद्यालयों का औचक निरीक्षण करेगी।

# संसद के शीतकालीन सत्र में कुल 19 विधेयक पारित : जोशी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



संसद के शीतकालीन सत्र के समापन के बाद केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को कहा कि इस सत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023, भारतीय न्याय संहिता-2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 समेत कुल 19 विधेयक पारित किए गए। प्रह्लाद जोशी ने राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता में कहा कि अनुच्छेद 370 से लेकर नई आपराधिक न्याय प्रणाली तक जो कुछ भी इन पांच वर्षों में हुआ, वह ऐतिहासिक है।

उन्होंने कहा कि चार दिसंबर को संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हुआ था और 21 दिसंबर को संपन्न हो गया। इन 18 दिनों में 14 बैठकें हुईं और दोनों सदनों में 19 विधेयक पास किए गए। जोशी ने कहा कि जिस दिन संसद की सुरक्षा में चूक का मामला आया उस दिन भी संसद चली। इस दौरान कांग्रेस के सदस्य भी मौजूद थे, लेकिन अचानक विरोध शुरू हो गया जबकि इसके पहले स्पीकर ने सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। उन्होंने कहा कि इसके पहले भी गंभीर घटनाएं घटीं और पिछली बार की तरह इस बार की घटना की भी जांच के आदेश दिए गए हैं।

# श्रीगंगानगर में पुलिस की 61 टीमों ने 112 बदमाशों को किया गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर शुक्रवार को बदमाशों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए एक दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें जिले भर के करीब 230 पुलिस कर्मियों की 61 टीमों ने 297 से अधिक स्थानों पर दबिश देकर 112 बदमाशों को गिरफ्तार किया। एसपी विकास शर्मा ने बताया कि डीजीपी उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एवं एडिशनल डीजीपी दिनेश एमएन के मार्गदर्शन में शुक्रवार को श्रीगंगानगर जिले में डकैती, चोरी, लूट के अपराधों में चालनशुधा अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। सभी थानों पर अल सुबह चार बजे पुलिस बल इकट्ठा कर उन्हें संबंधित एसएचओ और उच्च अधिकारियों द्वारा ब्रीफ किया गया। ब्रीफिंग के बाद पुलिस कर्मियों को दबिश के लिए रवाना किया गया। जिले में 230 पुलिस अधिकारी और कर्मियों की 61 टीमों द्वारा अपराधियों के 297 से अधिक स्थानों पर दबिश देकर कुल 112 वांछित अपराधी और असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार किया गया।

## वर्ल्ड न्यूज

### कोरोना घोटाला, सुजीत पाटकर की 12.2 करोड़ की संपत्ति जब्त



**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने कोरोना उपचार केंद्र घोटाला मामले में शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राऊत के नजदीकी सुजीत पाटकर की 12.2 करोड़ की संपत्ति जब्त की है। ईडी की यह कार्रवाई सुजीत पाटकर के साथ संजय राऊत के लिए भी करारा झटका मानी जा रही है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष किरीट सोमैया ने कोरोना कालखंड में कोरोना उपचार केंद्र का ठेका देने में बड़े पैमाने पर घोटाला किए जाने का आरोप लगाया था। इस मामले की छानबीन ईडी ने की और आज सुजीत पाटकर के तीन फ्लैट, म्यूचुअल फंड यूनिट, बैंक खाते और 3 फ्लैट समेत 12.2 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की है। मामले की छानबीन मुंबई पुलिस भी कर रही है।

### जॉर्जिया में कर चोरी के दोषी भारतीय मूल के शख्स को सजा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राज्य जॉर्जिया में 56 वर्षीय भारतीय मूल के टैक्स रिटर्न तैयार करने वाले शख्स को कर चोरी का दोषी पाए जाने पर दो साल जेल की सजा सुनाई गई है। स्टेट्सबोरो के समीर पटेल को संयुक्त राज्य अमेरिका को लगभग 550,000 डॉलर का मुआवजा देने, 95,000 डॉलर जुर्माना देने और जेल की अवधि पूरी होने पर तीन साल की निगरानी में रिहाई का आदेश दिया गया था।जॉर्जिया के दक्षिणी जिले के अमेरिकी अटॉर्नी जिल ई स्टाइनबर्ग ने कहा कि हमारे देश का अधिकांश परिचालन राजस्व आयकर प्रणाली में नागरिकों की वैध भागीदारी पर निर्भर है, और जो लोग अपनी जिम्मेदारियों से बचते हैं वे बाकी सभी पर अधिक बोझ डालते हैं।

### मूल्य नियंत्रण के लिए 3.46 लाख मीट्रिक टन गेहूं की बिक्री



**नई दिल्ली।** देश में चावल, गेहूं और आटे के खुदरा मूल्य को नियंत्रित करने के लिए 3.46 लाख मीट्रिक टन गेहूं और 13,164 मीट्रिक टन चावल की बिक्री की गई है। केंद्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के मुताबिक यह बिक्री 26वीं ई-नीलामी में की गई है। केंद्रीय मंत्रालय का कहना है कि भारत सरकार की बाजार में मूल्य नियंत्रण की पहल के एक हिस्से के रूप में, गेहूं और चावल दोनों की साप्ताहिक ई-नीलामी आयोजित की जाती है। 26वीं ई-नीलामी 20 दिसंबर को आयोजित की गई, जिसमें 4 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) गेहूं और 1.93 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) चावल की बोली लगाई गई थी।

### शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 241 और निफ्टी 94 अंक चढ़ा

**मुंबई।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 241 अंक की तेजी के साथ 71,106 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 94 अंक की तेजी रही। यह 21,349 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में तेजी और 10 में गिरावट देखने को मिली। रियल्टी सेक्टर में सबसे ज्यादा तेजी रही। लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया में शुरुआती कारोबार में करीब सात फीसदी का उछाल देखने को मिला और शेयर 821 रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। कंपनी का शेयर शुक्रवार को 7.39 फीसदी चढ़कर 821 के इंट्राडे हाई पर पहुंचा, जो 52-हफ्ते का उच्चतम स्तर है। हालांकि, बाद में शेयर नीचे आया और 3.62 फीसदी की तेजी के साथ 792.20 पर बंद हुआ।

# सांसदों के निलंबन के विरोध में जंतर-मंतर पर विपक्ष का प्रदर्शन

## खड़गे बोले- प्रधानमंत्री और गृह मंत्री देश के लोकतंत्र और संविधान को खत्म कर रहे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

विपक्षी सांसदों के निलंबन के विरोध में विपक्ष के घटक दलों के नेताओं ने शुक्रवार को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, एनसीपी प्रमुख शरद पवार, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव सीताराम येचुरी और राजद सांसद मनोज झा सहित अन्य विपक्षी दलों के नेता मौजूद रहे।




सांसदों के निलंबन के विरोध में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करते विपक्ष के घटक दल।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश के लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने का बीड़ा उठाया है। ये लोग दलितों, मजदूरों, महिलाओं और किसानों को कुचलने का काम कर रहे हैं। इसलिए हमने देश को बचाने के लिए गठबंधन बनाया है। खड़गे ने आगे कहा कि उच्च संवैधानिक पद पर बैठे लोग कहते हैं कि मैं इस जाति का आदमी हूं, इसलिए मुझे अपमानित कर रहे हैं। हमें सदन में नोटिस तक नहीं पढ़ने दिया जाता, तो क्या मैं ये कहूं कि मोदी सरकार दलित को बोलने भी नहीं देती। एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए विपक्ष एकजुट है। इसके लिए हम कोई भी कीमत चुकाने को तैयार हैं। समाजवादी पार्टी के सांसद राम गोपाल यादव ने कहा कि सांसदों का निलंबन अलोकतांत्रिक है। विपक्ष को बोलने से रोका जा रहा है। राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि लोकतंत्र की हत्या हो गई है। अब विपक्ष को मिलकर लोकतंत्र को पुनर्जीवित करना है। सीपीआई (एम) नेता सीताराम येचुरी ने कहा कि हमें उन लोगों से लोकतंत्र को बचाने की जरूरत है, जो वर्तमान में सत्ता में हैं। संसद में सुरक्षा चूक मुद्दे पर सरकार को जवाब देना चाहिए। उल्लेखनीय है कि संसद में हुई सुरक्षा चूक को लेकर दोनों सदन में प्रदर्शन कर रहे विपक्ष के 146 सांसदों को निलंबित कर दिया गया था। उसके विरोध में विपक्ष के घटक दलों ने आज देशव्यापी प्रदर्शन किया।

### बेरोजगारी पर मौन है मोदी सरकार : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार बेरोजगारी के मुद्दे पर मौन है। यह सरकार युवाओं को गुमराह कर रही है। बेरोजगारी का आलम ये है कि देश का युवा दिन में सात घंटे से अधिक सोशल मीडिया पर बिता रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि पिछले सप्ताह दो-तीन युवा लोकसभा में कूद गए। वे अंदर कैसे आए? संसद के अंदर वे गैस का सिलेंडर कैसे लाए? उन्होंने ये विरोध क्यों किया? उसका कारण क्या था?। यह गौर करने की बात है। राहुल ने कहा कि सुरक्षा में इतनी बड़ी चूक हुई लेकिन सरकार और मीडिया के लिए यह मुद्दा नहीं है।

# भारत के साथ ऊर्जा समझौता मील का पत्थर साबित होगा

**एजेंसी, काठमांडू**

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने कहा कि भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर की आगामी यात्रा के दौरान नेपाल और भारत के बीच हस्ताक्षरित होने वाला दीर्घकालिक ऊर्जा समझौता एक मील का पत्थर साबित होगा।

मई-जून में पुष्प कमल दहल की भारत यात्रा के दौरान, दोनों देश एक दीर्घकालिक ऊर्जा समझौते पर हस्ताक्षर करने पर सहमत हुए थे, जिसके तहत भारत 10 वर्षों में नेपाल से 10,000 मेगावाट बिजली का आयात करेगा। हालांकि, उस समय औपचारिक समझौते पर हस्ताक्षर नहीं हो सके थे। अब, दोनों देशों ने दीर्घकालिक अंतर-सरकारी ऊर्जा व्यापार समझौते को औपचारिक रूप दे दिया है, जिस पर जयशंकर की नेपाल यात्रा के दौरान हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। नेपाली पीएम दहल ने शुक्रवार को दूसरे सबसे बड़े ऊर्जा सबस्टेशन का उद्घाटन करते हुए कहा, जल्द ही हम भारत के साथ दीर्घकालिक ऊर्जा समझौते पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं, जिसका उद्देश्य भारत को बिजली निर्यात करना है। नेपाल-



**नेपाल में दूसरे सबसे बड़े ऊर्जा सबस्टेशन के उद्घाटन पर बोले प्रचंड**

भारत के बीच मध्यावधि और दीर्घकालिक ऊर्जा व्यापार समझौते पर काठमांडू में हस्ताक्षर किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके लिए वरिष्ठ भारतीय अधिकारी भी काठमांडू पहुंच रहे हैं।

25 साल के दीर्घकालिक समझौते की शुरुआत तब हुई जब दहल ने 31 मई से 3 जून के बीच भारत दौरा किया था। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दहल के साथ एक संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान घोषणा की थी कि पड़ोसी दीर्घकालिक बिजली व्यापार समझौते के तहत नेपाल से 10 वर्षों में 10,000 मेगावाट बिजली खरीदेगा।

# विरोध के बाद ब्रिटेन ने पारिवारिक वीजा के लिए वेतन सीमा ली वापस

**एजेंसी, लंदन**

व्यापक विरोध के बाद, यूके सरकार ने परिवार के सदस्यों को देश में लाने के लिए आवश्यक वेतन को जीबीपी 38,700 से जीबीपी 29,000 तक बढ़ाने की योजना को वापस ले लिया है। बीबीसी ने यह जानकारी दी। अनुमानित 300,000 गैर-ब्रिटेन, इनमें से कई भारतीय हैं, प्रवासन को कम करने की योजना के हिस्से के रूप में इस महीने की शुरुआत में जीबीपी 18,600 के वर्तमान स्तर से वृद्धि की घोषणा के बाद परेशान हैं। योजना में बदलाव की पुष्टि एप्सम के लॉर्ड शार्प ने एक संसदीय प्रश्न के उत्तर में की थी। उन्होंने कहा कि सीमा अब वसंत ऋतु में जीबीपी 29,000 तक बढ़ जाएगी, उसके बाद पूर्वानुमानितता देने के लिए वृद्धिशील चरणों में बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि योजना यह है कि इसे अंततः जीबीबी 34,500 और फिर जीबीपी 38,700 तक बढ़ाया जाए, लेकिन कोई तारीख नहीं दी गई। यू-टर्न पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विपक्षी लेबर ने कहा कि यह बदलाव सरकार की अराजकता को दर्शाता है। छाया गृह सचिव यवेट कूपर ने कहा कि मंत्री नई सीमा पर ठीक से परामर्श करने में विफल रहे हैं, यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि वे अब जल्दबाजी में पीछे हट रहे हैं। सरकार शुद्ध प्रवासन के बाद आगमन संख्या में कटौती करने के दबाव में थी। यूके आने और छोड़ने वाले लोगों की संख्या के बीच का अंतर, पिछले साल




रिकॉर्ड 745,000 तक पहुंच गया था। एक नीति दस्तावेज में कहा गया है कि नई सीमा इस वर्ष कानूनी प्रवासन में 300,000 की कटौती करने के सरकार के समग्र लक्ष्य में हजारों की कम कटौती का योगदान दे सकती है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सितंबर तक वर्ष में 82,395 परिवार-संबंधित वीजा जारी किए गए। जिसमें 79 प्रतिशत भागीदारों को, 13 प्रतिशत बच्चों को और 8 प्रतिशत अन्य रिश्तेदारों को जारी किए गए। रीयूनाइट फैमिलीज यूके, यूके वीजा नियमों पर एक अभियान समूह जिसने वेतन सीमा पर सरकार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की धमकी दी थी, ने कहा कि नई जीबीपी 29,000 सीमा अभी भी अधिकांश परिवारों के लिए बहुत अधिक है। समूह ने कहा कि सीमा को धीरे-धीरे बढ़ाने का सरकार का निर्णय आश्चर्यजनक है, और इसके बिना भी प्रक्रिया पहले से ही काफी जटिल है।

# बिग बॉस : ईशा मालविया बनीं नई हाउस कैप्टन

## लेटेस्ट एपिसोड में तीखी बहस के बाद फैसला



**मुंबई।** एक्ट्रेस ईशा मालविया ने कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो बिग बॉस में एक टास्क जीतने के बाद कप्तानी की कमान संभाल ली है। लेटेस्ट एपिसोड में तीखी बहस के बाद फैसला लिया गया। टास्क में घर वालों को दो टीमों में बांटा गया था, जिनके कप्तान नील भट्ट और विक्की जैन थे। नील ने अपनी टीम ए के लिए ऐश्वर्या शर्मा, अभिषेक कुमार, अरुण, रिंकू धवन और अनुराग डोभाल को चुना। विक्की ने बाकी कंटेस्टेंट्स को चुना और मुनव्वर संचालक थे। दोनों टीमों को उनके वर्कस्पेस पर रखा गया था, जहां उन्हें सेबों को बॉक्स में पैक करना था। टीम ए से ऐश्वर्या और टीम बी से अंकिता को क्वालिटी चेक मैनेजर्स के रूप में नियुक्त किया गया। काफी खींचतान के बाद, टीम बी ने सेब के दो बॉक्स के साथ टास्क जीत लिया, टीम ए के बॉक्स को टास्क के क्वालिटी चेक सेगमेंट में अस्वीकार कर दिया। ऐश्वर्या ने पहले अप्रूव्ड बॉक्स को दोबारा चेक करने की मांग की, लेकिन मुनव्वर ने इनकार कर दिया। टीम बी को अगला कप्तान बनाने के लिए टीम में से एक व्यक्ति को चुनने के लिए कहा गया। काफी चर्चा के बाद कंटेस्टेंट्स ने दो नाम अंकिता लोखंडे और ईशा मालवीय दिए। लेकिन उस पर भी बहस हो गई। जिसके बाद बिग बॉस को हस्तक्षेप करना पड़ा और फैसला न ले पाने पर कंटेस्टेंट्स को फटकार लगाई। कुछ ही देर बाद टीम बी ने फैसला किया और ईशा को कप्तान घोषित कर दिया।

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

**बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम**

**मेष :** आज का दिन मेष राशि वालों के लिए मिश्रित फलदायी होगा। परिश्रम अधिक और लाभ कम रहेगा। कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं। यात्रा न करें। आज आपको अपनी शारीरिक क्षमता से अधिक कार्य करना पड़ सकता है। पूंजी-निवेश करने के लिए ध्यान रखें। आध्यात्मिकता के प्रति रुचि अधिक रहेगी।

**वृषभ :** कलात्मक कार्य में आपकी रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से सहयोग प्राप्त करेंगे। शेयर में निवेश कर सकते हैं, लाभ होगा। व्यापार में नए लाभदायक संपर्क होंगे। परिजनों और मित्रों के साथ आमोद-प्रमोद का वातावरण रहेगा।

**मिथुन :** आज जिम्मेदारियों को निभाने का दिन है। सुबह से ही अपने अंदर नई शक्ति और उर्जा महसूस करेंगे। संघर्ष के बाद सफलता मिलेगी एवं धन लाभ भी प्राप्त होगा। व्यावसायिक क्षेत्र में कार्य की प्रशंसा होने से उत्साह बढ़ेगा। साथ काम करने वालों से सहयोग मिलेगा।

**कर्क :** बुद्धि-विवेक से सफलता आपके कदम चूमेगी। दिन की शुरुआत कार्य-व्यवहार से जुड़ी समस्याओं को हल करने से होगी। मनोरंजन कार्य में समय अधिक बीतेगा। यात्रा मंगलमय रहेगी। परिजनों के साथ समय आनंदपूर्वक बिता पाएंगे। व्यवसाय में प्रमोशन की संभावना है।

**सिंह:** आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। आज आपकी वाणी और व्यवहार वाद-विवाद का कारण बन सकता है। आज सभी कार्य सावधानीपूर्वक करें। अनजाने में कही गई सही बात भी आपके लिए गलत हो सकती है। स्वास्थ्य संबंधी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या :** आज सभी कार्य सरलतापूर्वक हल होंगे और उनमें सफलता मिलेगी। सभी जगह अनुकूल परिस्थिति निर्मित होगी। सरकारी कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। आज कोई नया प्रोजेक्ट आरंभ करना शुभ रहेगा। कार्यक्षेत्र में अनुभवी लोगों से सहयोग मिलेगा। जीवन में माता-पिता से सहयोग लें।

**तुला :** आज का दिन आपका शुभ होगा। धन लाभ के योग है। परिश्रम करेंगे और मनोवांछित फल प्राप्त करने के नतीजे सामने आते जाएंगे। किसी भी कार्य को करेंगे तो उसमें लाभ होगा। व्यापार के क्षेत्र में साझेदारों के साथ संबंधों में सकारात्मकता बढ़ेगी। वस्त्राभूषणों की खरीदारी से मन आनंदित होगा।

**वृश्चिक:** आज बिना विचार किए साहसपूर्ण कार्य करें, सफलता साथ देगी। भावनात्मक संबंध स्थापित होंगे। परिवार में आनंद और उल्लास का माहौल रहेगा। सिद्धि प्राप्त होगी। यश कीर्ति प्राप्त होने में सरलता रहेगी। मित्रों के साथ प्रवास का आनंद लेंगे। सरकारी क्षेत्र के कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होंगे।

**धनु:** आज आपका मन चलायमान रहेगा। आज बिना सोच-विचार किए कोई कार्य न करें। अनावश्यक खर्च से बचें। शुभ कार्य आरंभ करने से पहले कुल देवी और देवता का ध्यान करें। आज खान-पान घर का ही करें तो लाभदायी रहेगा। नकारात्मकता विचार मन में न आने दें।

**मकर :** आकस्मिक खर्च अधिक होंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। कुसंगति से बचें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। वाणी संयम रखते हुए कार्य करें। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति के योग हैं। व्यापार, नौकरी में रुकावटों का सामना करना पड़ सकता है। यात्रा न करें।

**कुंभ :** आज दिनभर व्यस्तता रहेगी। आलस्य से मुक्ति मिलेगी और तरोताजगी के साथ कार्यक्षेत्र में जुटे रहेंगे। परिवार समेत धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं। अपने ईष्ट और देवी-देवता के दर्शन से मनोकामना पूर्ण होगी। विद्यार्थियों को अभ्यास में सफलता प्राप्त होगी।

**मीन :** आज जितना विश्वास आप भाग्य पर करें उतना ही भरोसा स्वयं पर करें। आध्यात्मिक सिद्धियां प्राप्त करने का सर्वोत्तम योग आज बन रहा है। घर में कोई मांगलिक कार्य या उसकी तैयारी हो सकती है। व्यापारियों को लाभ। प्रतिस्पर्धी परास्त होंगे। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बना रहेगा।

## आज का पंचांग

(23 दिसंबर, 2023)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** मार्गशीर्ष, **शुभ मुहूर्त:** अभीजित सुबह 11:59 -12:40 दोपहर तक, **तिथि :** एकादशी 07:14 सुबह तक, **नक्षत्र :** भरणी 09:19 रात्रि, **पक्ष :** शुक्ल
**राहुकाल :** सुबह 09:45 -11:02 सुबह तक

सूर्योदय : 07:10 | सूर्यास्त : 05:29

## व्रत त्योहार

- निम्बार्क वैष्णव समुदाय आज मनाएगा मोक्षदा एकादशी।
- मत्स्य द्वादशी आज।
- प्रदोष व्रत कल।

**सुविधा** पालना योजना के तहत आंगनबाड़ी-सह-क्रेच पर व्यापक मानक संचालन प्रक्रिया जारी

# महिला-बाल विकास मंत्रालय देश में खोलेगा 17,000 क्रेच

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय पालना योजना के तहत देशभर में 17,000 क्रेच केंद्र खोलेगा। इस योजना के तहत अब तक 5222 क्रेच को मंत्रालय मंजूरी दे चुका है। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को कार्यबल में सक्रिय रूप से भाग लेने में सक्षम बनाना है। इससे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में असंगठित क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं और उनके बच्चों की देखभाल में मदद मिल सकेगी।

योजना के तहत मौजूदा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के साथ दो अतिरिक्त क्रेच कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। इस संबंध में वीरवार को पालना योजना के तहत आंगनबाड़ी-सह-क्रेच पर व्यापक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की गई है। विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता उस महिला तक पहुंचना है जो अपना घर छोड़कर दूसरे घर में काम करके अपनी आजीविका कमाती है, वह महिला जो खेतिहर मजदूर के रूप में काम करती है, महिला जो श्रमिक के रूप में काम करती है और आर्थिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान करती है, ताकि वह अपनी आजीविका के साथ-साथ अपने बच्चों को एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने में सक्षम हो सके। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार उन राज्यों को अपना समर्थन देगी जो प्रस्तावित संख्या से अधिक आंगनबाड़ी एवं क्रेच खोलना चाहते हैं। उन्होंने राज्यों को अपने-अपने क्षेत्रों में निर्माण स्थलों का मूलभूत मूल्यांकन करने और शहरी और उप-शहरी क्षेत्रों को चिह्नित करने का निर्देश दिया, जहां संगठित और असंगठित क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी अधिक है, ताकि क्रेच के निर्माण के लिए उपयुक्त स्थलों की पहचान की जा सके।

### दो अतिरिक्त क्रेच कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की होगी प्रतिनियुक्ति




सचिव इंदीवर पांडे ने कहा कि आंगनबाड़ी-सह-क्रेच (पालना) योजना का उद्देश्य विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में अर्थव्यवस्था के विकास में भागीदारी कर रही महिलाओं की समस्या को संबोधित करना है, जहां परिवार के सदस्यों से बच्चों की देखभाल के लिए सहायता उपलब्ध नहीं है और योगदान की सुविधा के लिए संस्थागत समर्थन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पालना योजना के तहत मौजूदा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आंगनबाड़ी सहायिकाओं के साथ दो अतिरिक्त क्रेच कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। इस मौके पर राज्यमंत्री डॉ. मुंजपारा महेंद्रभाई के साथ कई अधिकारी मौजूद रहे।

प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099, ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com, फोन नंबर : 01892-299098, 98168-75517